राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ,बुधवार , 02 अप्रैल 2025

वर्ष 06,अंक 183, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



थाना मेजा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरों के गिरोह का भण्डाफोड़...08

आंगनबाड़ी कार्यकर्ती चयन प्रक्रिया चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट...12


## पीएम मोदी ने चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक का किया स्वागत, आर्थिक भागीदारी पर चर्चा



**नई दिल्ली।** चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट मंगलवार को पांच दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में राष्ट्रपति बोरिक का स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और चिली के संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। खास बात यह है कि आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत और चिली ने चार महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति गेब्रियल से मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, भारत एक खास मित्र का स्वागत करता है! दिल्ली में राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट की मेजबानी करना हमारे लिए खुशी की बात है। चिली लैटिन अमेरिका में हमारा एक महत्वपूर्ण मित्र है। आज की हमारी बातचीत भारत-चिली द्विपक्षीय मैत्री को और भी मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे लिखा, ÷हम चिली के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के इच्छुक हैं। इस संबंध में, राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट और मैं इस बात पर सहमत हुए कि व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए चर्चा शुरू होनी चाहिए। हमने महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष और कृषि जैसे क्षेत्रों पर भी चर्चा की, जहां नजदीकी संबंध संभव हैं। खास तौर पर स्वास्थ्य सेवा में भारत और चिली को और भी करीब आने की काफी संभावना है। चिली में योग और आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता खुशी की बात है। सांस्कृतिक और छात्र विनिमय कार्यक्रमों के जरिए हमारे देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को गहरा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वहीं, राष्ट्रपति गेब्रियल ने एक्स पर लिखा, नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हम भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते के समतुल्य, एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर पहुंचने के लिए वार्ता शुरू होने की घोषणा करते हैं। यह जबरदस्त खबर आज की दुनिया में ऐसे महत्वपूर्ण देश के साथ मिलकर काम करने की हमारी प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप देती है। यह उन समझौतों के अतिरिक्त है, जिन पर हमने खनन प्रशिक्षण एवं अन्वेषण, आपदा प्रबंधन, तथा सांस्कृतिक एवं अंटार्कटिक क्षेत्रों में सहयोग के संबंध में हस्ताक्षर किए हैं। हम अधिक निवेश और रोजगार, अपनी अर्थव्यवस्था के विविधीकरण तथा भारत जैसे मित्र देश के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखेंगे।÷

## सीएम रेखा गुप्ता ने प्रदूषण से संबंधित कैग रिपोर्ट विधानसभा में की पेश



**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में प्रदूषण और उसके रोकथाम से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों की संख्या केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुरूप नहीं थी, जिसके चलते वायु गुणवत्ता सूचकांक का डेटा अविश्वसनीय रहा। उचित निगरानी के लिए आवश्यक प्रदूषक सांद्रता डेटा उपलब्ध नहीं था और लेड के स्तर की माप भी नहीं की गई। प्रदूषण स्रोतों पर वास्तविक समय का डेटा न होने से जरूरी अध्ययन नहीं हो सके। वाहनों से होने वाले उत्सर्जन का कोई आकलन नहीं किया गया, जिससे स्रोत-विशिष्ट रणनीतियां बनाने में मुश्किलें आईं। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि 24 निगरानी स्टेशनों में से 10 में बेंजीन का स्तर तय सीमा से अधिक था, लेकिन पेट्रोल पंपों से होने वाले उत्सर्जन की प्रभावी निगरानी नहीं हुई। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था भी चिंता का विषय रही। दिल्ली में 9,000 बसों की आवश्यकता के मुकाबले केवल 6,750 बसें उपलब्ध थीं। बस प्रणाली में संचालन संबंधी अक्षमताएं, जैसे बसों का ऑफ-रोड रहना और तर्कहीन मार्ग योजना, भी सामने आईं। साल 2011 के बाद ग्रामीण-सेवा वाहनों की संख्या में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, जबकि जनसंख्या लगातार बढ़ी और पुराने वाहन प्रदूषण बढ़ाते रहे। वैकल्पिक परिवहन साधनों (मोनोरेल, लाइट रेल ट्रांजिट, ट्रॉली बस) के लिए आवंटित बजट पिछले सात वर्षों से अप्रयुक्त पड़ा रहा। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि सार्वजनिक परिवहन बसों की उत्सर्जन जांच, जो माह में दो बार अनिवार्य है, नियमित रूप से नहीं हुई। प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र जारी करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आईं, जिसमें अत्यधिक उत्सर्जन वाले वाहनों को भी पास कर दिया गया। प्रदूषण जांच केंद्रों का कोई निरीक्षण या थर्ड पार्टी ऑडिट नहीं हुआ। आधुनिक तकनीकों, जैसे रिमोट सेंसिंग डिवाइस, को अपनाने में देरी और वाहन फिटनेस परीक्षणों का ज्यादातर मैन्युअल तरीके से होना भी चिंताजनक रहा। वित्त वर्ष 2018-19 में 64 प्रतिशत वाहन, जो फिटनेस परीक्षण के लिए नियत थे, परीक्षण के लिए नहीं पहुंचे। स्वचालित वाहन निरीक्षण इकाइयों का उपयोग न्यूनतम रहा और बिना उचित परीक्षण के फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किए गए। दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद, विधानसभा में आबकारी नीति से संबंधित रिपोर्ट, स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित रिपोर्ट और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) से संबंधित रिपोर्ट सहित अब तक पांच कैग रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी जा चुकी हैं।

## थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट का 01 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** श्रीमान् पुलिस आयुक्त अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-31.03.2025 को 03 अभियुक्त 1. रमा भारतीया पुत्र सूर्यबली भारतीया निवासी वार्ड नं0-04 थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज 2. मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद बाऊल निवासी वार्ड नं0-04 थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज 3. अनिल कुमार पुत्र हरिशचन्द्र यादव निवासी ग्राम मुंगरांव थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत कटहरा बाजार के पास से लूट की 01 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना सरायममरेज पर मु0अ0सं0-56/2025 धारा-309(4)/317(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । दिनांक 03.01.2025 को भुवनेश्वर नारायण मिश्र पुत्र कैलाशनाथ निवासी ग्राम चौका थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज मोबाइल फोन से बात करते हुए अपने घर से वारी जा रहे थे तभी 02 मोटरसाइकिल सवार 04 अज्ञात लोगों द्वारा उनका मोबाइल फोन छीन लिया गया तथा उक्त मोबाइल फोन को अपना बताकर थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चफला निवासी मंगलेश कुमार पुत्र रमेश कुमार को बेच दिया गया था । पीड़ित भुवनेश्वर नारायण मिश्र उपरोक्त द्वारा अपनी छिनी गई मोबाइल मंगलेश कुमार द्वारा चलाये जाने की जानकारी होने पर उनसे सम्पर्क किया तो मंगलेश कुमार द्वारा खरीदे गये मोबाइल के बारे में सारी बात बतायी गयी ।

पीड़ित भुवनेश्वर नारायण मिश्र उपरोक्त द्वारा थाना सरायममरेज पर सूचना देकर छिनैती करने वाले व्यक्तियों से सम्पर्क कर मोबाइल फोन वापस करने की बात की गयी जिस पर उनके द्वारा दिनांक 31.03.2025 को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत कटहरा बाजार में आकर उक्त मोबाइल वापस ले जाने व मंगलेश कुमार के पैसे वापस करने की बात कही गयी । थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा दिनांक 31.03.2025 को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत कटहरा बाजार से 03 अभियुक्त 1. रमा भारतीया पुत्र सूर्यबली भारतीया निवासी वार्ड नं0-04 थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज 2. मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद बाऊल निवासी वार्ड नं0-04 थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज 3. अनिल कुमार पुत्र हरिशचन्द्र यादव निवासी ग्राम मुंगरांव थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से लूटी गयी 01 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद किया गया ।

उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना सरायममरेज पर मु0अ0सं0-56/2025 धारा-309(4)/317(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-03.01.2025 को हम लोगों द्वारा थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत जरियार वीर बाबा मन्दिर के पास फोन पर बात करते हुए 01 व्यक्ति का मोबाइल फोन छीना गया था । उक्त मोबाइल को हम लोगों द्वारा थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चपला निवासी मंगलेश को 14000/- रूपये में बेच दिया गया था तथा उक्त रूपयों को आपस में बांट लिया गया था

## संक्षिप्त ख़बरें

### सड़क हादसे में बाइक सवार मां और बेटे को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मां की मौत

**बिसवां/सीतापुर।** सड़क हादसे में बाइक सवार मां और बेटे को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मां की मौत हो गयी। सोमवार को पैंतेपुर थाना महमूदाबाद निवासी अनुराग अपनी मां निर्मला देवी के साथ पैंतेपुर से बिसवां की ओर जा रहा था। महमूदाबाद रोड पर कोठीपुरवा के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में मां और बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें सीएचसी बिसवां ले जाया। जहां डाक्टरों ने निर्मला देवी पत्नी मंशाराम को मृत घोषित कर दिया। यह सुनकर परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं बुरी तरह से घायल अनुराग का इलाज जारी है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्यवाही करने की मांग

मिश्रिख़ (सीतापुर) थाना संदना के ग्राम रसूलवा निवासिनी केशना देवी पत्नी कृष्ण पाल ने थाना प्रभारी को एक शिकायती पत्र



देकर आरोप लगाया है। कि उसके मकान के सामने उसकी खाली भूमि पड़ी है। जिसमें एक नीम का पेड़ भी खड़ा है। उसी भूमि पर आरोपी दिनेश पुत्र मायाराम जबरिया शौंचालय का निर्माण करा रहे हैं। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी अपने अन्य साथियों को लेकर आमांदा फौजदारी हो गया। और पीड़िता व उसकी पुत्री अश्लील गालियां देते हुए लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता ने मांमले का शिकायती पत्र थाना प्रभारी को देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की हैं।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित 3 अप्रैल को श्रृंगवेरपुर धाम के भ्रमण के दृष्टिगत की जा रही

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिनांक 03 अप्रैल, 2025 को श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त तरूण गाबा, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के द्वारा मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया गया। उन्होंने निषादराज पार्क, हेलीपैड, जनसभा स्थल, प्रदर्शनी स्थल, ओडीओपी स्टॉल एवं पार्किंग व अन्य स्थानों का भ्रमण कर निरीक्षण किया एवं सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड व अन्य स्थलों पर साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन, यातायात, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित कराये के निर्देश दिए है। वरिष्ठ



अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगो के आने और जाने के मार्ग की जानकारी ली गयी और उनके बैठने की व्यवस्था, पेयजल और मोबाइल टॉयलेट की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आने वाले वाहनों को निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही आवागमन सुनिश्चित करने और पार्किंग मैनेजमेंट की बेहतर व्यवस्था करने के लिए कहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मां चांद्रिका देवी मंदिर में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने किए दर्शन



स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ की बीकेटी क्षेत्र में स्थित सुप्रसिद्ध शक्ति पीठ मां चांद्रिका देवी मंदिर मे मंगलवार को प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मां चांद्रिका देवी के दर्शन किए । नवरात्रि के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने कठवारा स्थित मां चंद्रिका देवी में विधि विधान से हवन पूजन कर मां चांद्रिका के दर्शन कर प्रदेश वासियों के मंगल एवं स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए मां चांद्रिका देवी मंदिर का भ्रमण किया । नवरात्रि के शुभ अवसर पर तीसरे दिन मंदिर प्रांगण में मां चांद्रिका देवी में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भक्तगणों द्वारा मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य एवं भाजपा कार्यकर्ताओं सहित भाजपा पार्टी के पदाधिकारीयों की मौजूदगी रही ।

**आरोप** अंबेडकर नगर महरुआ थाना क्षेत्र के अतरौरा डरीडीहा निवासी शिवकुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर लगाया हत्या का आरोप

## अजय कुमार की जेल में हुई मौत परिवार वालों ने थाना अध्यक्ष और जेल प्रशासन पर लगाया मौत का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

अजय कुमार और अनिल कुमार के बीच कुछ गाली गलौज की रिकॉर्डिंग सामने आई थी उसी रिकॉर्डिंग को विपक्षी अनिल कुमार ने वायरल कर दिया था जिसे लेकर उन्माद ना पैदा हो पुलिस द्वारा अजय कुमार को पकड़ कर ले गई थी जिसमें पुलिस द्वार उसी दिन उसका चलान उप जिला अधिकारी भीटी सदानंद सरोज द्वारा जेल भेज दिया गया इसके बाद अजय कुमार निषाद की जेल में मौत हो जाती है पीड़ित के परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि हमारे बेटे को पुलिस ने काफी मारा पीटा जिसके कारण जेल में उसकी मौत हो गई मौत के बाद जेल प्रशासन ने परिवार वालों को सूचित किया कि उक्त व्यक्ति की मौत हो गई है जब गांव से परिवार वाले जेल पहुंचे तो जेल के अधिकारियों ने परिवार वालों से नहीं मिलने दिया बताया कि अजय कुमार को अस्पताल भेज दिया गया है लेकिन जब परिवार वाले अस्पताल पहुंचते हैं तो वहां भी पीड़ित का शव नहीं मिलता है उसके बाद पुलिस वालों ने बताया कि लाश को मर्चरी हाउस भेज दिया गया है जब परिवार वाले मर्चरी हाउस पहुंचे तो वहां पीड़ित की लाश देखा तो उसके कान और नाक से खून बह रहा था और सर के पीछे चोट लगी थी इस विषय पर जब परिवार वालों से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि हमारे बेटे को थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने काफी मारा पीटा गया था जिसके कारण जेल में उसकी मौत हो गई वहीं जेल प्रशासन पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है शिवकुमार ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही के कारण हमारे बेटे की मौत हुई है जिसमें अनिल कुमार भी शामिल है जेल भेजवाने में गांव के कुछ दबंग व्यक्तियों का हाथ भी है पुलिस प्रशासन की देखरेख में शव को दफनाया गया भारी भीड़ जमी हुई थी जिसमें विधायक धर्मराज निषाद जिला अध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा मंडल अध्यक्ष रनेश पांडे अहिरौली पुलिस भीटी पुलिस महरुआ पुलिस क्षेत्राधिकार सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।




### स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानने के लिए क्षेत्रीय विधायक ने किया औचक निरीक्षण

**कछौना, हरदोई।** आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके, जिसकी जमीनी हकीकत को जानने के लिए क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया, पंजीकरण कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी, टीवी दवा वितरण कक्ष, मरीज भर्ती कक्ष का निरीक्षण किया।

प्रांगण में घास झाड़ी गंदगी को देखकर नगर पंचायत को विधिवत सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देश दिया। मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ की जानकारी ली, उन्होंने सख्त लहजे में कहां डॉक्टर बाहर की दवाई मरीजों को न लिखें, अस्पताल में सभी दवाएं उपलब्ध हैं, उन्हें मरीजों को उपलब्ध कराएं। वर्तमान समय गर्मी मौसम में मच्छर जनित बीमारी ज्यादा होती है। सरकार द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को अच्छे तरीके से क्रियान्वयन किया जाए, कोई शिकायत होने पर ठोस कदम उठाएं। ग्राम प्रधानों व ग्राम सभा की स्वच्छता समिति व नगर की स्वच्छता समिति से समन्वय बनाकर ग्राउंड लेवल पर कार्य करें।

# संक्षिप्त ख़बरें

## समय माता मन्दिर गुरचिहवा रामकथा में जुट रही भारी भीड़



**बलरामपुर।** समय माता मन्दिर गुरचिहवा विकास खण्ड पचपेड़वा में नवरात्रि प्रतिपदा से रामकथा. का आयोजन चल रहा है। कथा वाचिका साध्वी साधना के मधुर कंठ से रामकथा सुनने के लिये आस पास के गावों से भारी भीड़ जुट रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित तिवारी ने किया इस कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं की संख्या काफी हो रही है। संगीत मई राम कथा में महिला व पुरुष भाव विभोर हो जाते है। मन्दिर कमेटी के प्रबन्धक सतीश चन्द्र उर्फ पप्पू मिश्रा, गिरिजेश पाण्डेय, राम पाल यादव उर्फ छैलू यादव, अमित तिवारी एडवोकेट, रामलोटन मौर्या रवि गुप्ता गुड्डू प्रजापति पत्रकार रमेश कुमार यादव विजय पाल प्रजापति कल्लू भूज, कल्लू नेता, हरीराम प्रजापति, राम दास प्रजापति, रामसेवक, अखिलेश्वर पाण्डेय धाने, आदि लोग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं पचपेड़वा पुलिस द्वारा शान्ति बनाये रखने के लिए जवानो की डियूटी भी लगाई जा रही है।

## किशोर की मौत के मामले में रूरू अजय सिह का बड़ा बयान



**बस्ती।** बस्ती जिले के उभाई में एक किशोर की मौत का मामला लगातार राजनीतिक रंग लेता जा रहा है।मौत के पीछे पुलिस की पिटाई असली वजह बताई जा रही है। हालांकि इस मामले में मजिस्ट्रेटियल जांच भी शुरू हो गई है ।वहीं लगातार परिजनों के घर पर सपा ,कांग्रेस सहित अन्य तमाम दलों के बड़े नेता पहुंच रहे हैं। इस मामले में हरैया विधायक अजय सिंह पर एक सिपाही को बचाने का भी आरोप तेजी से लगाया जा रहा है ।जिस पर हरैया विधायक अजय सिंह ने आज उभाई गांव में पहुंचकर परिवार के लोगों से मुलाकात किया उनका दर्द सुना है। विधायक में जानकारी देते हुए बताया कि मेरा कोई गनर वह सिपाही नहीं था जिस पर पिटाई का आरोप है ।इसके साथ ही विधायक ने कहा कि जिस थानाध्यक्ष को बचाने का आरोप लगाया जा रहा है वह केवल सिंह लिखता है ,जबकि वह मेरा कोई रिश्तेदार नहीं है वह सैथवार बिरादरी का है ।इसके साथ ही विधायक ने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ पहले दिन से खड़े थे और आगे भी खड़े रहेंगे। उन पर जो लोग भी जातीय राजनीति का आरोप लगा रहे हैं वह सभी आरोप पूरी तरह निराधार है।

## कर्मचारियों ने फूंकी यूपीएस की प्रतियां, पुरानी पेंशन की मांग



**बस्ती।** बस्ती जिले में मंगलवार को पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कृषि भवन के निकट यूपीएस की प्रतियां जलाई। मांग किया कि केन्द्र और राज्य की सरकार पुरानी पेंशन नीति को बहाल करे, यूपीएस की नीतियां कर्मचारी विरोधी है और इस नियम से सेवा निवृत्ति के बाद उनका जीवन पूरी तरह से असुरक्षित है।यूपीएस को काला कानून बताते हुये कर्मचारी नेताओं ने मांग किया कि पुरानी पेंशन नीति को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाय। यूपीएस की प्रतियां जलाकर विरोध करने वालों में मुख्य रूप से यूपी एग्रीकल्चरल डिपार्टमेन्ट मिनीस्ट्रीय सर्विसेज एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, उत्तर प्रदेश सरकार स्टेनोग्राफर महासंघ के सचिव डीएन वर्मा, अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के मण्डल अध्यक्ष अम्बिकेश प्रताप सिंह के साथ ही सूरज वर्मा, पवन मिश्रा, दिलीप, विजय, दीनानाथ, अमित चौधरी, दुर्गेश, राजेन्द्र चौधरी, जितेन्द्र मिश्र, वीरेन्द्र दूबे, धीरज मौर्य, क्षितिज वर्मा, सन्तोष कुमार, वृजेश निषाद, सुरेन्द्र चौधरी, संदीप अमेटा, अमित, हरिओम पटेल, सुमित कुमार, हरिलाल जैसवार, रामकृष्ण शुक्ल, मुकेश कुमार के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के लोग शामिल रहे।

# लड़खड़ाते हुए पटरी पर चल रहा चोली और दामन का साथ

● पत्रकारों के उत्पीड़न की बढ़ रही घटनाएं

स्वतंत्र प्रभात




**बलरामपुर।** किसी समय में पुलिस और पत्रकार का साथ चोली दामन का साथ माना जाता कहा जाता था परन्तु यह भी सत्य है। की अब चोली और दामन दोनों में काफी कमी होती जा रही है। माना जा सकता है कि जब न चोली है और न दामन है तो साथ कैसा इन शब्दों को लिखने की आवश्यकता इसलिए पड़ी कि वर्तमान परिस्थिति में पत्रकार - और पत्रकारिता पर घोर संकट दिखाई पड़ रहा है सीतापुर के पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की हत्या 8 मार्च को हो गई जो इस बात का जीता जागता सबूत है। इसी प्रकार बहराइच में एक प्रेस कांफ्रेस में जा रहे 8 पत्रकारों की मोटर सायकिलों का बहराइच पुलिस ने चालान कर दिया लखीमपुर खीरी में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले पत्रकारदीपक पंडित को जेल भेज दिया ।इ0 चालानों व पत्रकारों को जेल भेज कर पुलिस क्या संदेश देना चाहती। यह तो वही जाने। लेकिन पत्रकारिता को समाज का दर्पण कहा जाता था जिस पर यू पी पुलिस काली कपड़ा डाल कर दर्पण को ही ढकने का काम किया है। इससे बड़ा और चौंकाने वाला मामला देखने को मिला जब सादुल्लह नगर के पत्रकार अशोक पाल ने सोशल मीडिया पर रोते हुये यहा कहा कि पुलिस मुझे परेशान कर रही है मेरे ऊपर गम्भीर धाराओं में मुकदमा लिख कर मुझे जेल भेजना चाहती है। इसके अलावा भी अशोक पाल ने कई आरोप लगाये इस पुलिस अधीक्षक बलरामपुर ने जबाब भी दिया है कि यह दो भाइयों के बंटवारे का मामला है पुलिस ने दोनों भाइयों का बंटवारा करा दिया है। अभी बीते सप्ताह पड़ोसी देश नेपाल में राजशाही की पुनः वहाली की मांग हो रहे आन्दोलन का कवरेज कर रहे एक पत्रकार बन्धू को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है। पूर्व से भी पत्रकारों के उत्पीड़न की घटनायें सामने आती रही है। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ जी समय समय पर पत्रकारों की सुरक्षा सर्वोपरी रखने का दावा करते रहे हैं। उच्चतम न्यायालय का आदेश समय समम पर आता रहता है कि पत्रकारों से सूत्र पूछने जैसा काम नहीं किया जा सकता इन सबके बावजूद भी यदि पत्रकोरों के उत्पीड़न व हत्या की जैसे मामले आ रहे हैं। तो स्वयं समझ में आ जाना चाहिये कि पुश्त दर पुश्त चले आ रहे चोली दामन के साथ में दरार का गई है।

## छपिया सुखरामपुर में गेहूं के खेत में अज्ञात कारण से लगी आग




**जरवा(बलरामपुर)** थाना तुलसीपुर अंतर्गत भाजपा के पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू के छपिया सुखरामपुर स्थित गेहूं के खेत में अज्ञात कारण से लगी आग में लगभग 4 बीघा गेहूं की फसल खाक ग्राम छपिया सुखरामपुर निवासी सरदार पहलवान सिंह ने बताया कि हम अपने खेत में गेहूं फसल की तैयारी देख रहे थे कि अचानक विधायक शैलू सिंह के खेत में जलते हुए आग की लपटें देखी हमने फौरन दमकल की टीम को फोन किया तथा गांव वालों को इकट्ठा कर उनकी मदद से आग को बुझाने में लग गया। दमकल की टीम आने में देर लगी तो हमने ब्लॉक प्रमुख जगदंबा सिंह शक्ति को फोन किया शक्ति सिंह के फोन पर दमकल की टीम देवीपाटन मेले से आकर पहुंची और आग पर काबू पाते तब तक चार बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो चुकी थी।

## प्राथमिक विद्यालय चमरहिया हर्रैया,नव प्रवेषोत्सवऔर स्कूल चलो अभियान कार्य क्रम पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के प्राथमिक विद्यालय चमरहिया हर्रैया, में विद्यालय के नये सत्र के प्रारंभ के अवसर पर नव प्रवेषोत्सव और स्कूल चलो अभियान कार्य क्रम पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम माँ सरस्वती के टीवीचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर प्रधानाध्यापिका भारती शुक्ला ने कार्य क्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय में नामांकन को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत शोभायात्रा निकाल कर सभी ग्राम वासियों एवं अभिभावकों से संपर्क किया गया। सब पढ़े, आगे बढे। सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा। शिक्षा है सबका अधिकार। हर घर में एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा आदि संदेश के साथ बच्चे उद्घोष कर रहे थे। नये शिक्षा सत्र के शुभ अवसर पर नये बच्चों को प्रवेश दिया गया। विद्यालय को सजाया गया। बच्चों को तिलक, लगाकर तथा मिष्ठान से स्वागत किया गया। बच्चों को विद्यारंभ संस्कार मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका भारती शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत शिक्षा रोचक प्रभावी तथा गुणवत्ता युक्त हो गई है। शिक्षा के द्वारा बच्चों के कोमल मन को संस्कार के साथ शिक्षित करने की संकल्पना है। सरकार बच्चों को निःशुल्क यूनीफॉर्म, बैग, जूता मोजा, स्वेटर फल, दूध और मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। आपरेशन कायाकल्प से विद्यालय में भौतिक संसाधन और सौन्दर्य तथा हरियाली युक्त शिक्षा का वातावरण विकसित हो रहा है। योग प्राणायाम, खेल, चित्र कला के द्वारा बच्चों के संतुलित व्यक्तित्व निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक अध्यापक सुरभि पटेल, विजय कुमार, रसोइया कौशिल्या, उर्मिला के साथ छात्र छात्राओं और अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।

# पीड़ित ग्राम प्रधान ज्योति देवी ने उच्च अधिकारियों से फर्जी हस्ताक्षर की जांच कर कार्यवाही की किया मांग

● पूरे कार्यकाल में हुए भुगतान के हस्ताक्षर की हो जांच- ज्योति देवी पीड़ित ग्राम प्रधान- बैंक के अलावा किसी अन्य सरकारी भुगतान के कागजातों पर हमने हस्ताक्षर नही किया- ज्योति देवी पीड़ित ग्राम प्रधान

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के साहूघाट विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़वारा की ग्राम प्रधान ज्योति देवी अपने अधिकार के लिए दर - दर भटक रही है और उच्च अधिकारियों से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है । पीड़ित ग्राम प्रधान ने पति वीरेन्द्र चौधरी एवं सचिव पर फर्जी हस्ताक्षर के सहारे सरकारी धन हड़पने समेत अन्य गंभीर आरोप लगाया है । पीड़ित ग्राम प्रधान ने अपने पति व सचिव के द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर अपने कार्यकाल में हुए समस्त भुगतान पर किये गये हस्ताक्षर की जांच की मांग किया है । पीड़ित ग्राम प्रधान ने मीडिया को बताया कि हम जब से ग्राम पंचायत ओड़वारा की ग्राम प्रधान पद का कार्यभार ग्रहण किया है तब से मात्र बैंक के कागजातों पर हस्ताक्षर किया है न तो किसी बैठक में न तो किसी विकास कार्यो हेतु सरकारी धन भुगतान मे किसी कागजात पर कोई हस्ताक्षर किया है । अपने लगभग 04 वर्षो के कार्यकाल में मुझे कोई जानकारी नही है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यो के नाम पर कितने धन खर्च किए गये है । मेरे पति वीरेन्द्र चौधरी सचिव समेत अन्य जिम्मेदार ब्लाक अधिकारियों की सांठ-गांठ करके बिना मेरे सहमति के फर्जी हस्ताक्षर के सरकारी धन का धड़ल्ले से दुरुपयोग किया जा रहा है और पति वीरेन्द्र कुमार द्वारा ग्राम प्रधान का पूरा अधिकार छीन लिया गया है । कि ज्योति देवी पत्नी वीरेन्द्र चौधरी साकिन-ओड़वारा, पोस्ट ओड़वारा, ब्लाक साऊघाट, थाना-मुण्डेरवां, जिला बस्ती हालमुकाम-पुत्री रामजियावन साकिन गोनहा पोस्ट वेलवरिया जंगल, थाना गौर, जिला बस्ती की निवासिनी हूँ। पीड़ित ग्राम प्रधान की शादी सन् 2014 में वीरेन्द्र चौधरी पुत्र रामनवल के साथ हिन्दू रीति रिवाज से पूरे दोनों पक्ष के सहमति से विकासखण्ड गौर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोनहा में पिता के दरवाजे पर सम्पन्न हुई थी । शादी के बाद से ही पीड़िता के पति व उनके परिवार के लोगों द्वारा पीड़ित ग्राम प्रधान को परेशान किया जा रहा थी लेकिन पीड़िता किसी तरह से जीवन निर्वाह कर रही थी । वर्ष 2018 में एक पुत्र पैदा हुआ था जिसका नाम रीदम चौधरी है। मेरे पति, देवर, देवरानी व जेठ, जेठानी बराबर प्रताड़ित करते है । कई बार मारे पीटे भी है तथा बार-बार घर से निकालने की कोशिश भी किया है तथा उक्त लोगों के द्वारा तरह-तरह षडयंत्र रचकर पीड़िता को मार डालने का भी प्रयास किया गया था उक्त घटना को लेकर कई बार शिकायत भी किया था लेकिन राजनीतिक पकड़ मजबूत होने के कारण / पैसे के बल पर बच जाते हैं तथा पीड़िता के साथ घरेलू हिंसात्मक तरीके से बराबर पेश आते है वर्तमान मे पीड़िता ग्राम प्रधान है लेकिन जबरदस्ती मेरे ससुराल के लोग प्रधान प्रतिनिधि बनकर विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करते रहते है जिसकी सूचना भी पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक बस्ती को दे चुकी है । लेकिन मुण्डेरवा पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही पति समेत अन्य परिवार के सदस्यों के विरूद्ध नही की जा रही है। जिससे इनका मनोबल बढ़ता जा रहा है। इसलिए उक्त लोगों के द्वारा हम पीड़िता को बराबर गाली, गुप्ता मारने पीटने की प्रताड़ना देते रहते है जिससे पीड़िता का जीना दुश्वार हो गया है। जब कहीं भी मेरे हस्ताक्षर की जरूरत पड़ती है तो सब लोग अपने मे राय मिलाकर मेरा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर सब कुछ ले लेते है। तथा बराबर कार्य मे बाधा उत्पन्न करते रहते है। इसकी सूचना भी दी गयी थी लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। एक बार दिनांक 26.08.2022 को ही पीड़िता को काफी परेशान कर दिये थे तो शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। दोनों पक्षों को महिला थाने पर बुलाकर माफी व सुधरने का मौका लेते हुए सुलह करवाकर मामले का निस्तारण करा दिया गया था तब से आरोपी काफी नाराज चल रहे थे तथा पीड़िता को तरह-तरह से प्रताड़ना देते रहे। दिनांक 08.02.2025 को पीड़िता को थाने पर बुलाकर फिर समझौता करके मुझे घर ले गये तथा मेरा अधिकार ग्रामसभा का डोंगल (हस्ताक्षर बेरीफिकेशन) का पेन ड्राइब छीनकर मुझे उसी दिन घर से निकाल दिये तथा मेरे अधिकार का गलत फायदा उठाकर अनुचित लाभ ले रहे है वर्तमान समय में पीड़िता अपने मायके है। लेकिन आरोपियों द्वारा पीड़िता को बराबर धमकी दिया जा रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय गोंदीपुर से किया स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

● प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सरकार द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में दी जा रही कॉन्वेंट स्कूलों से बेहतर सुविधाएं , कोई भी बच्चा शिक्षा से न रहे वंचित इसके लिए चलाया जा रहा स्कूल चलो अभियान- विधायक बलरामपुर सदर

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर** जनपद में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकास खंड बलरामपुर के प्राथमिक विद्यालय गोंदीपुर से किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र - छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं डीएम द्वारा स्कूल के छात्रों को पाठ्य पुस्तक एवं सामग्री का वितरण किया गया। एवं स्कूल चलो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम ने कहा कि सभी को शिक्षा के अधिकार के तहत प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सरकार द्वारा अभूतपूर्व कार्य करते हुए प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों की मिशन कायाकल्प के तहत सूरत बदलने का कार्य किया गया है , प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कॉन्वेंट स्कूलों से बेहतर सुविधाएं मिल रही है , प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का माध्यम से बच्चों को रुचिकर शिक्षा प्रदान की जा रही। कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे इस हेतु स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा।इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत शतप्रतिशत नामांकन कराए जाना सुनिश्चित किया हुए , कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है , सभी आगे चलकर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ेंगे , सभी को बेहतर शिक्षा प्रदान करे, जिससे आने वाले समय में सभी बेहतर करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान करें।इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग शुभम शुक्ल, बृजेंद्र तिवारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# 4 अरब से ज्यादा का हुआ मुख्य कोषागार से बिलों का भुगतान

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के निर्देशन में मुख्य कोषागार कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 के विभागीय बिलों का अंतिम पारण एवं भुगतान कार्य देर रात तक संचालित रहा। मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति अपने कर्मठ एवं कर्तव्यनिष्ठ पटल सहायकों के साथ पूर्ण मनोयोग से बिलों के भुगतान एवं पारण कराने में तल्लीन रहे। उन्होंने बताया कि विभागीय कार्यालयों से प्राप्त सभी बिलों का भुगतान एवं पारण नियमानुसार किया जा रहा है। कुछ विभागों के बजट आज 31 मार्च को एलाटमेंट होने के कारण उनके द्वारा प्राप्त कराये गये बिलों का भुगतान कराया जाना प्रक्रियाधीन है और अंतिम समय तक उसका निपटान कर दिया जायेगा। दिये गये निर्देश के बाद आज सायं 5 बजे के बाद कोई बिल पारण हेतु नहीं लिया गया। आज प्राप्त एलाट बजट में पुलिस विभाग के 1.5 करोड़, नगर पालिका के 65 लाख, बेसिक शिक्षा का 22 लाख तथा पीडब्लूडी का 10 लाख रूपये का बिल प्राप्त हुआ है जिसके भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि शाम 5 बजे तक 26,24,97006.00 (छब्बीस करोड़ चौबीस लाख सत्तानबे हजार छः) की धनराशि का भुगतान किया गया। जबकि अंतिम समय तक यह संख्या लगभग 30 करोड़ होने की संभावना है। माह मार्च में अब तक कुल 4 अरब 90 करोड़ 32 लाख की धनराशि के बिलों का पारण/भुगतान हुआ है। इसके अलावा अब तक सरकारी प्राप्तियों में लगभग 93 करोड़ 93 हजार आठ सौ पचासी की धनराशि आंतरित की गयी है। आज लगभग 300 से अधिक टोकन जनरेट किये गये।कोषागार के सहायक कोषागार अधिकारी सुबाष चन्द्र दूबे, वरिष्ठ लेखाकार आलोक श्रीवास्तव, अखिलेश पाठक, भूपेश विश्वकर्मा, शशिकांत, सूरज, रवि, सीमा, सोनल, प्रिन्स, सौरभ केसरवानी सहित सभी कर्मचारी पूर्ण निष्ठा एवं लगन से वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्य निष्पादन में अपनी महत्वपूर्ण निभायी। उत्कृष्ट कार्य सम्पादन के लिए मुख्य कोषाधिकारी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अज्ञात कारण से लगी आग,आग से एक घर व दो घारी सहित पांच बकरियां जलकर राख

**जरवा(बलरामपुर)।** कोतवाली जरवा के बघेलखंड चौकी अंतर्गत ग्राम विश्रामपुर रामपुर के मजरा छोटकी चौहत्तर में अज्ञात कारण से लगी आग से एक घर व दो घारी सहित पांच बकरियां जलकर राख। पशुपालक बैतुल्लह ने बताया कि वह पास के नरयणापुर चौराहा घर के लिए जरूरी सामान लेने गया था सूचना मिली घर आकर देखा कि पशुशाला और उसमें बंधी पांच बकरी को जलाकर आग मेरे आधे घर को पकड़े हुए हैं जिसमें रखा अनाज ( गेहूं, चावल, मसूर), ड्रम, चूल्हा इत्यादि जल रहा था तथा मेरी पत्नी, बच्चे व गांव वाले आग को बुझाने की कोशिश कर रहे थे। धीरे-धीरे आग ने अकमल की पशुशाला को भी अपनी जद में ले लिया लेकिन तब तक अकमल ने उनके जानवरों की रस्सी काटकर खेतों में भगा दिया था जिससे उनका केवल जानवरों का चारा ही जला। प्रधान प्रतिनिधि सुरेश यादव ने बताया कि आग पहले पंचायत सचिवालय के पास बने बैतुल्लह के घर से बढ़कर पंचायत सचिवालय में भी पहुंच गया पंचायत सचिवालय के पीछे बने स्टोर रूम का दरवाजा जल गया तथा ऊपर रखे सिंटेक्स का टंकी और पाइपलाइन जलकर राख हो गई आग से दीवार गर्म हुई और फट गई है।

अकरू, फ़ज़्ल, निरहू, अहमदुल्लाह, चंपू, मलहू आदि ने बताया कि जंगल के किनारे किनारे हमारा खेत है जंगल में लगभग 4 दिन से आग लगी हुई है पहले आग धीरे-धीरे लगी थी लेकिन आज सुबह 10बजे बढ़ गई जिसे हमने अपने ट्रैक्टर से जंगल के किनारे किनारे के खेत की जुताई कर आग को खेत तक बढने से रोका। जुताई में हमारे गेहूं की फसल व गन्ने की पेड़ी का नुकसान हुआ है लेकिन खेत तक आग नहीं पहुंचने दिए। गौरा निवासी रफीक ने बताया कि हमारे गन्ने की लगभग 15 विश्वा पेड़ी फसल जल चुकी थी शेष को मौके पर जाकर बुझा दिया गया।

रोजगार सेवक सुरेश यादव सूचना पर मौके पर पहुंचे और दमकल की टीम और कोतवाली जरवा फोन कर घटना की जानकारी दी दमकल की दो गाड़ियां मौके पर आई और राहत बचाव कार्य में लग गई। हल्का लेखपाल रमेश वर्मा ने बताया कि क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। बघेलखंड चौकी प्रभारी जितेंद्र बहादुर ने बताया की जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर राहत बचाव कार्य में लग गया था। धीरे-धीरे आग पर काबू पा लिया गया है। खबर लिखे जाने तक जंगल की आग पर काबू नहीं पाया जा सका था दमकल की गाड़ियां व किसान आग बुझाने में लगी हुई है।

# ग्राम पंचायत तेंनुआ में चला नजरबंदी का खेल एक ही व्यक्ति का दो जगह लगी फर्जी अटेंडेंस

● एक ही समय पर दो अलग-अलग दोनों स्थानों से प्राप्त कर रहा भुगतान

मलाई में व्यस्त अधिकारी पंचायत के कार्यों की नही करते निरीक्षणसवालों के घेरे में वित्तीय पारदर्शिता और अधिकारियों की जवाबदेही

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** जिले मे में भ्रष्ट अधिकारियों की मनमानी से भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमाओं को तो पार कर रही है साथ ही साथ योगी सरकार के जीरो टारलेंस नीतियों का खुलेआम उल्लंघन कर भाजपा सरकार की छवि को धूमिल करने मे आमदा है, ताजा मामला ग्राम पंचायत तेंनुआ का है जहा पर एक ही व्यक्ति एक ही समय पर दो अलग-अलग स्थानों पर काम कर दोनों स्थानों से भुगतान प्राप्त कर रहा है। विकासखंड सल्टौआ के ग्राम पंचायत तेनुआ में खुल्लेआम हुऐ भष्टाचार की हकीकत जानने के बाद जनता की सांस ऊपर-नीचे होना तय है ग्राम पंचायत तेनुआ के ग्राम प्रधान जिम्मेदारों की संलिप्तता से नियम कानून को रौंदते हुए अपनी जिम्मेदारी और पारदर्शिता को धूमिल कर रहे है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों के लिए नियमावली है, जिसमें समितियों के गठन और उनके कार्यों का उल्लेख किया गया है कि समितियों में नियोजन एवं विकास समिति, शिक्षा समिति, निर्माण कार्य समिति, स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति, प्रशासनिक समिति, और जल प्रबंधन समितियों के कार्यों में ग्राम विकास की योजना बनाना, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी करना, निर्माण कार्यों की देखरेख करना, और जल प्रबंधन की व्यवस्था करना शामिल है। सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड सल्टौआ के ग्राम पंचायत तेंनुआ में ग्राम प्रधान के साथ-साथ तैनात सरकारी नुमाइंदे भी जनता के धन को लूटने में जरा सा भी चूक नही कर रहे है ग्राम पंचायत तेनुआ में भौखरी में खड़ंजा मरम्मत कार्य में मजदूर 01/03/2022 से 31/03/2022 तक काम कर रहा है और वहीं मजदूर भौखरी में त्रिवेणी के बोरिंग से बाग तक सीसी रोड निर्माण कार्य में 22/03/2022 से 28/03/2022 तक काम कर रहा है अब आप सोचिए कि एक ही व्यक्ति दो साइड पर एक ही समय पर कैसे काम कर सकता है। हैरान करने वाली बात है कि इसे जिम्मेदारों अधिकारियों की चूक कहा जाये या फिर मौन स्वीकृत अब देखना यह दिलचस्प होगा कि जिम्मेदारों के द्वारा कार्रवाई की जाती है फिर मामले में लीपापोती कर दिया जायेगा।

# ईद के मौके पर कोयलाबास जरवा घूमने आए बाइकर्स की तेज रफ्तार का कहर कइयों पर टूटा, किसी का सिर फूटा, किसी का सीना टूटा और किसी का हाथ पैर सिर सब फूटा, खून से लाल हुई सड़क







**जरवा(बलरामपुर)।** कोतवाली जरवा क्षेत्र स्थित कोयलाबास, इको पर्यटन जरवा, दारा नाला नेचर ब्यूटी, रहिया देवी मंदिर आदि घूमने आए बाइक सवारों का कहर क्षेत्र वासियों पर इस तरह टूटा कि सोमवार शाम 5ः00 बजे ईद मिलन को मदरहवा गांव अपने समधी मुस्तफा के यहां पैदल जा रहे 48 वर्षीय इसरार निवासी हलौरा को अपाची बाइक सवार दो युवकों ने जोर की टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और सिर फूट गया तथा हाथ व पैर में चोट आई। बाइक सवार गाड़ी नहीं रोके और भाग गए। गांव के कुछ लोगों ने पीछा किया लेकिन पकड़ नहीं पाए। इसरार के समधी मुस्तफा को गांव के लोगों ने बताया और 112 तथा एंबुलेंस को फोन किया सिर से खून ज्यादा गिरने और एंबुलेंस देर में पहुंचने को देखते हुए मोटरसाइकिल पर ही बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर इलाज हेतु ले जाया गया।

**दूसरी घटना–** सोमवार शाम 4ः00 बजे आलोक रंजन सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी की दत्तापुर भगवानपुर तुलसीपुर से अपने घर जा रहे थे। तेज रफ्तार बाइक सवार युवकों ने सरयू नहर के पास आमने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह मोटरसाइकिल सहित सड़क पर रगड़ते हुए गिर पड़े। सिर फूट गया हाथ व पैर में गंभीर चोट आई तथा कंधे और सीने की हड्डी टूट गई। घायल के भाई सोनू सिंह ने बताया कि भाई आलोक रंजन सिंह तुलसीपुर से घर आ रहे थे सूचना मिली कि उनका दुर्घटना हो गया है हम परिवार सहित फॉरेन घटनास्थल पर पहुंचे और अपनी कर में लड़कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर पहुंचाएं जहां से उन्हें रेफर कर बलरामपुर जिला अस्पताल भेज दिया गया था। अभी वहीं पर इनका इलाज चल रहा है। हाथ में गंभीर चोट आई है तथा सिर में टांके लगे हैं और कंधे और सीने की हड्डी टूट गई है।

**तीसरी घटना–** श्रावस्ती से कोयलाबास घूमने आए 22 वर्षीय सद्दाम व उनके एक साथी कोयलावास जा रहे थे पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल बगल से कट मार कर तेजी से निकली की वह मोटरसाइकिल सहित सड़क से नीचे 8 फीट गहरी खाई में कूद गए। मोटरसाइकिल टूट गई और उन्हें हाथ व पैर में हल्की चोटें आई। राहगीरों ने जैसे तैसे मोटरसाइकिल को बाहर निकाला और उन्हें घर भेजा। प्रत्येक त्यौहार में तुलसीपुर से जरवा पीडब्लूडी मार्ग पर होती है बाइक राइडिंग- ग्राम मदरहवा प्रधान मैराज खान, भगवानपुर प्रधान सलमान खान, जरवा प्रधान शकील, अजय प्रताप सिंह, सुनील, रहीम आदि ने बाइक राइडिंग पर लगाम लगाने की मांग करते हुए कहा कि त्योहारों पर क्षेत्र में बहुत भीड़ होती है बाइक राइडर के डर से हम सभी सड़क पर नहीं निकलते। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर अधीक्षक विकल्प मिश्रा ने बताया कि घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था।कोतवाली जरवा प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया की जानकारी नहीं मिली है प्रार्थना पत्र मिलने पर छानबीन की जाएगी।

# कर्मचारियों ने बाइक रैली निकालकर जताया विरोध



**चित्रकूट ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के 15 लाख शिक्षक कर्मचारियों सहित देश के लगभग एक करोड़ शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों व अर्धसैनिक बलों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर शोषणकारी व विभेदकारी नई पेंशन व्यवस्था तथा एकीकृत पेंशन व्यवस्था लागू कर दी गई है, जो न तो शिक्षक, कर्मचारियों अधिकारियों के हित में है और न ही प्रदेश व देश के हित में है। अब तो इसके दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। एनपीएस के तहत सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों को रुपए 700 तो किसी को 2625, 4500, 4744 पेंशन प्राप्त हो रही है। वहीं यूपीएस में शिक्षक, कर्मचारियों व अधिकारियों के द्वारा अपनी पूरी नौकरी के दौरान वेतन से की गई कटौती भी पूरी वापस नहीं की जाएगी। यूपीएस में भी एनपीएस की तरह अनेकों विसंगतियां हैं, इन विसंगति पूर्ण पेंशन योजनाओं से बुढ़ापे में जीवन यापन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अर्धसैनिक बलों को भी पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित कर दिया गया है। देश भर के के शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों का सबसे बड़ी ज्वलंत समस्या पुरानी पेंशन की बहाली है।

जिसकी बहाली हेतु अटेवा के बैनर तले पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाल न किए जाने पर मंगलवार को समस्त शिक्षक, कर्मचारी, ट्रैड यूनियन, फेडरैशन संघ, महासंघ द्वारा काला दिवस, आक्रोश मार्च व विरोध दिवस मनाया गया। जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों में एकजुटता तथा जबरजस्त उत्साह देखने को मिला। सभी कर्मचारियों ने मिलकर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुये बीएसए कार्यालय के पास से जिलाधिकारी कार्यालय तक बाइक रैली निकाली। इसके बाद जिलाधिकारी षिवषरणप्पा जीएन के माध्यम से प्रधानमंत्री को पुरानी पेंशन बहाल किए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही एक मई को दिल्ली के जंतर-मंतर मे देश के कोने-कोने से पहुँचकर पुरानी पेंशन के लिए हुंकार भरी जाएगी। इस मौके पर अंर्तजनपदीय षिक्षक वेलफेयर एसोसिएषन के प्रदेष अध्यक्ष कमलेष कुमार पांडेय, जिला संरक्षक महेन्द्र सिंह पटेल, अटेवा के जिला संयोजक राजेश कुमार यादव, जिला मंत्री मथुरा प्रसाद वर्मा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, ब्लॉक मंत्री महेश प्रसाद पटेल समेत अन्य सभी समर्थित संगठनों के पदाधिकारी सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी मौजूद रहे।

# ईद-उल-फित्र की नमाज़ शांतिपूर्वक अदा की गई

**स्वतंत्र प्रभात**

**सीतापुर।** 31 मार्च को ईद का त्योहार मनाया गया। रमजान के मुबारक महीने के समाप्त होने के बाद ईद का त्योहार खुशियां लेकर आता है। ईद सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि यह इंसानियत, भाईचारे और प्रेम और सौहार्द का जश्न है। यह दिन हर दिल में नई उमंग और हर घर में खुशियों की सौगात लाने का प्रतीक है। ईद के चांद के दीदार होने से लेकर सुबह ईद की नमाज व पूरे दिन, हर लम्हा एक नई रोशनी बिखेरता है। इस खास मौके पर मीठी सेवइयों की मिठास रिश्तों में घुल जाती है, गिले-शिकवे भुलाकर लोगों को एक दूसरे के गले मिलने का बहाना मिल जाता है, और दुआओं में सबकी भलाई मांगते है। इस दिन का असली उद्देश्य सिर्फ खुशी मनाना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद करना और अपने आस-पास इलाके में प्यार भाईचारे का माहौल बनाना भी होता है। उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर में 31 मार्च दिन सोमवार को ईद-उल-फित्र का त्योहार पारंपरिक ढंग से हर्ष व उल?लास के साथ मनाया गया। शहर सीतापुर स्थित तरीनपुर की ईदगाह में बड़ी संख्या में लोगों ने शहर इमाम मौलाना शौकत अली की इमामत में ईद-उल-फित्र की नमाज पढ़ी और अमन-चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर कांग्रेस सांसद राकेश राठौर, पूर्व विधायक महोली अनूप गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि मुनेंद्र अवस्थी आदि जनप्रतिनिधियों ने ईदगाह पहुंच कर ईद की खुशियां साझा करते हुए नमाज़ियों से गले मिल कर ईद की बधाई दी। इस अवसर सुरक्षा व्यवस्था को अक्षुण बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया और इबादतगाहों पर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।

हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेलूमऊ के मोतीपुर गांव में सुबह से ही हर्ष व उल्लास का माहौल बना हुआ था बच्चे, बूढ़े और जवान तरह तरह के पहनावे पहन कर तकबीर ए उला की सदा बुलंद करते हुए ईदगाह की जानिब रुखसत हो रहे थे, दूर दराज से लोग ईद की नमाज़ पढ़ने के लिए मोतीपुर की ईदगाह में पहुंच रहे थे। हर एक शख्स के चेहरे पर खुशी की झलक आसानी से देखी जा सकती थी। वही मिम्बर पर खड़े होकर मौलाना मोहम्मद सुफियान ने भारी जनसमूह को खिताब (संबोधित) करते हुए कहा ईद का त्योहार अल्लाह तबारक-ताला अपने रोज़ेदार बंदे को उसकी इबादत और मेहनत से खुश होकर तोहफे में नवाज़ता है, और ईद के मौके पर हर जायज़ दुआ अल्लाह तबारक-ताला क़ुबूल करता है। इसके उपरांत ईद की नमाज़ अदा की गई और बारगाहे इलाही में दुआये मगफिरत और आपसी भाईचारे की दुआ के साथ मुल्क मे अमन, शांति व तरक्की की दुआ मांगी। नमाज़ के बाद इमाम मोहम्मद सुफियान ने मिम्बर पर खड़े होकर खुतबा सुनाया जो ईद की नमाज़ के बाद पढा जाता है। इस दौरान, ईदगाह परिसर में हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वही ईदगाह के बाहर हमेशा की तरह इस बार भी तमाम नफरतों को दरकिनार करते हुए पड़ोसी गांव सेलूमऊ से प्रधान प्रति. सिद्धेश्वर सिंह (सिद्धू सिंह) पवन सिंह, सचिन सिंह आदि लोगों ने पहुंच कर ईद की खुशियों को साझा करते हुए गले मिलकर लोगों को ईद की मुबारकबाद पेश की।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एल पी एल डी मेमोरियल एकेडमी का सम्पन्न हुआ वार्षिकोत्सव

**कल्ली ( सीतापुर )।** विद्यालयों को सुविधा सम्पन्न बनाना मेरी जिम्मेदारी है। मेरे विधायक रहते हुए क्षेत्र के सभी विद्यालय सुविधाओं से लैस होंगे। इसलिए मैं अपनी निधि से एल पी एल डी मेमोरियल एकेडमी को दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करूंगा। यह बात विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राम कृष्ण भार्गव ने एल पी एल डी मेमोरियल एकेडमी रघुनाथपुर ऐनी के वार्षिकोत्सव में आये हुए अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कही। अखिल भारतीय सेवकों यानि आई ए एस, आई पी एस के प्रशिक्षक रहे डॉ गंगा प्रसाद शर्मा %गुणशेखर% ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि शिक्षा अनमोल दौलत है। शिक्षा से प्रशासन और शासन का भाग्य बदलता है। लखनऊ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट डीन सीडीसी प्रो सुधाकर प्रकाश वर्मा ने कहा कि मेरा सपना है कि शिक्षा से कोई भी बच्चा वंचित न रहे इसलिए मैंने बी एल वर्मा मेमोरियल स्कालर टेस्ट शुरू किया है। शिक्षाविद् आर डी वर्मा गुरु जी ने कहा कि ज्ञान से विकास का आधार मिलता है इसलिए ज्ञान प्राप्त करने के लिए एल पी एल डी मेमोरियल एकेडमी जैसे स्कूलों में आना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य व विधायक प्रतिनिधि रामगोपाल अवस्थी ने कहा कि हम सुरेन्द्र मौर्य के संकल्पों को साकार करने में भरपूर सहयोग करेंगे। आयुर्वेद और साहित्य रत्न डॉ बिंदा प्रसाद धुरिया ने ग्राम ज्ञान विज्ञान का सार्थक विषयों की जानकारी देकर सभा को जीवंत किया। बाल कलाकारों ने काकोरी काण्ड की घटना का सजीव मंचन कर सबको सम्मोहित किया। अंत में सभी ने प्रो सुधाकर प्रकाश वर्मा को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए नागरिक अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए चन्द्रशेखर प्रजापति ने समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार किया। प्रबंधक सुरेन्द्र मौर्य ने कहा कि गांव और गरीब के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए मेरे द्वारा देखा गया सपना,डगमगाती व्यस्तता के चलते कभी कभी सपना लगने लगती थी किंतु महनीय लोगो के द्वारा मिले सहयोग से ऐसा लगा कि सपनो को पंख लग गए है।

कवि सम्मेलन के दौरान कवियों इन्द्र धनुषी कविताओं से सबको आनन्दित और आन्दोलित किया। अध्यक्षता करते हुए कवि केदारनाथ शुक्ल ने शिक्षक गरिमा को महिमा मण्डित करते हुए पढ़ा इतिहास साक्षी है शिक्षक का जब जब अपमान हुआ होगा। ज्वाला ही वहां जली होगी उठ पाया नहीं धुआं होगा। मंच संचालक देवेन्द्र कश्यप निडर ने मेरठ की घटना को रेखांकित करते हुए पढ़ा मुस्कान के घर में पुलिस पहुंचे तो चंद हैं। पापा बताओ हैं कहां बोले वो मंद हैं। तब बेटी विलाप करके बोली है जोर से, हाकिम सुनो पापा मेरे इस ड्रम में बंद हैं। रोहित विश्वकर्मा ने पढ़ा देखतीं फोन में रंगीन अब तो फिल्म एच डी हैं। हॉस्टल में फ्रेंड भी आ रहें मिलने डी एल डी हैं। जिन्हें पापा बड़ी उम्मीद रख भेझा था पढ़ने को, वही बिटिया शहर में प्यार की करतीं पी एच डी हैं। लखनऊ के कृष्ण कुमार मौर्य सरल ने पढ़ा मिले मां कैकेयी से जो उन्हें वरदान न होते। लोक कल्याण मर्यादा के मिले उपमान न होते। न खाते बेर सबरी के न अपनाते केवट को, राम राजा तो बन जाते मगर भगवान न होते। हरदोई के पंकज सिंह दिनकर ने पढ़ा पढ़ो लिखो आगे बढ़ो खूब होशियार बनो, वीरता का शौर्य गान तुमको सुना। पिंकी अरविंद प्रजापति ने पढ़ा ओठ गुलाबी लाल चूड़ियां लगा महावर पांवों में, अम्मा प्रात: काल नहाकर ऐसे रोज संवरती है। अंत में अताउल्ला खां ने आल्हा के माध्यम से श्रोताओं में ऊर्जा भरी। इस मौके पर जिला राजेश बादराना, राहुल वर्मा, विनोद रावत, आदि मौजूद रहे।

### शायद रेलवे को है किसी बड़ी घटना का इंतजार!

लखनऊ। रास्ता भी बंद और क्रासिंग के बीच रेलवे ट्रैक पर भीषण गिट्टी जिससे वाहन फंस रहे हैं और बडी़ दुर्घटना भी घटित हो सकती है जिससे तमाम जाने भी जा सकती है यह हाल कहीं और का नहीं बल्कि राजधानी के हरौनी रेलवे क्रासिंग का है जहाँ रेलवे ट्रैक पर बड़ी भायावह स्थिति है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रास्ता भी रेलवे ने एक



साल से पत्थर लगाकर बंद कर दिया है। जिससे आम जनता का क्रासिंग के इस पार से उस पार जाना बड़ा ही मुश्किल है। रेलवे द्वारा पुल पर गाटर नहीं रखा जा रहा है अब ऐसे में स्थित बडी़ दर्दनाक बनती जा रही है कि जनता निकले कहाँ से ? आईओडबल्यू व रेलवे की दबंगई के आगे लाचार व बेबस जनता परेशान हो रही है। सूत्रों की माने तो हरौनी क्षेत्र की जनता किसी भी दिन आईओडबल्यू व रेलवे विभाग के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन कर सकती है। क्योंकि कि रेलवे विभाग व आई ओ डबल्यू अपनी मनमानी पर लगातार अमादा है लेकिन जिस दिन रेलवे ट्रैक पर बड़ी दुर्घटना या वाहन फंसने से किसी की जान जायेगी तो न रेलवे के अधिकारियों को जवाब देते बनेगा और न ही आईओडबल्यू को।

### कार्यालय ग्राम पंचायत छतौनी ,विकासखण्ड मोहनलालगंज, जनपद - लखनऊ

**पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/आर0सी0सी0 सेन्टर / टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक - 02/04/2025**

**निविदा**

उपस्थित होकर आज कक्षा एक में 15 नवीन नामांकन किया नव नामांकित बच्चों को माला पहनाकर कॉपी पेंसिल रबर बॉटल प्रदान किया गया तथा सभी उपस्थित बच्चों को किताब प्रदान किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक दिनेश यादव श्यामधर यादव मंजू जैसवार नेहा जायसवाल गजाला बानो आराधना उपाध्याय मनोज गुप्ता व माधुरी सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय चौरामोहनदास , देहजुरी , सतलपुर सहित कई विद्यालयों में भी आप द्वारा लोगों ब्लाक प्रमुख की अगुवाई में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत कई स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया तथा नामांकन जागरुकता रैली निकाली गई व प्रथम दिवस पर किताबें भी वितरित की गई।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में भावुक विदाई समारोह के साथ जन्मदिन और पुरस्कार वितरण संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**शाहगंज, जौनपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, मे शाहगंज में कक्षा आठवीं की छात्राओं का विदाई समारोह, मीना मंच के अंतर्गत 9 छात्राओं का जन्मदिन उत्सव, पुरस्कार वितरण और अभिभावक बैठक का संयुक्त आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम एक यादगार समारोह के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें भावनाओं का सैलाब और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला।कक्षा आठवीं की छात्राओं की विदाई और उपलब्धियां कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं की विदाई के साथ-साथ उनकी उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। परीक्षा परिणाम में दिव्यांशी ने प्रथम, आकांक्षा ने द्वितीय और मानवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि युवा पत्रकार व समाजसेवी दीपक सिंह जी, विशिष्ट अतिथि वंदना जी और सचिन प्रसाद जी ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। विदाई के इस मौके पर कक्षा आठवीं की छात्राओं और उपस्थित सभी की आंखें नम हो गई।

**कार्यक्रम का शुभारंभ और सांस्कृतिक रंग**

कार्यक्रम की शुरुआत मंचापूर्ति के साथ हुई। छात्राओं मानसी, रानी और खुशी ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम संचालिका मानवी ने मीना मंच के तहत इस माह जन्मदिन वाली 9 छात्राओं को मंच पर आमंत्रित किया। अतिथियों ने उन्हें चंदन-तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा और उपहारों के साथ शुभकामनाएं दीं। कक्षा सातवीं की छात्राओं ने रंगारंग और शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

**अभिभावकों और अतिथियों की भावनाएं**-अभिभावक बैठक में माता-पिता ने विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा, संस्कार और शिष्टाचार की जमकर सराहना की। विशिष्ट अतिथि वंदना जी ने कहा, ÷जब मेरी बेटी ने यहां दाखिला लिया, तो वह घर छोड़ने को तैयार नहीं थी, लेकिन वार्डन एकता नीलम और शिक्षिकाओं के प्यार ने उसे ऐसा जोड़ा कि आज विदाई के समय उसकी आंखों से आंसू थम नहीं रहे। यह शिक्षा और संस्कार उसके भविष्य का खजाना बनेगा।" सचिन प्रसाद ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**मुख्य अतिथि का संदेश**- मुख्य अतिथि दीपक सिंह ने कहा, "यहां से पास होकर जाने वाली छात्राएं शिक्षा, संस्कार और सद्गुणों को आत्मसात करें। अपने लक्ष्य निर्धारित कर समाज, देश और दुनिया में अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन करें।" उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपनी बेटियों की रुचि को पहचानें और उनके सपनों को पूरा करने में सहयोग करें।

**विद्यालय परिवार की भूमिका**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं वार्डन एकता नीलम ने सभी छात्राओं को



शुभकामनाएं दीं और उनके साथ बिताए खट्टे-मीठे पलों को याद किया। उन्होंने कहा, ÷अभिभावकों के सहयोग से ही हम छात्राओं को बेहतर शिक्षा और संस्कार दे पा रहे हैं। आपका यह सहयोग आगे भी जारी रहेगा, हमें पूर्ण विश्वास है।÷कार्यक्रम का संचालन मानवी और आभार प्रदर्शन शिक्षिका किरण मौर्या ने किया। शिक्षिकाओं किरण मौर्या , अल्पना सिंह, प्रियंका, अंकिता और रूमा ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**भावुक विदाई और नृत्य का दौर**- कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने नृत्य के साथ इस पल को यादगार बनाया। कक्षा छठी और सातवीं की छात्राओं ने आठवीं की सहेलियों को गले लगाकर विदाई दी। इस दौरान छात्राओं, शिक्षिकाओं और अभिभावकों की आंखों से आंसू छलक पड़े। गमगीन माहौल में हंसी और दिलासे के असफल प्रयासों के बीच विद्यालय परिवार ने कक्षा आठवीं की छात्राओं को विदाई दी ।इस समारोह में अभिभावक गुड़िया, निर्मला, संतरा, वंदना गौतम, हेमलता, भानुमती, निशा, विद्या आदि उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल एक समारोह, बल्कि भावनाओं और प्रेरणा का संगम बन गया।

## संस्कार युक्त शिक्षा आज की जरूरत- वंशराज सिंह

● -पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर में सुंदरकांड के साथ सत्रारंभ

बीएसए ने नवीन कक्ष का किया लोकार्पण, स्कूल चलो अभियान शुरू

**जौनपुर-** छात्रों को आज के इस दौर में संस्कार युक्त शिक्षा दिए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। उक्त बातें सिरकोनी के ब्लाक प्रमुख वंशराज सिंह ने मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि कही। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर में नये सत्र के आरंभ में आयोजित सुंदरकांड पाठ, नवीन कक्ष लोकार्पण समारोह व स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में जागरूकता आएगी। नवीन कक्ष के लोकार्पण के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में आधुनिक संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। शिक्षकों के साथ अभिभावकों की भी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की भी मंशा है कि हर हाल में छात्रों को सभी योजनाओं का लाभ समय से देते हुए उन्हें पढ़ने-लिखने में निपुण बनाया जाए। उन्होंने यहां के शैक्षिक परिवेश की भी सराहना की। बीएसए ने छात्रों को अपने हाथों से पुस्तकें भी वितरित की। विशिष्ट अतिथि बीईओ अमरेश कुमार सिंह व ग्राम प्रधान शुचिता सिंह ने भी विचार व्यक्त किया। स्वागत भाषण में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष व विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद शुक्ल ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की। संचालन राममिलन ने किया। सुंदरकांड के पाठ के बाद प्रसाद वितरण



किया गया।

इस मौके पर रविचंद्र यादव, लालसाहब यादव, लक्ष्मीकांत सिंह, रामदुलार यादव, सरोज सिंह, राजेश बहादुर सिंह, अरुण सिंह, अनुराग तिवारी, देशबंधु यादव, ध्रुव यादव, राकेश पांडे, ज्योति श्रीवास्तव , पूनम मिश्रा, प्रियंका सिंह, कुमुदनी अस्थाना भारती सिंह, रेनू सिंह, अनिल मौर्य,अभिषेक सिंह,रितु गौड़, शालू निषाद, आकांक्षा मौर्य,खुशबू चौरसिया आदि मौजूद रहीं।

## मुख्य आरक्षी चालक की धूमधाम से कि गई विदाई



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** मड़ियाहूं कोतवाली में तैनात हैंड कांस्टेबल आरक्षी चालक रविंद्र नाथ सिंह की सेवा निवृत होने पर धूमधाम से विदाई की गई। आरक्षी को सेवानिवृत्ति होने पर मड़ियाहूं कोतवाली प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में समस्त उप निरीक्षक एवं समस्त स्टाफ के उपस्थिति में माल्यार्पण करके मुंह मीठा कराया गया और अंग वस्त्र मोमेंटो और गीता की पुस्तक देकर उनको सम्मानित किया एवं समस्त उप निरीक्षक एवं कांस्टेबल ने भी अंग वस्त्र पुस्तक मोमेंटो एवं अन्य उपहार देकर उनको सम्मानित किया और बड़े ही धूमधाम से उनकी विदाई की प्रभारी निरीक्षक गाजे बाजे के साथ थाने का भ्रमण करते हुए जय विनायक मेडिकल स्टोर पर पहुंचे। मेडिकल के संचालक संजय कुमार सिंह मुन्नू आनंद सिंह राजकुमार शर्मा सहित अंग वस्त्र मोमेंटो एवं पुस्तक भेंट करके उनके साथ बीते समय को याद करके उनको ढेर सारी बधाई दिया पुनः कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने आरक्षी को थाने में लाकर गाजे बाजे के साथ उनको सम्मानित किया और उनकी विदाई के लिए अपने साथियों के साथ गाड़ी को सजाया और उनको कांस्टेबल की सहायता से कंधे पर बैठाकर गाड़ी तक पहुंचाया और प्रभारी निरीक्षक और उपनिरीक्षक कांस्टेबल की सहायता से गाड़ी को हाथों के सहारे सह सम्मान बाहर तक पहुंचाया इस दौरान आरक्षी रविंद्र नाथ सिंह की आंखें नम हो गई उन्होंने बताया कि आप सभी के साथ बीते हुए पल हमेशा याद रहेंगे आप लोगों का यह सम्मान हमेशा हमको याद रहेगा आपके नेतृत्व में सेवा में रहकर कभी आभास नहीं हुआ कि हम परिवार से दूर रहकर काम कर रहे हैं इसकी कमी महसूस नहीं हुई आप सभी हमारे परिवार रहे आप लोगों का स्नेह हमको हमेशा याद रहेगा । इस मौके पर निरीक्षक क्राइम संजय यादव उप निरीक्षक संतोष सिंह संतोष यादव भाईलाल सोनकर रविंद्र नाथ राय रामदुलार यादव यशवंत सिंह महेंद्र यादव एवं हेड कांस्टेबल दरोगा सोनकर जागेश्वर सिंह वीरेंद्र यादव मोहन तिवारी रविकांत यादव कांस्टेबल अनुज सिंह शिव प्रकाश तिवारी सुधीर यादव सोनू यादव मल्लू सिंह नीतीश कुमार प्रेमचंद पवन पांडे शोभित एवं महिला कांस्टेबल प्रीति सिंह रिंकू अंकिता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## दवा प्रतिनिधियों के 38वें वार्षिक अधिवेशन का सफल आयोजन

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश प्रोफेशनल मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन (यू.पी.एम.एस.आर.ए.), जौनपुर यूनिट का 38वां वार्षिक अधिवेशन कल देर शाम 30 मार्च 2025 को मंगलम लॉन में संपन्न हुआ। अधिवेशन में संगठन की वार्षिक गतिविधियों और दवा उद्योग में हो रहे बदलावों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सचिव अजय चौरसिया की रिपोर्ट प्रस्तुत करने से हुई, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दवा उद्योग में हो रहे परिवर्तनों के साथ संगठन की वार्षिक गतिविधियों का ब्यौरा दिया। इसके बाद कोषाध्यक्ष अच्युत दुबे ने संगठन की आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे आम सदस्यों ने ध्वनिमत से स्वीकार किया।

इस अवसर पर यू.पी.एम.एस.आर.ए. के महासचिव विमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुरोजीत मुखर्जी, रीजन-8 के कन्वेनर आशुतोष त्रिपाठी और प्रांतीय सचिव नीरज श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही। अधिवेशन के दौरान लखनऊ से आए स्टेट ऑब्जर्वर ने सरकार द्वारा श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलावों के प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रम विरोधी कानूनों की आलोचना करते हुए कहा कि सेल्स प्रमोशन से जुड़े बदलावों को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बैठक के बाद यू.पी.एम.एस.आर.ए. जौनपुर यूनिट की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें मनोज सिंह को अध्यक्ष, अजय चौरसिया को सचिव और अच्युत दुबे को कोषाध्यक्ष चुना गया। इनके अलावा कुल 19 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव अजय चौरसिया ने किया। अधिवेशन के समापन पर नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज सिंह ने लखनऊ से आए अतिथियों और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

# संक्षिप्त ख़बरें

## सेंट्रल टीम ने साइबर ठगों से ढाई लाख रुपए वापस कराए



**कानपुर।** साइबर ठगों द्वारा थाना फजलगंज निवासी पीड़ित से ऑनलाइन मशीनों के पार्ट मंगाने के नाम पर फर्जी बेवसाइट के माध्यम से कुल 2,50,000/- रुपये की धोखाधड़ी की गई जिसके सम्बंध में आवेदक द्वारा साइबर सेल सेन्ट्रल जोन पुलिस कमिश्नरेट कानुपर नगर मे शिकायत दर्ज करायी गई। पुलिस उपायुक्त महोदय सेन्ट्रल जोन के निर्देशानुसार उक्त शिकायत पर साइबर सेल सेन्ट्रल जोन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित बैंको से पत्राचार कर 28/03/2025 को शतप्रतिशत धनराशि 2,50,000/- पीड़ित को खाते में वापस करायी गयी। जिस पर पीड़ित द्वारा पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जोन पुलिस कमिश्नरेट कानुपर नगर तथा साइबर सेल सेन्ट्रल जोन टीम का आभार व्यक्त करते हुऐ प्रशंसा की गई।

## शराब ठेके के विरोध में पार्षद ने किया लोगों के साथ प्रदर्शन



**कानपुर।** बर्रा वार्ड 65 दामोदर नगर क्षेत्र में पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने क्षेत्रीय निवासियों के संग नए खुल रहे शराब ठेके का विरोध किया इस मौके पर पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे दामोदर नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के समीप ही शराब ठेके के खुलने से छात्राओं की शिक्षा पर प्रभाव पड़ेगा। तथा छात्राओं के आवागमन पर शराब का सेवन करने वाले अभ्रद व्यवहार करेंगे। पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि किसी भी हालत में विद्यालय के समीप शराब ठेके को वह नहीं खुलने देंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय निवासी तथा भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी नीलम गुप्ता ने कहा कि उनका घर ही शराब ठेके के सामने है। तथा सैकड़ों निवासियों को नए खुल रहे शराब ठेके के कारण आक्रोश है। क्षेत्रीय लोगों ने जमकर नारेबारी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान बर्रा मंडल अध्यक्ष बिट्टू परिहार, अमित तिवारी, विकास मेहरोत्रा, विजय वर्मा, राजीव गुप्ता, अनिल शर्मा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

## डीसीपी पूर्वी ने की दंगा नियंत्रण के तहत मॉकड्रिल



**कानपुर।** आज दिनांक 01.04.2025 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा दंगा नियंत्रण स्कीम के तहत थाना जाजमऊ क्षेत्र में मय फोर्स एवं आवश्यक उपकरणों के साथ मॉक ड्रिल की। इस दौरान कानून-व्यवस्था का जायजा लिया तथा स्थानीय पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

## कर्नलगंज पुलिस ने रेप के आरोपी को किया गिरफ्तार



**कानपुर।** थाना कर्नलगंज कानपुर नगर की पुलिस द्वारा रेप के मुकदमे में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। निरीक्षक सभाजीत मिश्रा मय हमराह उपनिरीक्षक रिंकू सिंह व कांस्टेबल कुशलपाल सिंह द्वारा थाना पर पंजीकृत मुकदमा धारा 323/328/376/427/506 भादवि थाना कर्नलगंज कानपुर नगर में वांछित अभियुक्त विक्की शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी ब्लाक के सामने रेलवे लाइन ईदगाह थाना कर्नलगंज कानपुर नगर उम्र करीब 33 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर बृजेन्द्र स्वरूप पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया।

## जौनपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी की माता के निधन, पर दी गई श्रद्धांजलि



**जौनपुर।** जौनपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं जौनपुर डेली टाइम्स के संपादक शंभू सिंह सोलंकी की पूज्य माता प. ते. स. रा. देवी का दिल की बीमारी के चलते निधन हो गया था उनके निधन से पत्रकारिता जगत और जिले में शोक की लहर दौड़ गई पड़ी थी राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला प्रभारी शशिकांत मौर्य जिला अध्यक्ष तामीर हसन शीबू , ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षति शंभू सिंह सोलंकी और उनके परिवार के लिए अपूरणीय है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की कामना की। दिवंगत आत्मा के प्रति राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. जौनपुर के सभी पदाधिकारी व सदस्य गण ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिला महासचिव मनीष श्रीवास्तव, रियाजूल हक़, अनवर हुसैन, आई टी सेल प्रभारी मोश अल्ताफ़ आदि मौजूद रहे !

## पीयू को एआईसीटीई से चार नए इंजीनियरिंग प्रोग्राम्स की मान्यता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से चार नए इंजीनियरिंग प्रोग्राम्स की मान्यता मिली है। ये प्रोग्राम इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) हैं। इसके अलावा, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग प्रोग्राम में सीटें 60 से बढ़ाकर 120 कर दी गई हैं। इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह के नेतृत्व में हासिल किया गया। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश भास्कर और इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. सौरभ पाल की देखरेख में विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों इंजी. सत्यम उपाध्याय, इंजी. सौरभ वी. कुमार और इंजी. अशोक यादव ने इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मंजूरी से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई मिली है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए इंजीनियरिंग के सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

## मूर्ति क्षतिग्रस्त करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



जौनपुर बरसठी। स्थानीय थाना क्षेत्र के जारी गांव स्थित ब्रम्ह बाबा मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियां क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी राजेश यादव को बुधवार सुबह 10-30 बजे गांव के एक युवक ने सूचना दी कि मंदिर की मूर्तियों को किसी अराजक तत्व ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। ग्रामीणों के अनुसार, मुन्ना गौतम पुत्र हरिशंकर गौतम, निवासी ग्राम वाजिदपुर, थाना रामपुर, जो अपने ससुराल आया हुआ था, ने नशे की हालत में ईंट मारकर मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को खोजकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धार्मिक स्थल को क्षति पहुंचाने का मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।

## धूमधाम से मनाया गया गुरु महाराज का जन्मोत्सव



**दियरा सुल्तानपुर** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दियरा बाजार खैरहा रोड (सुतीक्ष्ण मार्ग) पर स्थित श्री सीताराम महावीर मंदिर पर 1 अप्रैल को पूज्य गुरु महाराज साकेत विहारी रणवीर सिंह जीङ्घ का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । पंजाब से पधारे गुरु महाराज के उत्तराधिकारी गद्दीनशीन श्री अरविंदर सिंह जी महराज एवं बड़ी माता जी का दियरा वासियों ने धूमधाम से स्वागत किया। जन्मोत्सव के समय भजनों एवं कीर्तनों से भक्तगण झूम उठे। उक्त कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कई जनपदों से भक्तगण आकर महराज जी श्री मुख से श्री राम कथामृत का पान किए। जिसमें दास राकेश अग्रहरि ,पंकज पांडेय, महेंद्र सिंह (चन्द्रा बिल्डिंग मैटेरियल )गोपी बरनवाल,नन्हे अग्रहरि,राम मूरत सिंह,अनुभव अग्रहरि, अनुवेश अग्रहरि ,विनोद शर्मा , श्रवण अग्रहरि आदर्श अग्रहरि सहित, सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मथुरा में फर्जी असिस्टेंट कमाण्डेंट गिरफ्तार

मथुरा। 'फर्जी असिस्टेंट कमांडेंट को मथुरा में गिरफ्तार किया गया है। थाना हाईवे पुलिस ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया। फर्जी असिस्टेंट कमाण्डेंट बनकर लोगों से जालसाजी व महिलाओं को शादी का झांसा देकर शोषण व जालसाजी करने के आरोप हैं। अभियुक्त को फर्जी आईडी कार्ड, पीक कैप, सीआरपीएफ के यूनिफार्म का बेल्ट, बोर्ड नेम प्लेट, ड्राईविंग लाइसेन्स, नौ एटीएम कार्ड, दर्जनों अन्य व्यक्तियों के आधार कार्ड व ब्लैंक चेक, दो मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, अलग अलग पते वाले स्वयं के दो आधार कार्ड व एक ब्रिजा कार सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हरीश कुमार उर्फ सौरभ श्रीवास्तव' पुत्र अशोक श्रीवास्तव निवासी गिर्राजनगर नवादा थाना हाईवे जनपद मथुरा मूल निवासी लौवा कोना थाना कुरौव जिला प्रयागराज के रूप में हुई है जो एक प्राइवेट इन्श्योरेन्स कम्पनी में एजेन्ट का काम करता है तथा बीमा करने के लिए पुलिस व अद्धसैनिक बल के विभिन्न कैम्प में विजिट करता है। वहां से फोटोग्राफस् व वीडियों बनाकर तथा सीआरपीएफ की वर्दी में फोटों व रील बनाकर फर्जी रूप से असिस्टेंट कमाण्डेंट बनकर आम लोगों को विभिन्न अद्धसैनिक बल, आरपीएफ व अन्य विभाग में सरकारी नौकरी लगाने का लालच देता है तथा पैसे की ठगी करता है। अभियुक्त उपरोक्त द्वारा कई महिलाओं को भी सरकारी नौकरी व शादी का झांसा देकर ठगी शिकार बनाया गया है। जबकि यह स्वंय शादी शुदा है तथा इसकी दो बेटियां हैं। स्वंय को गैर शादीशुदा बताकर थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग की पीडिता से शादी करने का झांसा दिया गया जिसकी शिकायत थाने पर प्राप्त हुई इस सम्बन्ध में थाना हाइवे पर आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी के क्रम में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को सौख रोड चौराहा थानाक्षेत्र हाईवे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। पुलिस के मुताबिम यह पूर्व में भी जनपद प्रयागराज से जेल जा चुका है। कार्यवाही करने वाली टीम में आनन्द कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे, उमेश कुमार निरीक्षक अपराध थाना हाईवे, मोनू कुमार एसआई थाना हाईवे, मिथलेश उपाध्याय एसआई थाना हाईवे, सौरभ तेवतिया एसआई थाना हाईवे आदि थे।

## जश्न, मथुरा में प्रदेशभर में लक्ष्य के सापेक्ष सबसे ज्यादा वसूली

मथुरा। नगर निगम मथुरा वृंदावन के महापौर, पार्षद, अधिकारी और कर्मचारी एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। नगर निगम की ओर से बाकायदा वित्त वर्ष 2024-2025 के आंकड़े जारी किये गये। इसके बाद नगर निगम में उपलब्धि पर जश्न का माहौल है। महापौर और नगर आयुक्त को बधाई संदेष मिल रहे हैं। इस उपलब्धि का श्रेय महापौर, पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों को संयुक्त रूप से दिया जा रहा है। लगातार प्रयास के बाद नगर निगम ने यह उपलब्धि हासिल की है। महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त शशांक चौधरी के मार्गदर्शन में नगर निगम के कर विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा कर करेत्तर के लिये निर्धारित लक्ष्य 55 करोड़ के सापेक्ष 88 करोड़ 41 लाख की वसूली करायी गयी जो शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य से लगभग 33 करोड़ 46 लाख की अधिक वसूली की गयी जो एवं विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में वसूल की गयी धनराशि 43 करोड़ 88 लाख से 44 करोड 58 लाख अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर निगम द्वारा वसूली के पुराने रिकार्ड को ध्वस्त करते हुए वसूली के लिये नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसके कारण नगर निगम मथुरा वृन्दावन को पूरे उत्तर प्रदेश में कर करेत्तर वसूली में प्रथम स्थान मिला है। महापौर ने राजस्व वसूली के लिए किया उत्साह वर्धन महापौर, नगर आयुक्त, कर करेत्तर के प्रभारी अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार द्वारा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेन्द्र यादव, चारों जोन के कर अधीक्षक ब्रज कुमार, उम्मेद सिंह, सर्वेश कुमार एवं हरीकृष्ण गुप्ता के साथ सभी राजस्व निरीक्षकों एवं कर विभाग के सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में इसी प्रकार की राजस्व वसूली के लिए उनका उत्साह वर्धन किया गया।

### दो किलो से अधिक गांजे के साथ दो पकडे

मथुरा। थाना मगोर्रा पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो अभियुक्तों को नशीला पदार्थ गांजे के साथ गिरफ्तार किया। कब्जे से कुल 2 किलो 332 ग्राम गांजा बरामद किया है। थाना मगोर्रा पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर रामू उर्फ रामवीर पुत्र मन्धी निवासी बछगांव थाना मगोर्रा को बछगांव बम्बा पुलिया के पास से व अशोक सिंह पुत्र ओमवीर सिंह निवासी ग्राम फौडर नगला घरू थाना मगोर्रा ग्राम फौडर मगोर्रा रोड भट्टे के पास से गिरफ्तार किया गया।

## नगर निगम: चार साल में 15 से 88 करोड पर पहुंची वसूली

मथुरा। नगर निगम मथुरा वृंदावन साल दर साल वसूली के रिकार्ड तोड रहा है। पूरी उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में नगर निगम 100 करोड की वसूली का जादुई आंकड़ा पर कर जाएगा। हालांकि हाल ही में खत्म हुए वित्त वर्ष ही यह आंकडा पर हो सकता था, लेकिन निगम की ओर से जारी किये गये बिलों की संषोधन प्रक्रिया लम्बी चलने की वजह से यह आंकडा पार नहीं हो सका। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर में 62 प्रतिशत व करेत्तर वसूली में 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 15.43 करोड़ की वसूली की गई थी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरगदवा विकास खण्ड , बर्डपुर -सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बरगदवा विकास खण्ड - बर्डपुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / राज्य वित्त / 15 वॉ वित्त स्वच्छ भारत मिशन /अन्य योजनांतर्गत 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट , बालू , सीमेंट , सरिया , मोरंग , इंटरलाकिंग ईट , हयूम पाईप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित किया जाता है , इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 9.4.2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत *बरगदवा*2 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी धरोहर की धनराशि रू 0 5000 ( पाँच हजार ) रू 0 होगी ।

**नियम एवं शर्ते**

1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा । 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा । 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी । 5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी / एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय । 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी । 7- सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है । 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा । 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा । 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नही की जाएगी । 11- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा । 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा । 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत *बरगदवा* के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है । 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी । 15 निविदा फार्म ग्राम पंचायत बरगदवा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 ( एक सौ रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा । 16- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 17 स्ट्रीट लाइट , अत्येष्टि स्थल , पंचायत भवन , बारातघर , इंटरलाकिंग ईट , सीमेंट सीट , टीन शेड आदि ।

**अनिल कुमार ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- विकास खण्ड- बर्डपुर , जनपद- सिद्धार्थनगर**
**नागेन्द्र राव* सचिव ग्राम पंचायत बरगदवा- विकास खण्ड बर्डपुर,**
**जनपद- सिद्धार्थनगर**

## ईद एवं नवरात्रि के अवसर पर जियो जागो फाउंडेशन द्वारा निशुल्क सैनिटरी नैपकिन का वितरण




**नई दिल्ली।** ईद के मुकद्दस मौके तथा नवरात्रि के शुभ अवसर पर महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीयो जागो फाउंडेशन ने शिव पार्क,अंबेडकर नगर में निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण अभियान का आयोजन किया।इस पहल के तहत, फाउंडेशन ने जरूरतमंद महिलाओं और किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए और मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में नारी शक्ति नमोस्तुते पहल के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।जीयो जागो फाउंडेशन की इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म से जुड़ी झिझक और स्वास्थ्य समस्याओं से मुक्त कर, उन्हें जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है।फाउंडेशन के फाउंडर श्री धर्मवीर प्रभाकर ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता दें और इस अभियान का हिस्सा बनें। जियो जागो फाउंडेशन हमेशा अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करती रही है। इसके तहत विभिन्न तरह के सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर कमजोर वर्ग की सहायता एवं उन्हें जागरूक बनाने का काम फाउंडेशन द्वारा किया जाता है। यही कारण है कि आज यह फाउंडेशन जन जन की जुबान पर है और लोग मुक्त कंठ से इसके कार्यों की प्रशंसा कर रहे हैं। संस्था के फाउंडर धर्मवीर प्रभाकर एक ख्याति प्राप्त समाजसेवी है। जिन्होंने सेवा के बदौलत अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़ी मेंहदौली , विकासखण्ड , मोहनलालगंज , जनपद - लखनऊ

**पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/ टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक -02 /04/2025**

निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गढ़ी मेंहदौली में वर्ष 2025 - 2026 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक, - कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण , भूमिगत नाली निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प , खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय , स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र , सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यों हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़ी मेंहदौली पर निविदा दिनांक 8/04/2025 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा ।

नोट - (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है ।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

**श्रीमती सरिता**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत - गढ़ी मेंहदौली**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

**श्री शंशाक शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत - गढ़ी मेंहदौली**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भद्दी सिर्स, विकासखण्ड , मोहनलालगंज , जनपद - लखनऊ

**पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/ टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक -02 /04/2025**

निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भद्दी सिर्स में वर्ष 2025 - 2026 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक, - कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण , भूमिगत नाली निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प , खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय , स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र , सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यों हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से कार्यालय ग्राम पंचायत भद्दी सिर्स पर निविदा दिनांक 8/04/2025 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा ।

**नोट -** (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है ।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

**श्री सुरेश कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत - भद्दी सिर्स**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

**श्री शंशाक शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत - भद्दी सिर्स**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दयालपुर , विकासखण्ड , मोहनलालगंज , जनपद - लखनऊ

**पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/ टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक -02 /04/2025**

**निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दयालपुर में वर्ष 2025 - 2026 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक, - कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण , भूमिगत नाली निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प , खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय , स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र , सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यों हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से कार्यालय ग्राम पंचायत दयालपुर पर निविदा दिनांक 8/04/2025 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा ।

नोट - (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है ।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

**श्रीमती निर्मला पाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत - दयालपुर**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

**श्री शंशाक शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत - दयालपुर**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कनकहा , विकासखण्ड , मोहनलालगंज , जनपद - लखनऊ

**पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/ टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक -02 /04/2025**

**निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कनकहा में वर्ष 2025 - 2026 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक, - कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण , भूमिगत नाली निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प , खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय , स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र , सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यों हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से कार्यालय ग्राम पंचायत कनकहा पर निविदा दिनांक 8/04/2025 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा ।

**नोट -** (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है ।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

**श्री मंशाराम**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत - कनकहा**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

**श्री शंशाक शुक्ला**
**ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत - कनकहा**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

## कार्यालय ग्राम पंचायत करनपुर ,विकासखण्ड मोहनलालगंज, जनपद - लखनऊ

**पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/आर0सी0सी0 सेन्टर / टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक - 02/04/2025**

**निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करनपुर वर्ष 2025 - 2026 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक, - कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), आर0सी0सी0 सेन्टर , सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण , भूमिगत नाली निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प , खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय , स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र , सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यों हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से कार्यालय ग्राम पंचायत करनपुर पर निविदा दिनांक 08/04/2025 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा ।

नोट - (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है ।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

**श्री मदनमोहन सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत - करनपुर**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

**श्री शुभम मिश्रा**
**ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत - करनपुर**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर गढ़ी जमुनी ,विकासखण्ड मोहनलालगंज, जनपद - लखनऊ

**पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/आर0सी0सी0 सेन्टर / टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक - 02/04 /2025**

**निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामपुर गढ़ी जमुनी वर्ष 2025 - 2026 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक, - कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), आर0सी0सी0 सेन्टर , सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण , भूमिगत नाली निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प , खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय , स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र , सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यों हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर गढ़ी जमुनी पर निविदा दिनांक 8/04/2025 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा ।

**नोट -** (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है ।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

**श्री डा0 सत्य प्रकाश**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत - रामपुर गढ़ी जमुनी**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

**श्री शुभम मिश्रा**
**ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत - रामपुर गढ़ी जमुनी**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नवीनगर नगराम ,विकासखण्ड मोहनलालगंज, जनपद - लखनऊ

**पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/आर0सी0सी0 सेन्टर / टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक - 02/04 /2025**

**निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नवीनगर नगराम वर्ष 2025 - 2026 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक, - कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), आर0सी0सी0 सेन्टर , सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण , भूमिगत नाली निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प , खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय , स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र , सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यों हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से कार्यालय ग्राम पंचायत नवीनगर नगराम पर निविदा दिनांक 8/04/2025 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा ।

**नोट -** (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है ।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

**श्रीमती सुनीता**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत - नवीनगर नगराम**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

**श्री के0 पी0 सिंह**
**ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत - नवीनगर नगराम**
**विकासखण्ड - मोहनलालगंज**
**जनपद - लखनऊ**

# संक्षिप्त ख़बरें

## नवरात्र के महा गंगा आरती मे दुसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी



**विंध्याचल।** माँ विंध्यवासिनी पक्का घाट पर विन्ध्य विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित दैनिक माँ गंगा आरती के नवरात्र के महा गंगा आरती के दुसरे दिन सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी गंगा आरती का शुभारंभ माँ गंगा के स्तुति से किया गया जिसमें मुख्य अतिथि को आरती प्रमुख रामानन्द तिवारी व टीम द्वारा संकल्प कराकर माता गंगा का विशेष पुजन कराकर संगीतमय माँ गंगा महाआरती को प्रारम्भ किया जिसमे आरती के समय एक सौ एक थाली लेकर रिद्धी सिद्धी के रूप कन्याओं ने अर्चकों के साथ माता गंगा का आरती उतारी श्याम सुंदर केसरी ने कहा की माँ गंगा हमेशा बुलाती रहती है नगर पालिका से जो भी कार्य गंगा आरती के भव्यता के लिए होगा करता रहुगा आरती पश्चात मुख्य अतिथि को गंगा आरती संस्थापक/प्रमुख रामानन्द तिवारी व टीम द्वारा माता का चित्र व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया इस मौके पर जिला मंत्री भाजपा गौरव उमर वरिष्ठ समाजसेवी संजीव केशरी गंगा आरती टीम में आरती संस्थापक/ प्रमुख रामानन्द तिवारी जितेन्द्र मिश्रा प्रशांत उपाध्याय धीरज तिवारी साजन तिवारी दिनेश गुप्ता आनन्द तिवारी बलवंत सिंह गगन माली विश्वनाथ साहु रितिक मोदनवाल हिमांशु मिश्रा रमेश राज तिवारी रहे।

## थ्रेसर के साफ्ट मे सिर का बाल फसने से महिला की मौत



**गैपुरा।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के बलापुर गाँव में मंगलवार को डेढ़ बजे दिन में गैपुरा चौकी अंतर्गत बलापुर गाव मे गेहू की मडाई के दौरान गुनराजी देवी पत्नी मुन्नी लाल 55 की थ्रेसर मशीन में बाल फंस जाने से घटनास्थल पर ही पर मौत हो गयी। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर लगभग डेढ बजे एक बीघे खेत की गेहू की फसल की मडाई के लिए खेत मे ही मनराजी देवी परिवार के साथ थ्रेसर से गेहू की मडाई करा रहे थे। पूरी मडाई हो चुकी थी कुछ डंठल इधर उधर बिखरा था। उसी को समेटने के लिए गुनराजी देवी थ्रेसर के साफ्ट के पास गेहूं के डंठल को इकट्ठा कर रही थी कि गुनराजी देवी का बाल साफ्ट मे चला गया। साफ्ट बाल को लपेट लिया। कई राऊंड घुमा दिया।जिससे महिला के सिर के बाल उखड गये और महिला का एक हाथ भी कट कर अलग हो गया। मृतका को दो पुत्रो मे दिलीप 30, बिहारी 25, और एक पुत्री बंदना की माँ थी। सूचना पर गैपुरा चौकी पुलिस पहुंच कर आवश्यक कार्यवाही मे लगी है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## विकास के लिए तरस रहा है ग्राम पंचायत पंचायत भवन में नहीं होता पंचायत सहायक का दर्शन

### पंचायत भवन से लेकर सामुदायिक शौचालय तक का नहीं खुलता है ताला



**हलिया, मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत कोठी धौकल सिह मे चार वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं दिख रहा विकास विकास के नाम पर ग्राम पंचायत जीरो पर है ग्राम पंचायत में बनाए गए पंचायत भवन में पंचायत सहायक का नहीं होता दर्शन सामुदायिक शौचालय में लगातार लटक रहा है ताला नहीं खुलता सामुदायिक शौचालय सामुदायिक शौचालय में नहीं लगा है समरसेबल नरेगा में जमकर हुआ है घोटाला मरम्मत के नाम पर पैसा पास कर लिया जाता है लेकिन नहीं होता है मरम्मत आधा अधूरा पड़ा है आरआरसी सेंटर ग्राम पंचायत का कार्य सिर्फ कागज पर दिखाकर कराया जाता है भुगतान ग्रामीणों का कहना है कि अगर ग्राम पंचायत का जांच हो जाए तो जाच में सबसे ज्यादा घोटाला मिलेगा कोठी धौकल सिह मे वर्तमान ग्राम प्रधान अपने दबंगई पर चला रहे हैं ग्राम पंचायत ग्रामीणों का गंभीर आरोप ग्राम पंचायत में नहीं है किसी प्रकार की व्यवस्था एक कागज बनवाने के लिए 10 दिन लगाना पड़ता है ग्राम पंचायत का चक्कर पंचायत भवन पर जाने पर नहीं मिलते पंचायत सहायक।

# हर घर नल जल योजना का पानी न चालू होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**● हर घर नल योजना का मां शीतला धाम में नहीं मिला कोई लाभ टोटी देख कर पानी का इंतजार करते रहते हैं ग्रामीण**

स्वतंत्र प्रभात



**हलिया मिर्जापुर।** हलिया क्षेत्र के प्रसिद्ध गडबडा सितला धाम मे हर घर नल योजना के अंतर्गत पाइप बिछा दिया गया है टोटी भी लगा दिया गया है लेकिन नहीं मिलता ग्रामीणों को पानी पानी न चालू होने से ग्रामीणों में आक्रोश ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीण राह देखते रहते हैं लेकिन राह देखते देखते सुबह से शाम हो जाता है लेकिन योजनाओं का लाभ सही मिल नहीं पता है मां शीतला धाम में इतना बड़ा मेला लगता है लेकिन कोई भी मेले में हर घर नल योजना के अंतर्गत पानी ग्रामीणों को नहीं मिला कई एक बार ग्राम प्रधान सहित सक्षम अधिकारियों से भी शिकायत किया गया लेकिन पानी नहीं चालू हो सका जिससे ग्रामीणों ने बताया कि जब पानी का कोई काम नहीं रहेगा तब पानी चालू करने से कोई मतलब नहीं है इस समय नवरात्र का महीना चल रहा है श्रद्धांजलु बराबर मां के दरबार में माथा टेकने पहुंच रहे हैं पानी का जरूरत पड़ता है तो हैंडपंप और नदी का सहारा लेते हैं जिससे ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि हर घर नल योजना के अंतर्गत अगर पाइप बिछाया गया है तो पानी चालू होना जरूरी है हर घर नल का पानी चालू हो जाएगा तो हर जगह लोगों को तुरंत पानी उपलब्ध हो जाएगा तो नहीं होगा मेला क्षेत्र में पानी की समस्या इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रजनीश कुमार से बात किया गया रजनीश कुमार ने भी बताया कि कई बार इनके अधिकारियों से बात किया गया है लेकिन अभी तक पानी नहीं मिल पाया।

# जनपद में क्राइम कंट्रोल है पहली प्राथमिकता- अपर पुलिस अधीक्षक

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही।** जिले के नवागत अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने कहा कि जनपद के पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अपराध के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जाती है। कहा कि जिले में जो लोग भी अपराध करने के फिराक में है उनके ऊपर पुलिस की पैनी नज़र है। अपर पुलिस अधीक्षक ने अपराधियों क़ो सख्त संदेश देते हुए कहा कि जनपद में अपराध क़ो कंट्रोल करने में पुलिस पूरी तरह सक्रिय और मुस्तैद है। कहा कि जनपद में सभी नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में सीसी टीवी कैमरे लगे है लेकिन बाकी बचें अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की जरूरत है। क्योंकि जब सीसीटीवी कैमरा लगा रहेगा तो लोग अपराध करने से डरेंगे और अपराध में भी काफ़ी कमी रहेगी। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने कहा कि जनपद के कुछ ऐसे मामले है जिनका खुलासा होना बाकी है, इन मामलों के खुलासा के लिए पुलिस जुटी है।

जनपद में चोरी की घटनाओं के बारे में अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चोरी की घटनाओं क़ो लेकर पुलिस हमेशा सतर्क रहती है और चोरी की घटनाओं में बिना नंबर की गाड़ी या गाड़ियों पर टूटे नंबर प्लेट से चोर घटनाओं क़ो अंजाम देने में सफल हो जाते है। कहा कि इसको लेकर विशेष अभियान चलाया जायेगा जिससे लोग अपनी गाड़ियों का सही नंबर प्लेट लगाये और ऐसा करने से चोरी की घटनाओं में काफ़ी कमी आएगी। कहा कि आमजन क़ो भी शासन प्रशासन के तरफ से चलाये गए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। अपर पुलिस अधीक्षक सुभम अग्रवाल ने कहा कि जनपद में क़ानून व्यवस्था बनाये रखना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। आमजन क़ो पुलिस से बेझिझक होकर बात करें और जो भी समस्या हो उसे अवश्य बताये। महिला सुरक्षा क़ो लेकर कहा कि महिलाओं के किसी भी शिकायत के लिए भी सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क है जहां महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज कराती है और जिले में महिलाओं के अपराध में भी काफ़ी कमी आई है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था क़ो कायम रखने में आमजन भी पुलिस के लिए सहयोगी साबित हो सकती है, जिसमें किसी भी मामले क़ो उलझाने की जगह सुलझाने की जरूरत है। किसी भी तरह की अफवाह और किसी जाति या धर्म क़ो लेकर कोई टिप्पणी करने से बचने की जरूरत है। कहा कि किसी भी मामले की संदिग्धता होने पर पुलिस क़ो सूचित करना जरूरी है। कहा कि आमजन के सहयोग से पुलिस और बेहतर ढंग से कार्य करके जनपद में क़ानून व्यवस्था क़ो मजबूत कर सकती है।

# फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति हेतु जिलाधिकारी ने कंसापुर, पकड़ी कला, वारी का किया आकस्मिक निरीक्षण

**● फार्मर रजिस्ट्री कार्य में रूचि न लेने एवं अनुपस्थित होने पर लेखपाल को निलंबित करने का दिया निर्देश-जिलाधिकारी**

**ग्राम सचिवालय पकड़ी कला बन्द पाये जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी, रोजगार सेवक को कारण बताओ नोटिस-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही 01 अप्रैल 2025:-** जिलाधिकारी विशाल सिंह ने फॉर्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन की प्रगति के कार्य के संबंध में ग्राम पंचायत कंसापुर, ग्राम पंचायत वारी, ग्राम पंचायत पकड़ी कला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत पकड़ी कला का ग्राम पंचायत सचिवालय बंद पाए जाने के कारण ग्राम पंचायत अधिकारी व रोजगार सेवक को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया। फार्मर रजिस्ट्री कार्य में रुचि न लेने एवं उपस्थित न होने पर लेखपाल को तत्काल निलंबित करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। साथ ही कोटेदार उपस्थित न होने पर जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि संबंधित कोटेदार को तत्काल कारण बताओं नोटिस जारी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की यह योजना आप लोगों के लाभ के लिए है इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। अपने-अपने ग्राम पंचायत की प्रगति बढ़ाने में सहयोग दें। साथ ही जनपद के सभी ग्राम पंचायत के लेखपालों कोटेदार, सहज जन सेवा केंद्र के संचालक को कहा कि आपस में कोऑर्डिनेशन कर शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन कराने में सहयोग दें। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन ग्राम पंचायत में 70 प्रतिशत से कम फार्म रजिस्ट्री का रजिस्ट्रेशन हुआ है, उनकी सूची तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी को दे दें। साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि 70 प्रतिशत से कम प्रगति वाले ग्राम के कोटेदारों को चिन्हित कर इस आशय का आदेश निर्गत करे कि जिन किसान का फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। उनका कोटेदार राशन तब तक नहीं देंगे जब तक उनका रजिस्ट्रेशन ना कर ले। साथ ही कोटेदार भी इस कार्य में पूरा सहयोग दें अन्यथा की दशा में संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी भूमिधर/डाटाबेस (फार्मर रजिस्ट्री) के कियान्वयन के संबंध में भारत सरकार द्वारा निम्न निर्देश दिये गये- भूलेख के डाटाबेस को समेकित कर प्रत्येक राजस्व ग्राम के प्रत्येक समान नाम और पिता के नाम वाले कृषकों के आनलाईन बकेट तैयार कर राज्य को आनलाईन उपलब्ध कराना। उपरोक्त कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित मोबाईल ऐप का प्रयोग करते हुए समस्त कृषकों के सभी गाटों को सम्मिलित करते हुए कृषक के आधार से लिंक कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने कृषको के आनलाईन सहमति प्राप्त करते हुए ई-केवाईसी का कार्यवाही सुनिश्चित किया जायेगी। इस प्रकार प्रत्येक किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले समस्त गाटा सं0, सहखातेदार होने की स्थिति में गाटे में किसान का अंश, मोबाईल नं0, आधार सं0, ई-केवाईसी विवरण, रजिस्ट्री में दर्ज होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त कृषकों के आपदा/सूखा आकलन में सहायता मिलेगी। किसी प्रकार के स्वामित्व हस्तांतरण (विरासत, बैनामा इत्यादि) होने पर फार्मर रजिस्ट्री स्वतः हो जायेगी। समस्त कृषक भूमिधरों के अंश निर्धारण में सहायता मिलेगी। समस्त कृषकों के आधार लिंक रजिस्ट्री तैयार करने से योजनाओं का नियोजन, लाभार्थियों का सत्यापन, कृषि उत्पादों का विपणन, कृषकों की पहचान एवं प्रमाणीकरण में सुगमता प्रदान करना। कृषकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं को सुगम, पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना। किसानों के लिए ऋृण, दित, आदानों और अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए कृषि सेवाओं को सुगमता से उपलब्ध कराना तथा कृषि से संबंधित समस्त विभागों के बीच योजना अभिसरण का सरलीकरण होगा। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार सिंह एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विन्ध्याचल विन्ध्य महोत्सव के मंच पर बालीवुड सिंगर वरदान सिंह ने मचाया धूम

**● स्थानीय कलाकारो के गीतो ने भी लोगो किया आकर्षित**

**महोत्सव के द्वितीय दिन मा0 उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (राज्यमंत्री) ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ**

**मीरजापुर।** मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल चल रहे नव दिवसीय विन्ध्य महोत्सव में जहां मुम्बई नगरी के बालीवुड सिंगर व देश अन्य प्रदेशो से जाने माने कलाकारो के द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है वहीं स्थानीय कलाकारो के गीतो ने भी लोगो को अपनी तरफ आकर्षित किया हैं। नव दिवसीय विन्ध्य महोत्सव के द्वितीय दिन के कार्यक्रम का प्रदेश के मा0 उपाध्यक्ष राज्य वर्ग आयोग (राज्यमंत्री) श्री सोहन लाल श्रीमाली ने देवी चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मा0 उपाध्यक्ष ने सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारो को स्मृति चिन्ह, चुनरी देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि विन्ध्य महोत्सव के आयोजन से जनपद मीरजापुर की संस्कृति व सांस्कृतिक धरोहर, यहां की लोकविधा प्रदेश व देश के कोने-कोने में पहुंचाने का सुनरहा अवसर प्राप्त होगा तो वहीं स्थानीय कलाकारो को भी एक मंच मिलेगा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पर्यटन शक्ति प्रताप सिंह के द्वारा मा0 उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग को स्मृति चिन्ह व मां की चुनरी भेंटकर उनका स्वागत व अभिनन्दन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुम्बई नगरी से बालीवुड सिंगर वरदान सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा देवीगीत ''मेरी नैय्या उस पार लगाना पड़ेगा माता रानी मेरे दर पे आना ही पड़ेगा.....'' भजन सहित अनेक गीत प्रस्तुत कर पूरे माहौल को भक्तिमय बनाते हुए वाहवाही लूटी। तत्पश्चात स्थानीय कलाकारो में बिरहा गायक बद्री कवि का बिरहा देवीगीत, निर्मला प्रजापति, श्रीलक्ष्मी एवं रमेश भवरा के द्वारा अपनी प्रस्तुति कर अनेक देवीगीत, भजन प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक पंडाल एवं रोडवेज मार्ग पर प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने से सम्बन्धित प्रकाशित विकास पुस्तिका/बुकलेट का सूचना विभाग के कर्मचारियों द्वारा आने वाले श्रद्धालु व दर्शनार्थियों को वितरित किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी छानबे के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहें।

## निशुल्क प्रसाद वितरण कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

**मीरजापुर।** अष्टभुजा पहाड़ी पर हेलीपैड स्थल के सामने 07 ग्राम पंचायतो के प्रधानो द्वारा चैत्र नवरात्र मेला में दर्शन पूजन हेतु मां का दर्शन करने दूर दराज से आ रहे श्रद्धालुओ की सुविधा के दृष्टिगत निशुल्क प्रसाद वितरण कार्यक्रम का मां विन्ध्यवासिनी के चित्र पर माल्यार्पण कर भंडारे का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि मेला तक श्रद्धालुआ को अनवरत निशुल्क प्रसाद का वितरण कराया जाएगा तथा इसी क्रम में आज ग्राम प्रधान अकोढ़ी के द्वारा श्रद्धालुओ को निशुल्क प्रसाद का वितरण किया जा रहा हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सफाई कर्मियों को दस्ताना, मास्क भी वितरण किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सफाई कर्मियों को दस्ताना व मास्क का वितरण करने के साथ ही आने जाने वाले श्रद्धालुओ को प्रसाद का वितरण भी किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि की गई यह पहल बहुत ही अच्छी है और इसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को शामिल करते हुए यहां पर श्रद्धालुओ की सुविधा के दृष्टिगत क्या प्रयास किया जा सकते है उसका एक प्रोजेक्ट तैयार करे ताकि ग्रामीण क्षेत्रो की तरह यहां पर भी बेहतर सुविधाएं श्रद्धालुओ को मुहैया कराई जा सके और मेला क्षेत्र का बेहतर प्रबंधन भी किया जा सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, ग्राम अकोढ़ी के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहें।

# हर हर महादेव के जयघोष के साथ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ

**● कक्षा आठ के छात्रों को दी गयी विदाई**

स्वतंत्र प्रभात



**चुनार, मिर्जापुर।** नये शिक्षा सत्र के पहले दिन पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुनार के प्रांगण में स्थित प्राचीन शिव मन्दिर में पूरे विधि विधान के साथ पूजन सहायक अध्यापिका सुनीता कुमारी के द्वारा किया गया। जिसमें सभी छात्रों एवं अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यालय प्रांगण डमरू की डम डम एवं हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कक्षा सात के छात्रों द्वारा सभी को तिलक लगाया गया। पूजन के पश्चात कक्षा आठ के छात्रों की विदाई के क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। विगत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। शिवराज शर्मा को योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में अच्छी रैंक लाने के लिये कंचन विश्वकर्मा नोडल शिक्षक द्वारा विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित कक्षा आठ के सभी छात्रों को प्रभारी प्रधानाध्यापिका छाया रानी द्वारा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कक्षा आठ के छात्रों ने भी अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये सुधीर सिंह सहायक अध्यापक ने बच्चों से कहा जीवन में आगे बढ़ने के लिये अनुशासन ,संस्कार एवं समय का पाबन्द होना बहुत जरूरी है। जीवन में अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिये कोशिश करते रहना चाहिये कोशिश करने वालो की कभी हार नहीं होती। आप सब हमसे बिछड़ जरूर रहें है,लेकिन प्रकृति का नियम ही परिवर्तन है। परिवर्तनशील जीवन में मिलना और बिछड़ना लगा रहता है। तत्पश्चात सभी के लिये विद्यालय परिवार की ओर से भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें सभी छात्रों एवं अभिभावकों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के के अध्यक्ष प्रभुनाथ पाण्डेय सहित सम्मानित सदस्य गण एवं कंचन विश्वकर्मा,चंदू सोनकर, पंकज कुमार, बबलू भाई,श्याम शंकर सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, दिव्यांश मिश्रा, अवधेश शुक्ला सहित विद्यालय की अध्यापिका गिरजा देवी, सुनीता कुमारी, अंजू लता, अनीता देवी, अन्तिम वर्मा, संतोष कुमार एवं विनोद कुमार सहित विद्यालय के छात्र एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- केलाबेला वि.खं. सीखड़, मीरजापुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना/ पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवा वित्त आयोग (केन्द्रीय वित आयोग), मनरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एवं अन्य शासकीय योजनाओं से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्नलिखित सामग्री के आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म सामग्री की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से आवेदन शुल्क 500.00 रुपया जमा कर आवेदक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 2/4/25 से दिनांक 7/4/25 को सुबह 10 से 5 बजे तक बन्द लिफाफे में डाल सकते है. जो दिनांक 8/4/25 को पूर्वाहन 12 बजे क्रय समिति/निर्माण कार्य समिति के सदस्यों के समक्ष ग्रा.पं. कार्यालय में स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है-

सामग्री का विवरण-

1. ईट प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. इण्टरलाकिंग प्रति हजार, 3. लाल बालू मोरंग, महीन बालू प्रति घनमी., 4. ईट गिट्टी 25 एम.ए. प्रति पन भी., 5. एस्बेस्ट्रस सीट, पैन सीट, दरवाजा प्रति नग, 6. टाइल्स, कोटा स्टोन प्रति वर्ग मी., 7. स्टोन ब्लाडर प्रति घन मी., 8. NP3 ह्यूम पाइप 250, 300, 350, 450, 600mm प्रति नग मी., 9. सोलर लाइट, बेट्री, पैनल, स्ट्रीटलाइट 252W, 452W, 352W प्रति नग, 10. हैण्डपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री प्रति नग, 11. सीमेंट प्रति बोरी व प्रति घन मी., 12. सरिया प्रति कुन्तल, 13. पटीया 1 बोर्ड प्रति नग, 14. फर्नीचर/R.O. वाटर कूलर, प्रति नग, 15. लोहा, एन्गल प्रति किलो ग्राम, 16. PVC पैनल कार्य प्रति वर्ग मी., 17. कार्यालय स्टेशनरी, 18. रंगाई, पुताई इत्यादी सम्बंधित सामग्री, 19. प्लम्बरिंग सामग्री (CPVC) नल, समरसेबुल प्रति नग, 20. SBM-G सम्बंधित सामग्री प्रति नग, 21. PVC पाईप प्रति मीटर, एवं अन्य।

ग्रा.पं. कार्यों की सुची तथा प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्रा.पं. कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदादाता प्रत्येक कार्य/सामग्री की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्रत है।

**चन्दा देवी।**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत केलाबेला**
**वि.ख. सीखड़, मीरजापुर**

**मुकेश कुमार मिश्रा**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत केलाबेला**
**वि.ख. सीखड़, मीरजापुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- आराजी लाइन सुल्तानपुर वि.खं. सीखड़, मीरजापुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना / पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवा वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग), मनरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एवं अन्य शासकीय योजनाओं से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्नलिखित सामग्री के आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म सामग्री की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से आवेदन शुल्क 500.00 रुपया जमा कर आवेदक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर दिनाक 02/04/25 से दिनांक 07/04/25 को सुबह 10 से 5 बजे तक बन्द लिफाफे में डाल सकते है, जो दिनांक 08/4/25 को पूर्वाहन 12 बजे क्रय समिति/निर्माण कार्य समिति के सदस्यों के समक्ष ग्रा.पं. कार्यालय में स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है-

**सामग्री का विवरण-**

1. ईट प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. इण्टरलाकिंग प्रति हजार, 3. लाल बालू मोरंग, महीन बालू प्रति घनमी., 4. ईट गिट्टी 25 एम.ए. प्रति पन भी., 5. एस्बेस्ट्रस सीट, पैन सीट, दरवाजा प्रति नग, 6. टाइल्स, कोटा स्टोन प्रति वर्ग मी., 7. स्टोन ब्लाडर प्रति घन मी., 8. NP3 ह्यूम पाइप 250, 300, 350, 450, 600mm प्रति नग मी., 9. सोलर लाइट, बेट्री, पैनल, स्ट्रीटलाइट 252W, 452W, 352W प्रति नग, 10. हैण्डपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री प्रति नग, 11. सीमेंट प्रति बोरी व प्रति घन मी., 12. सरिया प्रति कुन्तल, 13. पटीया 1 बोर्ड प्रति नग, 14. फर्नीचर/R.O. वाटर कूलर, प्रति नग, 15. लोहा, एन्गल प्रति किलो ग्राम, 16. PVC पैनल कार्य प्रति वर्ग मी., 17. कार्यालय स्टेशनरी, 18. रंगाई, पुताई इत्यादी सम्बंधित सामग्री, 19. प्लम्बरिंग सामग्री (CPVC) नल, समरसेबुल प्रति नग, 20. SBM-G सम्बंधित सामग्री प्रति नग, 21. PVC पाईप प्रति मीटर, एवं अन्य।

ग्रा.पं. कार्यों की सुची तथा प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्रा.पं. कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदादाता प्रत्येक कार्य/सामग्री की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्रत है।

**सबिता देवी।**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत आराजी लाइन सुल्तानपुर**
**वि.ख. सीखड़, मीरजापुर**

**मुकेश कुमार मिश्रा**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत आराजी लाइन**
**सुल्तानपुर वि.ख. सीखड़, मीरजापुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-कुशहा वि.खं. सीखड़, मीरजापुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना / पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवा वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग), मनरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एवं अन्य शासकीय योजनाओं से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्नलिखित सामग्री के आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/फ में मामग्री की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से आवेदन शुल्क 500.00 रुपया जमा कर आवेदक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 02/04/25 से दिनांक 7/4/25 को सुबह 10 से 4 बजे तक बन्द लिफाफे में डाल सकते है, जो दिनांक 8/4/25 को पूर्वाह्न 12 बजे क्रय समिति/निर्माण कार्य समिति के सदस्यों के समक्ष ग्रा.पं. कार्यालय में स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है-

**सामग्री का विवरण-**

1. ईट प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. इण्टरलाकिंग प्रति हजार, 3. लाल बालू मोरंग, महीन बालू प्रति घननी., 4. ईट गिट्टी 25 एम.ए. प्रति घन मी., 5. एस्बेस्ट्रस सीट, पैन सीट, दरवाजा प्रति नग, 6. टाइल्स, कोटा स्टोन प्रति वर्ग मी., 7. स्टोन ब्लाडर प्रति घन मी., 8. $NP_3$ ह्यूग पाइप 250, 300, 350, 450, 600mm प्रति नग मी., 9. सोलर लाइट, बेट्री, पैनल, स्ट्रीटलाइट 252W, 452W, 352W प्रति नग, 10. हैण्डपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री प्रति नग, 11. सीमेंट प्रति बोरी व प्रति घन मी., 12. सरिया प्रति कुन्तल, 13. पटीया 1 बोर्ड प्रति नग, 14. फर्नीचर/R.O. वाटर कूलर, प्रति नग, 15. लोहा, एन्गल प्रति किलो ग्राम, 16. PVC पैनल कार्य प्रति वर्ग मी., 17. कार्यालय स्टेशनरी, 18. रंगाई, पुताई इत्यादी सम्बंधित सामग्री, 19. प्लम्बरिंग सामग्री (CPVC) नल, समरसेबुल प्रति नग. 20. SBM-G सम्बंधित सामग्री प्रति नग, 21. PVC पाईप प्रति मीटर, एवं अन्या, 22- डस्टबिन

ग्रा.पं. कार्यों की सूची तथा प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्रा.पं. कार्यालय पर उपलब्ध है । निविदादाता प्रत्येक कार्य / सामग्री की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्रत है।

**विद्यावती देवी।**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत कुशहा**
**वि.ख. सीखड़, मीरजापुर**

**मुकेश कुमार मिश्रा**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत कुशहा**
**वि.ख. सीखड़, मीरजापुर**

# सांसद फूलपुर/अध्यक्ष, जिला विकास निगरानी समिति (दिशा) की अध्यक्षता जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** सांसद फूलपुर/अध्यक्ष, जिला विकास निगरानी समिति (दिशा) प्रवीण पटेल की अध्यक्षता व डॉ0 विनोद कुमार बिन्द- सांसद भदोही की सहअध्यक्षता में रविवार को सर्किट हाउस सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य प्रमुख विषयों पर समिति के द्वारा विस्तार से समीक्षा की गयी एवं समिति के द्वारा बैठक में कार्यो को समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जाने एवं अन्य समस्याओं के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) के कार्यो की समीक्षा करते हुए समिति के द्वारा मनरेगा से कराये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता को बनाये रखने तथा मनरेगा के मजदूरों की मजदूरी का भुगतान समय से किये जाने के साथ-साथ सभी विधान सभा क्षेत्रों में एवं सभी ग्राम पंचायतों में कच्चा व पक्का काम निर्धारित मानक के अनुरूप समानुपातिक रूप से कराये जाने के लिए कहा गया।

अध्यक्ष ने ग्राम पंचायतों में बनने वाली सड़कों के किनारे जल निकासी हेतु नाली अवश्य बनाये जाने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत व लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराये गये कार्यो की समीक्षा में जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना व अन्य विभागों के द्वारा स्वीकृत कुछ ग्राम सड़कों के निर्माण कार्य के अधूरा रहने तथा कुछ सड़कों में गुणवत्ता में कमी का विषय उठाये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिशाषी अभियंताओ को ऐसी सड़कों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा सड़कों के निर्माण कार्यो में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया साथ ही साथ उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जांच कराये जाने पर यदि किसी भी सड़क की गुणवत्ता खराब पायी गयी, तो सम्बंधित अधिशाषी अभियंता एवं जेई उसके लिए जिम्मेदार होंगे साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि कार्य की धीमी प्रगति वाले ठेकेदारों को तत्काल ब्लैक लिस्ट किया जाये। बैठक में जनप्रतिनिधियों के द्वारा कहा गया कि जिन नई सड़कों के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा जाये, ऐसे प्रस्ताव के बारे में उन्हें भी जानकारी अवश्य दी जाये, तथा उनके सुझावों को भी प्रस्ताव में शामिल किया जाये, इस पर जिलाधिकारी ने पीडब्लूडी व अन्य विभागों के अधिशाषी अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन भी सड़कों का प्रस्ताव प्रेषित किया जाये, उसकी सूची सभी माननीय जनप्रतिनिधियों को पहले अवश्य उपलब्ध करा दी जाये तथा उनके सुझाव एवं प्रस्तावों को नियमानुसार प्राथमिकता पर शामिल करते हुए ही प्रस्ताव को शासन स्तर पर प्रेषित किया जाये। बैठक में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा गया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न होने पाये। अध्यक्ष ने कहा कि वृद्धा, विधवा, दिव्यांग सहित अन्य पेंशन योजनाओं से सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण समय से सुनिश्चित करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करायें। योजनाओं से छूटे हुए लोगो को लाभान्वित कराये जाने के लिए प्रत्येक 15 दिन में ब्लाक स्तर पर कैम्प लगाकर पात्र लोगो को लाभान्वित कराया जाये, जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को कैम्प लगाये , जिससे की जनप्रतिनिधि भी आयोजित कैम्पों में प्रतिभाग कर सके। बैठक में सामूहिक विवाह कार्यक्रमों को विधान सभावार भी कराये जाने के लिए कहा गया, जिसके लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

**प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास**

जनप्रतिनिधियों के द्वारा इसकी प्रगति के बारे में जानकारी ली गयी, अध्यक्ष के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से छूटे हुए लोगो को लाभान्वित कराये जाने के लिए चौपाल लगाये जाने के लिए कहा, जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि 7 अप्रैल को सभी पंचायतों में ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित की जाये तथा पीएम आवास से सम्बंधित सभी जानकारियां बैठक के माध्यम से लोगो को दी जाये। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत जल जीवन मिशन योजना के तहत कराये जा रहे कार्यो में सड़क की खुदाई करने के बाद उसको ठीक न कराये जाने, पाइप लाइनों के क्षतिग्रस्त होने, कार्य की धीमी प्रगति एवं अधूरे कार्यो का विषय उठाया गया, जिसपर जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन से सम्बंधित कार्यो की जांच के लिए पूर्व में ही जिला स्तरीय अधिकारियों की कमेटी गठित की गयी है, जो 15 अप्रैल तक अपना रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। रिपोर्ट के आधार पर यदि कहीं पर भी कमी पायी गयी, तो सम्बंधित कार्यदायी संस्था एवं सम्बंधित अधिशाषी अभियंता एवं अवर अभियंता की जिम्मेदारी तय की जायेगी। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जो कार्य अभी तक पूर्ण करा लिए गए है, उसके लिए थर्ड पार्टी के द्वारा भी जांच करायी जा रही है और थर्ड पार्टी के द्वारा सकारात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद यदि कार्य में कोई कमी पायी गयी, तो थर्ड पार्टी को इसके लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी माना जायेगा, उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या के दृष्टिगत ग्राम सभावार रोस्टर वाइज टैंकर की व्यवस्था कर वाटर सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। विद्युत विभाग की समीक्षा में जनप्रतिनिधियों के द्वारा खराब होने पर ट्रांसफार्मर समय से न बदले जाने, बार-बार जलने, कुछ स्थानों पर खम्भो को लगाये जाने के बाद अन्य कार्य न कराये जाने, समय से कनेक्शन न करने, कुछ क्षेत्रों में विद्युत कनेक्शन न होने, विद्युत लापरवाही से फसल के जलने व मुआवजे के भुगतान आदि से सम्बंधित विषय उठाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर बदलने के प्रक्रिया को ससमय करवाये, ट्रांसफार्मरों को गुणवत्ता के साथ रिपेयर कराये जाने व अन्य कार्यो को समय से कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने जिन क्षेत्रों के कुछ मजरों में अभी भी विद्युतीकरण नहीं हुआ है, उसकी लिस्ट बनाकर उन्हें व जनप्रतिनिधियों के साथ साझा करें और वहां पर विद्युतीकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने विद्युत लापरवाही से हुए फसल नुकसान के मुआवजे हेतु सम्बंधित से सम्पर्क कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मुआवजा दिलाये जाने के लिए कहा है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सीएचसी करछना की बिल्डिंग जर्जर होने, अस्पतालों में चिकित्सकों के अनुपस्थित रहने, स्वरूपरानी चिकित्सालय में चिल्ड्रेन वार्ड के शुरू न होने व मोबाइल हेल्थ एटीएम से सम्बंधित विषय उठाये जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से अस्पतालों में चिकित्सकों व अन्य स्टॉफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने व शेड्यूल बनाकर हेल्थ कैम्प लगवाये जाने के लिए कहा है। 70 वर्ष के ऊपर वालों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था करने व लोगो को इस योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी व जवाबदेही है कि जनपद में चल रहे विकास कार्यो को धरातल पर गुणवत्ता के साथ उतारा जाये और लोगो को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमसे लोगो की जो अपेक्षाएं, उम्मीदे व सपने है, उनको हम लोग साकार कर सके। अध्यक्ष ने कहा कि आज की बैठक में जो भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा विषय उठाये गये है और सुझाव दिए गए है, उनका अनुपालन सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि जनप्रनिधियों एवं अधिकारियों के मध्य संवाद बना रहना चाहिए, जिससे कार्य के साथ-साथ लोगो का विश्वास भी बना रहता है। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूँ कि बैठक में समिति की द्वारा जो भी सुझाव एवं निर्देश दिए गए हैं उनका शत -प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा बैठक मंजिले के सभी जनप्रतिनिधिगणों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद यादव सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# थाना मेजा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरों के गिरोह का भण्डाफोड़

## चोरी कि 04 अदद मोटरसाइकिल व एक अदद देशी तमंचा के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा एवं अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था डॉक्टर अजय पाल शर्मा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना मेजा राजेश कुमार उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में थाना मेजा पुलिस मुखविर की सूचना पर आज दिनांक 31.03.2025 को कठौली सब्जी मण्डी के पास से 04 नफर अभियुक्त 1. सूर्य प्रकाश पाण्डेय पुत्र रविशंकर पाण्डेय निवासी नाउनकला थाना हनुमना जिला मऊगंज म0प्र0 उम्र करीब 22 वर्ष 2. अजय गौतम पुत्र हरि गौतम नि0 ओलेपुर थाना जिगना मिर्जापुर उम्र करीब 23 वर्ष 3. शहजादे पुत्र लियाकत अली निवासी छोटा मिर्जापुर थाना कटरा कोतवाली जिला मिर्जापुर उम्र करीब 22 वर्ष 4. गप्पू कुमार गौतम पुत्र राम सागर गौतम निवासी कोलेपुर थाना जिगना जिला मिर्जापुर उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 04 अदद मोटरसाइकिल व एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक अदद लोहे की चेन बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना हाजा मु0अ0सं0 154/25 धारा 317 (2), 317(4),317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी ।

**संक्षिप्त विवरण**

आज दिनांक 31.03.2025 को मुखबिर की सूचना पर कठौली सब्जी मण्डी के पास से एक बाइक पर बैठे तीन व्यक्तियो को रोककर चेक किया गया तो अभियुक्त 1. सूर्य प्रकाश पाण्डेय पुत्र रविशंकर पाण्डेय निवासी नाउनकला थाना हनुमना जिला मऊगंज म0प्र0 के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ तथा अभियुक्त अजय गौतम पुत्र हरि गौतम नि0 ओलेपुर थाना जिगना मिर्जापुर के पास से एक अदद लोहे की चेन बरामद हुई पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि एक साथी पास में 03 मोटरसाइकिल के साथ खड़ा है । उनके निशानदेही पर 03 अदद मोटरसाइकिल के साथ उनके अन्य साथी को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 154/25 धारा 317(2),317(4),317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी । अभियुक्तो से पूछताछ करने पर उनके द्वारा द्वारा बताया गया कि हम लोग अलग-अलग जगहों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हे छुपा देते है तथा ग्राहक मिलने पर बेच देते है। तमंचे व चेन के सम्बन्ध में पूछने पर बताये कि हम यह तमंचा अपने साथ कभी चोरी करते हुए पकड़े जाये तो इससे मार-पीट कर और डरा कर भाग सके ।



जिला अधिवक्ता संघ प्रयागराज के चुनाव में अध्यक्ष पद पर विजयी श्री कृष्ण बिहारी तिवारी, मंत्री पद पर वरुण कुमार सिंह व कोषाध्यक्ष पद पर अखिलेश पाण्डेय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दी है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कबीरपुर ,विकासखण्ड गोसाईगंज, जनपद - लखनऊ

पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/ टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक -02 /04/2025

निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कबीरपुर में वर्ष 2025 - 2026 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक, - कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण , भूमिगत नाली निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प , खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय , स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र , सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यो हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से कार्यालय ग्राम पंचायत कबीरपुर पर निविदा दिनांक 8/04/2025 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा ।

नोट - (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है ।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

**श्रीमती रीता वर्मा**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत - कबीरपुर**
**विकासखण्ड - गोसाईगंज**
**जनपद - लखनऊ**

**श्री राम बहादुर शर्मा**
**ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत - कबीरपुर**
**विकासखण्ड - गोसाईगंज**
**जनपद - लखनऊ**

# महाकुम्भ मेला पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण द्वारा दुकानजी सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** मेला प्राधिकरण के सभागार मे सिविल डिफेंस के उत्कृष्ट योगदान के लिये सिविल डिफेंस ब्राण्ड एम्बेसेडर डिप्टी डिवीजनल वार्डेन, सृष्टि बेस्ट मैनेजमेंट के स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसेडर राजेंद्र कुमार तिवारी दुकानजी को पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण के कर कमलो द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया दुकानजी अंन्तराष्ट्रिय मूछ नृत्य कलाकार गिनीज बुक ऑफ वर्ड रिकॉर्ड, लिमका बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, ईडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, ए पी जे अबुल कलाम आजाद एवार्ड, भारत गौरव रत्न, उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान,और दुनिया के मुछ नृत्य के बेताज बादशाह की उपाधी से सम्मानित किये जा चूके है

# थाना नैनी व आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एक अभियुक्ता गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज ।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी वैभव सिंह के गठित पूरी टीम द्वाराआज थाना नैनी पुलिस व आबकारी पुलिस प्रयागराज की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर चक मुईउद्दीन चाका थाना नैनी प्रयागराज से अभियुक्ता रीता पत्नी मनीष कुमार निवासी 543क चक मुईउद्दीन उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार कर कब्जे से 03 पिपिया में 35 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया व 06 कुंतल लहन नष्ट किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नैनी पर मु0अ0सं0 154/2025 धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया । नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# यूपी में हाईकोर्ट के आदेश पर 582 न्यायिक अधिकारियों का ट्रांसफर

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में रविवार को बड़े पैमाने पर जजों का तबादला किया गया है। हाईकोर्ट ने 236 अपर जिला जज, 207 सिविल जज सीनियर डिवीजन व 139 सिविल जज जूनियर डिवीजन स्तर के न्यायिक अधिकारियों की वार्षिक तबादला सूची जारी कर दी है हालांकि इन न्यायिक अधिकारियों को कब तक चार्ज छोड़ना है, इस संबंध में अधिसूचना जारी नहीं की गई है। कानपुर नगर में 11 नए अपर जिला जज, नौ सिविल जज सीनियर डिवीजन और तीन सिविल जज जूनियर डिवीजन स्तर के न्यायिक अधिकारी चार्ज संभालेंगे जबकि यहां से 13 अपर जिला जज और सात सिविल जज सीनियर डिवीजन स्तर के न्यायिक अधिकारी स्थानांतरित कर दिए गए हैं। खास बात यह है कि पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सेवानिवृत्त हो गए हैं और बाकी चारों न्यायाधीशों का स्थानांतरण हो जाने से पारिवारिक न्यायालय की सभी अदालतों में न्यायाधीश बदल जाएंगे। बाराबंकी से राजीव महेश्वरम, बरेली से राकेश त्रिपाठी, फिरोजाबाद से पीयूष सिद्धार्थ, गोंडा से राजबहादुर रामदेव यादव, जौनपुर से विजय कुमार गुप्ता, लखीमपुर खीरी से सुभाष सिंह, मथुरा से राकेश सिंह, मुरादाबाद से रघुबर सिंह, प्रयागराज से रश्मि सिंह और लखनऊ से कल्पना व शुची श्रीवास्तव को कानपुर नगर भेजा गया है। कानपुर नगर से पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश आलोक कुमार को कौशांबी, रेखा सिंह को मुजफ्फरनगर, शगुर पवांर को बुलंदशहर और शिखारानी जायसवाल को देवरिया स्थानांतरित कर दिया गया है। साथ ही अपर जिला जज परमेश्वर प्रसाद को कुशीनगर, रघुवीर सिंह राठौर को प्रतापगढ़, सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी को मैनपुरी, श्रद्धा त्रिपाठी को कौशांबी, सुरेंद्र पाल सिंह को बदायूं, विकास गोयल को आगरा, योगेश कुमार को बुलंदशहर, राम अवतार प्रसाद को गाजीपुर, शुभी गुप्ता को अलीगढ़ भेजा गया है।

# ग्राम पंचायत अधिकारी के रवैये से जनता त्रस्त

**कोराव, प्रयागराज।** मामला कोरांव ब्लाक का है। देखने की बात यह है की ग्राम पंचायत अधिकारी के रवैए से आम जनमानस काफी परेशान हो गया है। जिससे आम जनमानस परेशान है उस ग्राम पंचायत अधिकारी का नाम है। विनोद कुमार भारतीय है जिनको मानपुर चिराव व हंडिया भवानी पुर टुडियार ग्राम पंचायतों का चार्ज मिला है। लेकिन देखने की बात यह है कि आज चार महीने के बाद भी नही बना सकें जन्म प्रमाण पत्र व ना तो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करके ना देने का काम किया है। जिससे आम जनमानस काफी परेशान हो चुका है । जिसकी शिकायत दो बार समा धान दिवस में की गई व बीडिओ कोरांव को भी लिखीत शिकायत दी गई और मोबाईल से कई बार समाज सेवीओ के द्वारा रोहित शुक्ला व विनोद आदिवासी के द्वारा शिकायत के बाद भी नही हुआ गरीबों का काम कर रहे है अनसुनी लोगों का फोन भी नही उठाते है। ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद कुमार भारतीय एक साफ सुथरी छवि की सरकार को ताड़ ताड़ करने से नही आ रहे है। ऐसे लापरवाह पंचायत मंत्री देखने की बात यह है की जहां सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाशन लखनऊ उत्तर प्रदेश के जानता का करने का दिये है आदेश लेकिन भोली भाली जनता के बिच में सरकार को बदनाम करने से नही आ रहे है ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद कुमार भारतीय आम जनमानस का कहना है कि ऐसे लापरवाह पंचायत मंत्री को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। देखने की बात यह भी है की लोगों का आरोप है की अपने ग्राम पंचायत मानपुर मे कभी भी नही आते है।तो कैसे होगा गरीबों दलितों वंचितों का काम। बाबा की सरकार में भी ऐसे लापरवाह ग्राम पंचायत अधिकारी देखने को मिल रहें।जो की कभी अपने ग्राम पंचायत में नही आते है।पुरा मामला मानपुर चिराव का है।

# कुंभ 2031 से पहले यमुना पर बनेगा रेलवे का तीसरा ब्रिज, चिनाब रेल ब्रिज की तर्ज पर होगा निर्माण

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज में यमुना नदी पर रेलवे का तीसरा पुल 2031 में लगने वाले कुंभ के पूर्व बन तैयार हो जाएगा। इस पुल को बनाए जाने का उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। पुल की खास बात यह होगी कि इसे जम्मू कश्मीर के चिनाब रेल ब्रिज (स्फेरिकल बेयरिंग पर आधारित) की तकनीक पर बनाया जाएगा। यह पूरी तरह से भूकंपरोधी होगा। प्रयागराज में अभी यमुना पर रेलवे के दो पुल हैं। दिल्ली-हावड़ा रूट पर प्रयागराज को नैनी से जोड़ने वाला पुल 159 वर्ष पुराना है, जबकि एक दूसरा अन्य पुल फ्रेट कॉरिडोर रेल मार्ग के लिए इरादतगंज के पास है। उक्त पुल से सिर्फ मालगाड़ियों की ही आवाजाही होती है। प्रयागराज से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक तीसरी लाइन बिछाए जाने का कार्य बीते दो वर्ष से हो रहा है। इसी को लेकर रेलवे ने यमुना पर पुराने पुल के समानांतर एक और पुल बनाने की तैयारी की है। बताया जा रहा है कि रामबाग में जीवन ज्योति अस्पताल के बगल से नई रेल लाइन गुजरेगी और यह नए पुल के माध्यम से यमुना के पार नैनी तक जाएगी। इस पुल की लंबाई लगभग 1546 मीटर की होगी। हालांकि, फाइनल डिजाइन बनने के बाद लंबाई घट या बढ़ सकती है। पुल बनाने का प्रस्ताव अब रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही आगे की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भूकंप से पुल को सुरक्षित रखने के लिए हर पिलर पर भूकंपीय अवरोधक (सिस्मिक अरेस्टर) लगाए जाएंगे। एनसीआर प्रयागराज मंडल के एडीआरएम संजय कुमार सिंह बताते हैं कि यमुना पर नए रेल पुल का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# नगर के ईदगाह में हजारों नमाजियों ने मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी

स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/हरदोई ।** ईदउल फितर का त्योहार सोमवार को बेनीगंज नगर कस्बे सहित देहात क्षेत्र में उत्साह से मनाया गया। नगर के ईदगाह में सुबह नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों संख्या की तादाद में नमाजियों ने पहुंच कर ईदुल फितर की नमाज अदा की। ईदगाह पर मेला भी लगा। बच्चों ने जमकर खेल तमाशों का लुत्फ उठाया। इसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। घरों में जाकर सिवई खायीं। नमाज से पहले तकरीर करते हुए मौलाना नईमुद्दीन कासमी ने कहा हमारे यहां शांति और अमन के साथ ईद का त्यौहार मनाया जाता है। हम एक दूसरे के भाई हैं हम लोग मिलकर रहे। हम नफरतों को मिटाए अमन शांति के साथ रहे। ईदुल फितर उन्हीं लोगों का इनाम है जिन लोगों ने रोजे रखे। अपनी ईद की खुशियों में उन लोगों को भी शामिल करिए जो लोग अपनी गरीबी की वजह से ईद की खुशियां मनाने से मजबूर हैं। मुल्क के लिए अमन और तरक्की के लिए दुआ की गई। उन्होंने यह भी बताया है कि लगभग ईदगाह में करीब पांच हजार नमाजियों ने नमाज अदा की है।ईदगाह में पहुंचे चेयरमैन प्रतिनिधि रूपेश अंजाना, सभासद राजेश चौधरी, मोनू , पवन अंजाना पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश वैश्य अपने साथियों के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह परिसर के बाहर समाजसेवी मनीष वर्मा द्वारा कैंप लगाया गया। कैंप पर मनीष वर्मा सहित सुरेंद्र कुमार गुप्ता, तिलक चंद्र पासी सहित नगर के संभ्रांत लोग मुस्लिम भाइयों से मिलकर ईद उल फितर की शुभकामनाएं प्रेषित की। सुरक्षा को लेकर ईदगाह पर कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कुमार पंकज मय पुलिस बल सात मुस्तेज रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सठवारा ,विकासखण्ड गोसाईगंज, जनपद - लखनऊ

पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/ टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक -02 /04/2025

निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सठवारा में वर्ष 2025 - 2026 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक, - कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण , भूमिगत नाली निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प , खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय , स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र , सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यो हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से कार्यालय ग्राम पंचायत सठवारा पर निविदा दिनांक 8/04/2025 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा ।

नोट - (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है ।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

**श्री सुखई लाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत - सठवारा**
**विकासखण्ड - गोसाईगंज**
**जनपद - लखनऊ**

**श्री राम बहादुर शर्मा**
**ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत - सठवारा**
**विकासखण्ड - गोसाईगंज**
**जनपद - लखनऊ**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कासिमपुर बिरूहा ,विकासखण्ड गोसाईगंज, जनपद - लखनऊ

पत्रांक- मेमो / पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग / मनरेगा / एस0एल0डब्लू0एम0 / सी0एस0सी0/ टेंडर / 2025 -2026 / दिनाँक -02 /04/2025

निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कासिमपुर बिरूहा में वर्ष 2025 - 2026 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक, - कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण , भूमिगत नाली निर्माण, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प , खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय , स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र , सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यो हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से कार्यालय ग्राम पंचायत कासिमपुर बिरूहा पर निविदा दिनांक 8/04/2025 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा ।

**नोट** - (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है ।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा ।

**श्रीमती शिमला देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत - कासिमपुर बिरूहा**
**विकासखण्ड - गोसाईगंज**
**जनपद - लखनऊ**

**श्री राम बहादुर शर्मा**
**ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत - कासिमपुर बिरूहा**
**विकासखण्ड - गोसाईगंज**
**जनपद - लखनऊ**

# संक्षिप्त ख़बरें

## सरहुल पर्व प्रकृति पूजा का प्रतीक है- सुनील कुमार सिंह



**रांची, झारखंड-** झारखंड सहित देशभर में प्राकृतिक पर्व सरहुल 2025 को लेकर हर्षोल्लास का माहौल है। यह पर्व धरती माता की आराधना और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का प्रतीक है। वसंत ऋतु के आगमन के साथ मनाया जाने वाला यह त्योहार हरियाली, उपजाऊ भूमि और नवजीवन का संदेश देता है। सरहुल के दिन साल वृक्ष की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, जिसे शक्ति, पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक परिधानों में सजकर नृत्य-गान करते हैं और रीति-रिवाजों के अनुसार अनुष्ठान संपन्न करते हैं। सरहुल न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति से जुड़ाव का भी संदेश देता है। इस पर्व के माध्यम से प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने और जल, जंगल, जमीन की रक्षा का संकल्प लिया जाता है। इस पावन अवसर पर सुनील कुमार सिंह, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं राष्ट्रीय अखबार द ग्राम टुडे के झारखंड ब्यूरो चीफ ने झारखंड सहित देशवासियों को सरहुल पर्व 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई दी। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

## बनासो में जल यात्रा के साथ पांच दिवसीय हनुमत महायज्ञ प्रारंभ



**विष्णुगढ़, झारखंड-** बिष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो में 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक चलने वाले हनुमत महायज्ञ का शुरुआत कोनार डैम से सैकड़ो महिलाओं द्वारा कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप प्रवेश किया गयातत्पश्चात पंचांग पूजन मंडप प्रवेश वैदिक पूजन स्तंभ पूजनाली संध्या महा आरती की गई। महायज्ञ5 दिनों तक चलेगी जिसमें प्रत्येक दिन संगीत मय प्रवचन संध्या 7:00 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक मंजू लता शास्त्री देवघर के द्वारा किया जाएगा एवं वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा 10:00 बजे रात्रि के बाद रासलीला किया जाएगा यज्ञ में हवन एवं पूजन अग्नि प्रज्वलन कार्यक्रम आचार्य वीरेंद्र शास्त्री आचार्य पुरेंद्र पांडे बटेश्वर मिश्र अमन पांडे सहित11 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिपूर्वक किया जाएगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रयाग पासवान रामेश्वर पासवान दामोदर रविदास नरेश पासवानभागीरथ पासवान संतोष पासवान हीरालाल पासवान छेदी पासवान राजन पासवान बैजनाथ रविदास चंद्र रविदास मिट्ठू रविदास जय नाथ यादव निर्मल रविदास रामचंद्र पासवान सुमिंद्र पासवान सहित अन्य धर्म प्रेमी यज्ञ को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

## सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर और वसीम ने निभाया इंसानियत का फर्ज, घायल शिक्षक का किया मदद




**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड के अंतर्गत छोटकी बरही निवासी शिक्षक सुरेंद्र कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। यह दुर्घटना बरही गर्ल्स हाई स्कूल के समीप उस समय हुई जब वह स्कूल जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने समय रहते उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जिससे उनकी जान बच सकी। सूचना मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार और उनके साथी वसीम अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से संपर्क कर सुरेंद्र कुमार का उचित इलाज सुनिश्चित कराया। डॉक्टरों की तत्परता और सिकंदर-वसीम के प्रयासों के चलते फिलहाल शिक्षक सुरेंद्र कुमार खतरे से बाहर हैं। घटना के बारे में सुरेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल जाते समय अचानक उनके सामने मवेशी आ गया, जिससे संतुलन बिगड़ने पर वे सड़क पर गिर गए। हालांकि, हेलमेट पहनने के कारण उन्हें गंभीर चोट नहीं आई। उन्होंने सभी वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की अपील की, जिससे इस तरह की दुर्घटनाओं में जान बचाई जा सके। गौरतलब है कि बरही पंचमाधव निवासी सिकंदर कुमार अपने सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं। वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं और इस बार भी उन्होंने इंसानियत की मिसाल पेश की। स्थानीय लोगों ने उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद दिया।

# मारवाड़ी समुदाय की महिलाओं ने की धूमधाम से गणगौर पूजा, पारंपरिक रीति-रिवाज से किया विसर्जन

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग में मारवाड़ी समुदाय की महिलाओं ने मंगलवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गणगौर पूजा का समापन किया। होली के दिन से प्रारंभ हुई इस पूजा के अंतिम दिन महिलाओं ने राजस्थानी परंपराओं के अनुसार विधि-विधान से गणगौर माता का पूजन कर श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया। विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं कुंवारी कन्याओं ने मनचाहा वर पाने के लिए व्रत रखा। गणगौर पूजा चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है, जिसमें गण (भगवान शिव) और गौर (माता पार्वती) की उपासना की जाती है। यह पर्व मुख्य रूप से मारवाड़ी समाज द्वारा मनाया जाता है, जिसमें महिलाएं 18 दिनों तक गणगौर माता की आराधना करती हैं। होली के अगले दिन से ही महिलाएं विशेष पूजा की तैयारियों में जुट जाती हैं। गणगौर पूजा में महिलाओं ने पारंपरिक सामग्रियों का उपयोग किया, जिसमें साफ पटा,कलश, काली मिट्टी, होलिका की राख, गोबर, सुहाग की वस्तुएं (मेहंदी, बिंदी, सिन्दूर, काजल, इत्र), शुद्ध घी एवं अन्य पूजन सामग्री शामिल थीं। पूजा के दौरान शिव-गौरी को सुंदर वस्त्र अर्पित किए गए और माता पार्वती को सम्पूर्ण सुहाग सामग्री चढ़ाई गई। महिलाओं ने चन्दन, अक्षत, धूप, दीप, दूब और पुष्पों से माता की पूजा-अर्चना की और गेहूं, पूड़ी, फल आदि का भोग अर्पित किया। पूजा के बाद महिलाएं पारंपरिक लोकगीत गाती हैं और पूरे हर्षोल्लास के साथ त्योहार को मनाती हैं। गणगौर पूजा का विशेष महत्व यह भी है कि इस दिन महिलाएं दोपहर तक व्रत रखती हैं और गणगौर माता की कथा सुनने के बाद ही व्रत खोलती हैं। पूजा के समय गणगौर माता पर जल से छींटे दिए जाते हैं, जिसे महिलाएं सुहाग का प्रतीक मानकर अपने ऊपर भी छिड़कती हैं। यह पूजा उनके सुखी दांपत्य जीवन और परिवार की खुशहाली का प्रतीक मानी जाती है।गणगौर विसर्जन की प्रक्रिया भी परंपरा के अनुसार पूरी की गई। मान्यता है कि जिस स्थान पर गौरीजी की स्थापना होती है, वह उनका मायका माना जाता है और जहां विसर्जन किया जाता है, वह उनका



ससुराल। इसी मान्यता के तहत शुभ मुहूर्त में महिलाओं ने गणगौर माता को पानी पिलाकर निकट के तालाब में श्रद्धा के साथ विसर्जित किया। पूजा के बाद महिलाओं ने राजस्थानी लोकगीत गाए और पारंपरिक नृत्य किया। इस अवसर पर पूजा में सम्मिलित एक महिला ने कहा की गणगौर हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। इस पूजा के माध्यम से हम अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं और अपनी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। यह पर्व महिलाओं को आत्मशक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

# विधायक ने सरहुल महोत्सव में की प्रकृति पूजा, पारंपरिक नृत्य में हुए शामिल

● प्रकृति के प्रति हमारी गहरी आस्था का प्रतीक है सरहुल पर्व- विधायक मनोज यादव

स्वतंत्र प्रभात



**बरही, झारखंड-** रानीचुआं पंचायत के कुटमा फुटबॉल मैदान में सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी समुदाय में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सरना स्थल पर विधि-विधान से पूजा की गई और प्रकृति के देवताओं तथा पूर्वजों से अच्छी फसल और पर्याप्त बारिश की प्रार्थना की गई। इस आयोजन में बरही विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने भी प्रकृति की पूजा-अर्चना कर सभी आदिवासी भाइयों और बहनों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दीं। विधायक मनोज कुमार यादव ने इस दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्र मांडर बजाया और समुदाय के साथ पारंपरिक नृत्य में झूमकर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरहुल प्रकृति के प्रति हमारी गहरी आस्था और प्रेम का प्रतीक है।

यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाता है। प्रकृति हमारी जीवनदायिनी है, और हमें इसे संरक्षित रखने की जिम्मेदारी उठानी होगी। इस समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो. कयूम अंसारी, समाजसेवी मुन्ना यादव, उपमुखिया किरण देवी, ब्रहमदेव यादव, राजकुमार यादव और मिथलेश यादव शामिल थे। मंच संचालन हीरालाल हँसदा और मोहन हँसदा ने संयुक्त रूप से किया।सरहुल महोत्सव को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन हँसदा, उपाध्यक्ष रामेश हँसदा, सचिव सूरज हेंब्रम, उप सचिव बाबुलाल मुर्मू, कोषाध्यक्ष सोनाराम हँसदा और समिति सदस्य संतोष हँसदा, राजेश हेंब्रम, अजय मुर्मू, छोटेलाल मुर्मू, सुरेश हँसदा सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में उमड़े जनसैलाब और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए इस महोत्सव ने आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक एकता और परंपराओं के प्रति उनके समर्पण को उजागर किया।

# भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन-पूजन और सुंदरकांड पाठ के साथ नवीन सत्र का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** मंगलवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर हवन-पूजन, सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ आयोजित किया गया। विद्यालय के आचार्य अनमोल जी ने पूजन कार्य सम्पन्न कराया। मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय एवं साहू समाज के पदेन मुखिया सुरेश जी ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर को और अधिक विशेष बनाने के लिए आकर्षक रंगोली सजाई गई, जिससे हवन-पूजन स्थल की भव्यता बढ़ गई।विद्यालय में प्रवेश करने वाले सभी विद्यार्थियों का चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया गया, जिससे उनमें आत्मीयता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। सुंदरकांड और हनुमान



चालीसा पाठ में सभी भैया-बहनों और आचार्य दीदीजी ने विशेष रूप से भाग लिया। उपस्थित विद्यार्थियों ने भी पूरे श्रद्धा भाव से हवन-पूजन में सहभागिता निभाई।पूजा संपन्न होने के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि नवीन सत्र का शुभारंभ आध्यात्मिक वातावरण में करना विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा को जागृत करता है। हवन और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से शिक्षा का प्रारंभ करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो बच्चों को आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से जोड़ता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता जताई।

# बलकुदरा माइन में ऐतिहासिक उपलब्धि, 125% उत्पादन लक्ष्य हासिल

स्वतंत्र प्रभात

**भुरकुंडा-** बलकुदरा माइन ने इस वर्ष उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। 2024-25 के वार्षिक उत्पादन समारोह में यह घोषणा की गई कि बलकुदरा माइन ने 10,07,29 टन कोयले और 13 लाख क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन (ओबी) हटाकर अपने लक्ष्य का 125त्न से अधिक उत्पादन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी राकेश कुमार सत्यार्थी ने सभी कर्मियों और अधिकारियों के बीच मिठाइयाँ बाँटकर खुशी साझा की। उन्होंने कहा, ÷यह जीत पूरी टीम की मेहनत और एकजुटता का परिणाम है। हर व्यक्ति ने समर्पण और उत्साह के साथ काम किया, तभी हम यह लक्ष्य हासिल कर सके।÷

**आगे के लक्ष्य और नई संभावनाएँ-** इस शानदार उपलब्धि के बाद बलकुदरा माइन को अगले वर्ष 8 लाख टन कोयला



और 10 लाख क्यूबिक मीटर ओबी हटाने का लक्ष्य मिला है। इसके अलावा, अगले चार महीनों में एक नई माइन खुलने जा रही है, जिससे करीब 50 लाख टन कोयले के उत्पादन का अनुमान लगाया जा रहा है।

**समारोह में जोश और उत्साह का माहौल-** उत्साह और उमंग के बीच समारोह में सबसे पहले परियोजना पदाधिकारी राकेश कुमार सत्यार्थी को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी राकेश कुमार सत्यार्थी, कमर फहीम, बब्लू कुमार, पंकज कुमार सिंह, अविनाश चंद्र, अंकुर विश्वनाथ, अभिषेक कुमार, रिशु कुमार, आकीब जावेद, एस.एम. राजकुमार, मनोज राम, ओमप्रकाश ओझा, शैलेंद्र सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह सहित दर्जनों अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। बलकुदरा माइन की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और आने वाले समय में इसके और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

# ईद के मुबारक मौके पर ह्यूमन राइट्स कॉन्सिल अध्यक्ष रिज़वान अली के आवास पर दिखा गंगा-जमुनी तहजीब का शानदार नजारा

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** सोमवार को ईद के मुबारक मौके पर ह्यूमन राइट्स कॉन्सिल मानवाधिकार परिषद बरही के अध्यक्ष सह मोमिन कॉन्फ्रेंस बरही अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के कोनरा पंचायत अध्यक्ष रिज़वान अली के आवास पर गंगा-जमुनी तहजीब का अद्भुत नजारा देखने को मिला। ईद की नमाज के बाद बरही प्रखंड के विभिन्न समुदायों के दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु ईद की मुबारकबाद देने उनके घर पहुंचे। रिज़वान अली ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया और पारंपरिक मिठाइयों, विशेष रूप से मीठी सेवइयों सहित अन्य व्यंजनों से मेहमानों का सत्कार किया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दीं, जिससे



साम्प्रदायिक सौहार्द्र और आपसी भाईचारे का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, एससी मोर्चा के बरही अध्यक्ष कार्तिक पासवान, पत्रकार राजेश केशरी, रितेश कुमार, अनुज यादव, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज रविदास, अजय आनंद, अभिषेक सिंह, संजय सिंह, मोहम्मद मुस्तकिम, खुर्शीद अंसारी, मंसूर अंसारी, महताब आलम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ईद मिलन समारोह के इस आयोजन ने सामाजिक समरसता और भाईचारे को और मजबूती प्रदान की। उपस्थित लोगों ने इसे एक अनूठा अवसर बताया, जहां हर धर्म और समुदाय के लोग मिलकर प्रेम और सौहार्द्र के संदेश को आगे बढ़ा रहे थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरहुल महोत्सव में की पूजा-अर्चना, झारखंड के उज्ज्वल भविष्य का आह्वान

स्वतंत्र प्रभात

**रांची, झारखंड-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदिवासी कॉलेज छात्रावास, करमटोली, रांची में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव में हिस्सा लिया और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सखुआ का वृक्ष लगाकर प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरहुल हमारी परंपरा, संस्कृति और आस्था से जुड़ा पर्व है, जिसे हमारे पूर्वजों ने सहेजा है और हमें इसे और मजबूत करना है। उन्होंने झारखंड के विकास को ध्यान में रखते हुए अगले 25 वर्षों के लिए योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। सरकार राज्य के छात्रावासों का जीर्णोद्धार कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आदिवासी कॉलेज छात्रावास, करमटोली और महिला कॉलेज छात्रावास में मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग बनाई जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल पढ़ाई पर ध्यान दें, बाकी व्यवस्था सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में हमें अपनी परंपराओं और संस्कृति के लिए भी समय निकालना चाहिए। इससे न केवल हमारी आने वाली पीढ़ी को सही दिशा मिलेगी, बल्कि आपसी रिश्ते भी मजबूत होंगे। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की और विधायक



कल्पना सोरेन ने भी पारंपरिक पूजा-अर्चना कर राज्य के विकास और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने झारखंडवासियों को सरहुल पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हम सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

# लश्करी गांव में 200 केवीए ट्रांसफार्मर का विधायक मनोज यादव ने किया उद्घाटन, ग्रामीणों ने जताया आभार

● क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता- मनोज कुमार यादव

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड के रसोइया धमना पंचायत अंतर्गत लश्करी में 200 केवीए के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप रजक ने विधायक मनोज कुमार यादव व जीप सदस्या प्रीति कुमारी का बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक मनोज यादव ने कहा कि उनका प्रयास है कि गांव-गांव तक बिजली की सुविधा पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह ट्रांसफार्मर स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही बिजली संबंधी समस्या का समाधान करेगा और



अब ग्रामीणों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। जीप सदस्या प्रीति कुमारी ने कहा कि माननीय बरही विधायक का प्रयास होता है कि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधा का मिलें।

सरकारी योजना को धरातल पर उतारने के लिए विधायक शतत प्रयत्नशील रहते है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, मुखिया गोविंद साहू, उप मुखिया बीरेंद्र कुमार, प्रदीप रजक, नंदकिशोर गुप्ता, सतेंद्र रजक, प्रकाश प्रजापति समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की और विधायक मनोज यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्य होंगे, जिससे जन-जीवन में सुधार आएगा।

# सैयद सेराज अहमद, ब्यूरो चीफ बलिया

● सरयू नदी में नहाते समय डूबे चाचा और भतीजा

मनियर के नवका ब्रह्म बाबा के मेला में आए थे दोनों

स्वतंत्र प्रभात



**बलिया (यूपी)** मनियर थाना अंतर्गत रिगवन मठिया घाट पर मंगलवार की सुबह सरजू नदी में नहाते समय चाचा-भतीजा गहरे पानी में डूब गए। ज़िला संवाददाता सैयद सेराज अहमद को प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है। घंटों की तलाश के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला गया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बिलखती हुई मां को देख हर सभी की आंखें नम हो गई।

क्षेत्र के मनियर स्थित नौवका बाबा के मेले में गोरखपुर से एक बस में सवार होकर श्रद्धालु आए थे। इसमें गोरखपुर थाना क्षेत्र के चौरी चौरा के ग्राम खास डुमरी बसंत टोला निवासी भीम पटेल (30) पुत्र रामआग्रह पटेल व उनका भतीजा बीरु पटेल (15) पुत्र गोविंद पटेल आए हुए थे।बताया जाता है कि दोनों चाचा भतीजे मंगलवार की सुबह रिगवन घाट पर सरयू नदी के किनारे परिजनों के साथ नहाने गए थे। जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए, और डूबने लगे। वहां उपस्थित लोगों ने बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन बचा नहीं पाए। इसके बाद दोनों की तलाश शुरू हो गई। काफी लंबे समय की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव को बाहर निकला गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। वहीं वीरू की मां सुनी देवी दहाड़े मार,छाती पीट पीट कर रोने लगी।क्षेत्र में इस घटना से लोग भयभीत हैं।

# संदिग्ध वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस रख रही नजर, संदेह होने पर वाहनों की की जा रही जांच

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** रामनवमी महापर्व को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड में है। पुलिस जहां शहर के हर गतिविधि पर नजर जमाए है वहीं ट्राफिक पुलिस भी अपने काम में बखूबी लगी है। ट्रैफिक पुलिस हजारीबाग शहर आने जाने वाली हर संदिग्ध वाहनों पर नजर रखे हुए है और जांच भी कर रही है। शहर के चौक चौराहों के साथ शहर के हर एंट्री प्वाइंट पर भी संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही। यह जानने की कोशिश की जा रही कि उक्त वाहन कहां से आ रही और कहां जा रही है। साथ ही उस पर कौन बैठा है।



इसके अलावा वाहनों के कागजात की भी जांच की जा रही

यातायात प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि रामनवमी को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हम वैसे वाहनों पर विशेष नजर रखे हुए है जिस पर संदेह हो रहा, वैसे वाहनों की विशेष जांच भी की जा रही है। बताया कि मंगलवार सुबह कई स्थानों पर वाहनों की जांच की गई है। इसी क्रम में आनंदा चौक पर एक संदिग्ध वाहन जो बाहरी नंबर की थी उसकी जांच की गई है। साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि घर से निकले तो गाड़ी के कागजात दुरुस्त कर लें। इसके अलावा अगर दो चकिया वाहन से निकले तो हेलमेट और चार चकिया वाहन से निकले तो सीट बेल्ट अवश्य लगा कर निकले।

# संचारी रोग व दस्तक अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन एक अप्रैल से 30 अप्रैल एवं दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष कापरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्र प्रकाश खरे, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा सफाई कर्मियों स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई वाहनों आदि की रैली को नगर पालिका कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली से पूर्व उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को संचारी रोगों के रोकथाम व बचाव हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने शपथ दिलायी, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि संचारी रोगों की रोकथाम हेतु समस्त संबंधित विभागों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कीटनाशक दवाओ का छिडकाव, नालियों की सफाई, झाडियों की कटाई, पशुपालकों का संवेदीकरण आदि कार्य किया जायेगा। अभियान के सफल संचालन हेतु समस्त ब्लाकों व शहरी क्षेत्र में नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। मॉनिटरिंग एजेंसियों, डब्लूएचओ व यूनीसेफ द्वारा अभियान की गुणवत्ता सुधारने हेतु सहयोगात्मक कार्य किया जायेगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जीआर रतमेले ने बताया दस्तक अभियान दिनांक 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चलाया जायेगा जिसके अन्तर्गत आशा व आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर व भ्रमण के दौरान क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्र करेंगी साथ ही घर के



प्रत्येक सदस्यो की आभा आईडी बनाने का कार्य भी किया जायेगा। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह द्वारा बताया गया कि शहरी क्षेत्र में मलेरिया टीम को पूरे अभियान के दौरान प्रचार-प्रसार, एण्टीलार्वा स्प्रे व सोर्स रिडक्शन हेतु लगा दिया गया है। इस मौके पर ईओ लालजी यादव, समस्त अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रधान सहायक दिनेश दुबे, डीपीएम आरके करवरिया, सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक ज्योति सिंह, प्रगति चंदेल, जयशंकर गुप्ता. एसएमओ डब्लूएचओ डॉ श्याम जाटव व अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# कन्याओं का पूजिये भी, आत्मसुरक्षा भी सिखाइए



रविवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो गए। नवरात्र में अधिकांश हिंदू परिवार घर में मां के कलश की स्थापना करते हैं।इन नौ दिन उपवास रखकर देवी के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है।देवी स्परुपा कन्याओं को पूजा जाता है।उन्हें जिमाया जाता है। वस्त्रादि भेंट किए जाते हैं। ये परंपरा सदियों से चली आ रही है।सदियों से चली आ रही इस परम्परा में वक्त के हिसाब से अब सुधार की जरूरत है। आज जरूरत है कि हम कन्याओं को पूजे और जिमाएं ही नहीं।उन्हें शिक्षित भी करें।उन्हें आज के समय और परिस्थिति में जीने के अनुकूल बनाए। आत्मसुरक्षा भी सिखाए।उन्हें गुड टच और बेड टच से अवगत भी कराएं। कन्याओं को आज के समाज में शान और सम्मान के साथ जीने के योग्य बनाएं। ज्यादति के खिलाफ बोलना भी बताएं।ज्यादति का मुकाबला भी करना सिखाएं।

नवरात्र देश भर में अलग -अलग रूप में मनाए जाते हैं।पूजा अर्चन की जाती है।सबका तात्पर्य यह ही है कि देवी शक्ति की पूजा कर हम उनसे अपने और समाज के कल्याण का आशीर्वाद मांगे।स्वस्थ समाज की मांग करे।ये सब कुछ सदियों से चला आ रहा है। आज समय की मांग है कि हम आगे बढ़े।वक्त की जरूरत के साथ परिवर्तन करें। आज देश की देवियां ,महिलाएं, मातृशक्ति विकास के हर क्षेत्र में अपना योगदान कर रही हैं।कार तो बहुत समय से चलाती रही हैं। अब ये आटो, ट्रक,ट्रेन ,मालगाड़ी भी चलाने लगीं हैं।ये प्लेन उड़ा रही हैं। अब तो सेना में जाकर बार्डर की हिफाजत भी महिलाएं कर रही हैं। आधुनिकतम लड़ाकू विमान भी उड़ा रहीं हैं। उन्हें नियंत्रित भी कर रही हैं।

कभी गाना , बजना, नाचना महिलाओं की कला मानी जाती थी। उसमें उन्हें पारंगत करने के साथ- साथ पुराने समय से परिवार की बेटियों को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई,अनाज पिसाई,छनाई के साथ घर के कामकाज भोजन बनाने में आदि में निपुण किया जाता था। ताकि वह समय की जरूरत के हिसाब के शादी के बाद अपने परिवार को संभाल सकें। इस समय शिक्षा पर उतना जोर नही था। परिवार की जरूरतें बढ़ी तो पढ़ी -लिखी महिलाएं घर की चाहरदीवारी से निकलीं। नौकरी करने लगीं। बिजनेस में परिवार को सहयोग देने लगीं। समय बदला। महिलाएं आज शिक्षित हो सभी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। नौकरी के लिए अकेली युवती का विदेश जाना अब आम हो गया।पैरा मिलेट्री फोर्सेज में योगदान करने के साथ आज वह सेना में आकर देश सीमाओं को सुरक्षित बनाने और शत्रु से लोहा लेने में भी लगी हैं।

समय के साथ- साथ समाज की प्राथमिकताएं भी बदलीं। नहीं बदला तो महिलाओं और युवतियों के शोषण का सिलसिला। भारतीय समाज में फैली दहेज की कुप्रथा के कारण गर्भ में ही बालिका भ्रूण मारे जाने लगे।परिवार में ही आसपास ने नाते, रिश्तेदारों और अन्यों द्वारा छुटपन से बेटियों के साथ छेड़छाड़, यौन शोषण चलता रहा।देश में चेतना आई ,शिक्षा का स्तर बढ़ा पर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध कम नही हुए।हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग ने सूचित किया कि वर्ष 2021 के प्रारंभिक आठ महीनों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की शिकायतों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

राष्ट्रीय महिला आयोग को साल 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की करीब 31,000 शिकायतें मिलीं थी जो 2014 के बाद सबसे ज्यादा हैं। इनमें से आधे से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश के थे। महिलाओं के खिलाफ अपराध की शिकायतों में 2020 की तुलना में 2021 में 30 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। साल 2020 में कुल 23,722 शिकायतें महिला आयोग को मिली थीं।राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 30,864 शिकायतों में से, अधिकतम 11,013 सम्मान के साथ जीने के अधिकार से संबंधित थीं। घरेलू हिंसा से संबंधित 6,633 और दहेज उत्पीड़न से संबंधित 4,589 शिकायतें थीं। सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की सबसे अधिक 15,828 शिकायतें दर्ज की गई, इसके बाद दिल्ली में 3,336, महाराष्ट्र में 1,504, हरियाणा में 1,460 और बिहार में 1,456 शिकायतें दर्ज की गई।आयोग के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं के शील भंग या छेड़छाड़ के अपराध के संबंध में 1,819 शिकायतें मिली हैं। बलात्कार और बलात्कार की कोशिश 1,675 शिकायतें, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 1,537 और साइबर अपराधों की 858 शिकायतें मिली हैं। येवे शिकायत हैं जो रजिस्टर होती हैं1 इससे कई गुनी शिकायत तो दर्ज ही नही होती। परिवार का सम्मान बताकर ,युवती की स्मिता की बातकर घटनांए दबाली जाती हैं।

अब तक बच्चियों को गाने ङ्क बचाना ,डांस करने के वीडियो सामने आते थे। हाल ही में एक वीडियो सामने आया जिसमें एक पिता अपनी बेटी को लाठी चलाना सिखा रहा है। इस छोटे से वीडियों को बहुत पसंद किया गया। आज समय की मांग है कि परिवार विशेषकर मां बेटी को बचपन से गुड टच और बैड टच से अवगत कराए। इनका अंतर बताए। कहीं कुछ घर के आसपास , स्कूल में, स्कूल बस में अगर ऐसा होता है तो वह घर आकर बताए।बेटी अब घर की देहरी के अंदर तक ही सीमित नही रह गई है। वह कार्य के लिए घर से बाहर निकल रही है। ट्रेन में, बस में अकेले सफर कर रही है।नौकरी के लिए सात समुंद पार जा रही है।ऐसे में जरूरत है उसे आत्मसुरक्षा की जानकारी देने की।जूडे-कराटे सिखाने की। आत्मसुरक्षा में निपुण करने की, ताकि वह विपरीत परिस्थिति में अपना बचाव कर सके।अगर ऐसा होगा तो छेड़छाड़ करने वाले के भय से युवती को आत्महत्या नही करनी पड़ेगी।जबकि आज इस तरह की रोज अखबारों में खबर आ रही हैं।

पिछले दिनों मुरादाबाद में से 12वीं में पढ़ने वाली छात्रा ने छेड़छाड़ से परेशान होकर कीटनाशक खा कर आत्महत्याकर ली। मुंबई के विनोबा भावे नगर चचेरे भाई के बार-बार यौन उत्पीड़न से तंग आकर 15 वर्षीय किशोरी ने आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद में मनचले की छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

इस तरह की खबर रोज अखबारों में सुर्खियां बन रही हैं। हम अपने परिवार की बेटी को ऐसे संस्कार और शिक्षा दें। उसे आत्मनिर्भर बनाएं, आत्मसुरक्षा सिखाएं, ज्यादति के खिलाफ उसे आवाज उठाना भी सिखांए ताकि समाज की कन्या और समाज बेटी की खबर अखबार की सुर्खी न बने।उसके साथ ज्यादति करने का कोई हौंसला न कर सके।

हाल में अच्छा यह हुआ है कि केंद्र ने इस तरह की घटनाओं के लिए पास्को एक्ट बनाया। इसमें त्वरित न्याय दिलाने की भी व्यवस्था की है, ताकि अपराधी अपराध करता डरे। जरूरत है कि पास्को एक्ट के तहत हुए निर्णयों का प्रचार -प्रसार व्यापक स्तर से किया जाए ताकि अपराधी में भय पैदा हो।

**अशोक मधुप**

# समीक्षक- मोदी जी का संघं शरणम गच्छामि

प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी के 12 साल बाद संघ की शरण में जाने के लोग अलग-अलग अर्थ निकाल रहे हैं र। संघी कुछ कहते हैं और विपक्ष कुछ और। लेकिन मुझे इसमें कोई भी नयी बात नजर नहीं आती। संघ आखि़रकार मोदी जी का दीक्षास्थल है और संघ की कृपादृष्टि से वे 2014 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार और फिर लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने।

माननीय मोदी जी का संघ यानि राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ के नागपुर मुख्यालय पहुंचना ठीक वैसा ही जैसा की किसी की घर वापसी होती है। कहतें हैं कि चाहे बाघ हो, चाहे नाग अंतिम समय में अपनी गुफा या बिल में प्रवेश करके ही शांति अनुभव करता है। माननीय मोदी जी तो मनुष्य हैं',नान -बायलोजिकल मनुष्य' उन्हें भी अंतिम समय में अपनी मांद की ,बिल की,घर की याद आना स्वाभाविक है। मोदी जी को अब शायद कोई चुनाव नहीं लड़ना है, इसलिए वे संघ को उसके तमाम अस्त्र-शस्त्र ,कवच,कुंडल वापस करने गए हों ताकि संघ उन सबको मोदी जी के नए उत्तराधिकारी के लिए धो-मांजकर तैयार कर ले। आखिर मोदी जी कब तक प्रधानमंत्री पद पर टिके रह सकते है। इससे पहले कि जनता उन्हें हटाए, संघ खुद उन्हें घर बुला लेना श्रेयस्कर समझेगा।

जहाँ तक मैं संघ को जानता और समझता हूँ उसके मुताबिक संघ अपने विस्तार में बाधक किसी भी अवरोध को दूर करने में कोई संकोच नहीं करता। संघ ने देख लिया है ,जान लिया है कि मोदी जी अब 2029 के आम चुनाव के काम के नहीं रहे। वे तीसरी बार प्रधानमंत्री जरूर बन गए लेकिन उन्हें उन दलों से बैशाखियाँ लेना पड़ीं जिनका चाल,चरित्र और चेहरा संघ और भाजपा से कतई मेल नहीं खाता। संघ की कोशिश भी है और शायद योजना भी कि मोदी जी को स-सम्मान घर बुला लिया जाये। संघ मोदी जी को आडवाणी गति प्रदान नहीं करना चाहता ,क्योंकि मोदी जी ने मनसा,वाचा ,कर्मणा संघ की कार्यसूची पर अमल करते हुए देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने की दिशा में निशि-याम काम किया है। मोदी जी राष्ट्रनिर्माण में इतने व्यस्त रहे की वे 12 साल में न मणिपुर जा पाए और न नागपुर।

मोदी की कर्तव्यनिष्ठा पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं लगा सकता। लक्ष्य प्राप्ति के लिए संघ का एक प्रचारक जितना निर्मम हो सकता है मोदी जी ने अपने आपको उससे कहीं ज्यादा निर्मम प्रमाणित किया है।आज मोदीजी कि वजह से ही देश का अल्पसंख्यक मुसलमान पहली बार सड़कों पर ईद कि नमाज नहीं पढ़ सका। मोदी जी से पहले माननीय अटल बिहारी वाजपेयी भी देश के प्रधानमंत्री बने लेकिन वे भी देश में हिंदुत्व का इतना तीव्र भूडोल नहीं ला सके थे। वे सत्ता में जरूर आये थे लेकिन न वे जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा पाए थे और न राम मंदिर बनवा पाए थे। वे तीन तलाक विधेयक भी पारित नहीं करा पाए थे, उनके खाते में महिला शक्ति वंदन विधेयक भी दर्ज नहीं है। हालाँकि वाजपेयी जी के मुकाबले मोदी जी पासंग भी नहीं हैं किन्तु उनके खाते में वे तमाम उपलब्धियां दर्ज हैं ,जो वाजपेयी जी के खाते में नहीं है।

मोदी जी पक्के शाखामृग हैं। संघ से मोदी का दिल का रिश्ता है। संघ के लिए वे गौतम बुद्ध की तरह अपनी पत्नी तक का त्याग कर चुके हैं। संघ के साथ उनका रिश्ता दशकों पुराना है। मोदी जी यदि 1972 में संघ की शरण में न आते तो वे कभी भी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते थे,संघ ने उन्हें चाय बेचने के श्रमसाध्य धंधे से बाहर निकाला। सन 1972 में नरेंद्र मोदी संघ में शामिल हुए थे प्रचारक बने. फिर संघ के मार्फत ही उन्हें भाजपा में प्रवेश मिला। गुजरात में संगठन की जिम्मेदारी मिली और बाद में वे 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने ,लेकिन वर्ष 2023 के आम चुनाव में संघ और मोदी जी की भाजपा के सुर अचानक बदले । मोदी ने संघ परिवार के समानांतर अपना मोदी परिवार बनाया। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के मुंह से कहलवाया की अब भाजपा को संघ की जरूरत नहीं है।बावजूद इसके मोदी जी कि समझ में आ गया कि वे संघ से बड़े कभी नहीं हो सकते।



संघ ने अपने अपमान का ये घूँट चुचाप पपी लिया यहां तक की संघ का शताब्दी वर्ष भी इसीलिए धूमधाम से नहीं मनाया। किन्तु समय रहते मोदी जी को अपनी गलतियों का आभास शायद हो गया और वे अंतत~ संघ की शरण में लौट आये। संघ भी यही चाहता है कि मोदी जी अब सिंहासन खाली करें। स-सम्मान करें तो बेहतर अन्यथा संघ को मोदी जी की शाखा लगाने में कोई देर होने वाली नहीं है। आज भी भाजपा में 70 फीसदी संघी ही है। मोदी जी ने हालाँकि भाजपा का कांग्रेसीकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई लेकिन संघियों ने प्रवासी यानि दलबदलू कांग्रेसियों को ज्यादा भाव नहीं दिया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे बिभीषण आज भी संघियों के लिए अस्पृश्य ही है।

कुल मिलाकर मोदी जी के संघ की शरण में वापस लौटने से भाजपा का नेतृत्व नयी पीढ़ी के हाथ में जाने के शुभ संकेत मिले हैं। मुझे लगता है कि अब भाजपा का नया अध्यक्ष और देश का नया पंत प्रधान भी शीघ्र घोषित कर दिया जाएग। मोदी जी 2029 के लिए सलामी लेने के लिए हमने शायद उपलब्ध न हों।

**राकेश अचल**

# चरित्र और मानवीय आदर्श की कीमत पर विकास निरर्थक

हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।

यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए द्य यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैद्य भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## क्या स्थानांतरण नीति रोक सकेगी भ्रष्टाचार की जड़ें?

[ सुशासन की राह में रोड़ा- वर्षों तक जमे रहने वाले अधिकारी ]




कल्पना करें एक ऐसे लोकतंत्र की, जहां सुशासन का सपना हर नागरिक का हक हो, लेकिन वही व्यवस्था भ्रष्टाचार की चपेट में डूबकर उस सपने को चूर-चूर कर दे। आज हमारा प्रशासनिक तंत्र उसी दोराहे पर खड़ा है, जहां पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी ने भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी कर दी हैं कि निष्पक्षता और ईमानदारी जैसे मूल्य कहीं खो से गए हैं। हाल ही में संसदीय स्थायी समिति की एक रिपोर्ट ने इस कड़वी सच्चाई को उजागर किया है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि किसी भी मंत्रालय में अधिकारियों का एक ही स्थान पर वर्षों तक जमे रहना भ्रष्टाचार को जन्म देता है और प्रशासनिक कार्यों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर हमारा प्रशासनिक ढांचा कहां चूक रहा है और इसे सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए।

रिपोर्ट में एक गंभीर तथ्य सामने आया है कि कई अधिकारी एक ही स्थान पर नौ से दस साल तक डटे रहते हैं। इस लंबे कार्यकाल के दौरान उनकी स्थिति इतनी मजबूत हो जाती है कि वे अपने प्रभाव क्षेत्र में एकछत्र राज स्थापित कर लेते हैं। सोचिए, जब कोई अधिकारी इतने लंबे समय तक एक ही जगह पर रहता है, तो उसके स्थानीय प्रभावशाली लोगों, ठेकेदारों और अन्य पक्षों के साथ रिश्ते कितने गहरे हो जाते होंगे। ये रिश्ते अक्सर रिश्वतखोरी, पक्षपात और अनियमितताओं को जन्म देते हैं। मिसाल के तौर पर, अगर कोई अधिकारी किसी सरकारी योजना के तहत फंड आवंटन का जिम्मेदार है और वह लंबे समय से उसी क्षेत्र में कार्यरत है, तो वह अपने करीबी ठेकेदारों को फायदा पहुंचा सकता है। ऐसे में निष्पक्षता की उम्मीद करना बेमानी है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक तंत्र की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचाती है, बल्कि आम जनता के हितों को भी नजरअंदाज करती है।

भ्रष्टाचार की जड़ें सिर्फ प्रशासनिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह नीतिगत प्रक्रियाओं में भी गहरे तक फैल चुकी हैं। जटिल कर प्रणालियां, सरकारी योजनाओं में अनियमितताएं और जवाबदेही की कमी जैसे कारक भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। एक आम नागरिक के लिए सरकारी दफ्तरों में छोटे-मोटे काम करवाना भी किसी जंग से कम नहीं है। रिश्वतखोरी इस कदर हावी है कि बिना पैसे दिए फाइलें आगे नहीं बढ़तीं। सरकारी योजनाओं का लाभ भी असली हकदारों तक पहुंचने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। यह सब तब होता है, जब प्रशासन में निगरानी का अभाव होता है और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस तंत्र मौजूद नहीं होता। ऐसे में भ्रष्टाचार न केवल आर्थिक विकास को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक असमानता को भी बढ़ाता है, जिसका सबसे ज्यादा खामियाजा गरीब और मध्यम वर्ग को भुगतना पड़ता है।

इस समस्या से निपटने के लिए संसदीय समिति ने एक ठोस सुझाव दिया है– स्थानांतरण नीति को सख्ती से लागू करना। यह विचार बेहद कारगर हो सकता है। अगर अधिकारियों का नियमित अंतराल पर स्थानांतरण किया जाए, तो उनके अनुचित संबंध बनने की संभावना कम हो जाएगी। साथ ही, यह सुनिश्चित होगा कि प्रशासनिक कार्यों में निष्पक्षता बनी रहे। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह नीति वाकई प्रभावी ढंग से लागू हो पाएगी? कई बार प्रभावशाली अधिकारी अपने रसूख का इस्तेमाल करके स्थानांतरण से बच जाते हैं। ऐसे में सरकार को एक सख्त और पारदर्शी तंत्र विकसित करना होगा, जिसमें किसी भी तरह की हेराफेरी की गुंजाइश न हो। मसलन, यह नियम बनाया जा सकता है कि कोई भी अधिकारी एक ही स्थान पर तीन से पांच साल से ज्यादा न रहे। इस समय-सीमा को सख्ती से लागू करने के लिए एक स्वतंत्र निगरानी समिति का गठन भी किया जा सकता है।

स्थानांतरण नीति के साथ-साथ प्रशासनिक निगरानी तंत्र को भी मजबूत करना होगा। आज के डिजिटल युग में तकनीक इस दिशा में एक बड़ा हथियार बन सकती है। ई-गवर्नेंस और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए प्रशासनिक कार्यों को पारदर्शी बनाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों का चयन, फंड का आवंटन और उसकी निगरानी को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। इससे हर कदम पर पारदर्शिता बनी रहेगी और भ्रष्टाचार की संभावनाएं कम होंगी। इसके अलावा, प्रशासनिक अधिकारियों को जवाबदेह बनाने के लिए सख्त कानून बनाए जाने चाहिए।

कोई अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है, तो उसे कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए, ताकि दूसरों के लिए यह एक सबक बन सके।

सुशासन का सपना तभी साकार हो सकता है, जब प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सरकार को नीतिगत सुधारों के साथ-साथ उनकी सख्ती से लागू करने की इच्छाशक्ति दिखानी होगी। लेकिन यह जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं है। हमें, आम नागरिकों को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। हमें भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठानी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी चुनी हुई सरकार सुशासन के वादे को पूरा करे। जब तक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही नहीं आएगी, तब तक भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना असंभव है। यह समय है कि हम एक ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ें, जहां निष्पक्षता और ईमानदारी प्रशासन की पहचान बनें, और हर नागरिक को यह भरोसा हो कि उसका हक उसे जरूर मिलेगा।

**प्रो. आरके जैन**

# "एहसास कभी मिटा नहीं करते- जिंदगी के जीवन्त संवेदनाओं का एक काव्यसंग्रह"

कविता लिखना सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति का गहरा माध्यम है। वरिष्ठ युवा लेखक नृपेन्द्र अभिषेक नृप द्वारा रचित काव्यसंग्रह "एहसास कभी मिटा नहीं करते" एक अनमोल और उत्कृष्ट कृति है, जो हृदय की भावनाओं को सजीव करती है और पाठक के मन को तृप्त करती है। नृपेन्द्र जी ने अपनी लेखनी की ताकत से पूर्व में ही साहित्य जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और अपनी जादुई रचनाओं के माध्यम से पाठकों के हृदय में हमेशा विराजमान रहे हैं।




नृपेन्द्र जी के काव्यसंग्रह "एहसास कभी मिटा नहीं करते" में उन्होंने अपने स्मरण, अनुभव, भावनाएँ और विचारों को बहुत ही सुंदर और आकर्षक तरीके से व्यक्त किया है। उन्होंने कविता के छंदों और अलंकारों को मनमोहक ढंग से सजाया है, जो पाठकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस काव्यसंग्रह में जीवन के सभी रूपों का दर्शन मिलता है, जो सामाजिक मुद्दों, संघर्ष, प्रेम, स्मृति, उम्मीद और आत्म-खोज जैसे विषयों पर केंद्रित है। उन्होंने इस संग्रह को सरल और स्पष्ट शब्दों से अलंकृत किया है, जिससे पाठक इसे आसानी से पढ़कर समझ सकते हैं।

काव्यसंग्रह की प्रत्येक कृति में कवि की गहरी भावनाओं के साथ सुस्पष्ट अभिव्यक्तियाँ मौजूद हैं।पुस्तक का शीर्षक ÷एहसास कभी मिटा नहीं करते÷ अपने आप में जीवन को समेटे हुए है। एहसास एक ऐसी भावना है जो हमारे अनुभवों और यादों का हिस्सा बन जाती है। इस तरह लेखक शीर्षक के चुनाव के लिए प्रशंसा के पात्र हैं। इस काव्यसंग्रह में कुल 75 कविताएँ सुंदर भाषा-शैली के साथ शोभायमान हैं। संग्रह की प्रथम कविता 'शहर की सहर' गाँव की समरसता और शहरों के संघर्ष को दर्शाती है। पंक्ति—

"शहरों में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में, सब पीछे ही छूटते जाते हैं।"

यह पंक्ति शहरी जीवन की आलोचना करती है, जिसमें लोग एक-दूसरे से आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा में अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्यों और मूल्यों को भूल जाते हैं।

कविता 'दोस्ती का अक्स' की प्रथम पंक्तियाँ—

"जब भी गिरा हूँ राह में, वो संभालता रहा,
बुरे वक्त में भी हर दर्द का मर्ज खोजता रहा।
खामोशियों में भी उसने सुनी है बात मेरी,
बिन कहे भी हर गम मेरा वो बाँटता रहा।"

ये पंक्तियाँ सच्ची दोस्ती की गहरी भावनाओं से भरी हैं। यहाँ दोस्त वह है जो हर परिस्थिति में साथ देता है—चाहे वह मुश्किल वक्त हो या खामोशी का पल। वह न केवल सहारा बनता है, बल्कि बिना कहे भी आपके दुख को समझता और बाँटता है। यह सच्ची दोस्ती की भावना का प्रतीक है—निस्वार्थ, संवेदनशील और अटूट।

कविता 'उसकी यादें क्यों हैं' अपने प्रिय के वियोग में गहरी भावनाओं को व्यक्त करती है। इसकी पंक्तियों में मौजूद विरह का दर्द पाठक के हृदय को छूता है।

वहीं, "बेरोजगार बेहाल है" कविता देश में व्याप्त बेरोजगारी और सरकार की नीतियों पर करारा प्रहार करती है। साथ ही, यह दिन-रात मेहनत करने वाले की दुर्दशा को बयान करती है। यह कविता उत्तेजना से भरी है और लेखक ने अपनी कलम का जादू बखूबी चलाया है।

'उन्हें अब वक्त नहीं' कविता असंवेदनशील होते रिश्तों पर प्रकाश डालती है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि लोग कैसे सिर्फ स्वार्थपूर्ति तक ही रिश्तों को महत्व देते हैं। कुल मिलाकर, इस काव्यसंग्रह की प्रत्येक कविता गहरे मनोभावों और संवेदनाओं से भरी हुई लाजवाब लेखनी का नमूना है।

नृपेन्द्र अभिषेक नृप का काव्यसंग्रह "एहसास कभी मिटा नहीं करते" एक ऐसी कृति है जो न केवल साहित्य प्रेमियों के लिए अनमोल उपहार है, बल्कि हर उस पाठक के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है जो जीवन के विभिन्न रंगों को गहराई से समझना चाहता है। उनकी लेखनी में संवेदनशीलता, सादगी और गहनता का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है, जो इस संग्रह को विशिष्ट बनाता है। यह काव्यसंग्रह पाठकों को आत्म-चिंतन के लिए प्रेरित करता है और भावनाओं के उस संसार में ले जाता है, जहाँ एहसास सचमुच कभी मिटते नहीं। निस्संदेह, यह पुस्तक हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान है और नृपेन्द्र जी की सशक्त लेखनी का प्रमाण है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रासंगिक रहेगी।

**अंबिका कुशवाहा 'अम्बी'**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0~ 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## वाराणसी.. मंडलीय अस्पताल के ब्लड बैंक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**वाराणसी** के मंडली अस्पताल के ब्लड बैंक में लगी आग सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब 45 मिनट बाद आग पर काबू पाया अस्पताल के एसआईसी डॉक्टर एसपी सिंह ने बताया सारा सामान वह रिकॉर्ड जल गया है हम आकलन कर रहे हैं कि कितना नुकसान हुआ है अस्पताल में खून के लिए अक्सर मरीजों के परिजनों को परेशान होना पड़ता है साल 1997 से कबीर चौरा अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक मरीजों के परिजनों की मदद में जुटा है 2023 24 तक 7220 यूनिट ब्लड उपलब्ध करा चुका है 600 यूनिट ब्लड 600 यूनिट प्लाज्मा और 60 यूनिट प्लेटलेट्स रिजर्व किया जा सकता है ब्लड बैंक में सरकारी कर्मचारी संविदा और आउटसोर्सिंग कुल मिलाकर 27 कर्मचारी काम करते हैं पूरे ब्लड बैंक में 35 मशीन है

## राशन कार्ड में गड़बड़ी दुरुस्त करवाने के लिए कई महीनों से लोग आपूर्ति कार्यालय का लगा रहे हैं चक्कर

**प्रतापगढ़।** राशन कार्ड में नाम जोड़ने व नाम हटाने के लिए समाधान दिवस एवं जनसुनवाई पोर्टल पर सबसे अधिक शिकायत हो रही है लेकिन कार्यवाही न होने पर लोग कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं. पट्टी तहसील क्षेत्र के कई गांव के लोग जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, उनका राशन कार्ड न बनने पर जहां एक तरफ आवेदन करने के पश्चात चक्कर लगा रहे हैं, वहीं दुरुस्त करवाने वालों की संख्या में भी काफी इजाफा हो गया है नरसिंहपुर गांव की रहने वाली शकुंतला पत्नी नागेंद्र बहादुर का राशन कार्ड काफी प्रयास के बाद भी नहीं बना। इसी तरह चौपई गांव के निवासी संतलाल अपने विवाहिता पुत्री का नाम राशन कार्ड से हटवाने के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं परंतु कार्यवाही नहीं हुई।चौपई गांव के कौशल सिंह व राकेश सहित कई लोगों ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने व हटाने के लिए आवेदन दिए।कार्यवाही न होने पर समाधान दिवस में शिकायत किये, लेकिन आज तक दुरुस्त नहीं हुआ जिससे भारी भीड़ आपूर्ति कार्यालय के चारों तरफ घूमती रहती है पूछने पर बताया जाता है की साइट नहीं चल रही है।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अंशुमान सिंह को संस्था प्रबंधक ने दी शुभकामनाएं



**अमेठी।** सामाजिक कार्यों के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.के प्रबंधक गांव भटमऊ शुकुलबाजार अमेठी निवासी समाजसेवी पी के तिवारी जो कि प्रबुद्धजनों के सहयोग,मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन से सामाजिक कार्यों के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है और उनका उत्साहवर्धन मार्गदर्शन एवं सहयोग करता रहता है उसी क्रम मे संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी अमेठी पहुंचकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अंशुमान सिंह से मुलाकात कर श्री दुर्गासप्तशती पावन पुस्तक भेंटकर नवरात्रि की शुभकामनाएं दी एवं संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों से अवगत कराया एवं संचारी रोगों से बचाव हेतु चर्चा की वहीं सीएमओ डा.अंशुमान सिंह ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा कराए जा रहे कार्यों को समाज के प्रति गौरवपूर्ण बताया।

## नशे में धुत तेज गति से चला रहा एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर

**महराजगंज/रायबरेली**– कोतवाली क्षेत्र के इन्हौना रोड पर नशे में धुत तेज गति से चला रहा एक बाइक सवार और उसकी पत्नी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगों की मदद से पहुंची एंबुलेंस पर लाद कर उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां पति की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आपको बता दें कि, घटना कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव की है। सोमवार की देर शाम इन्हौना रोड पर स्थित बड़े बाबा के पास महराजगंज की ओर से आ रहे नशे में धुत एक तेज रफ्तार बाइक सवार दद्दू रैदास (40) पुत्र ईश्वर दीन हादसे का शिकार हो गया। बताते हैं कि, घटना से पहले बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नी इससे पीछे डेपार मऊ चौराहे पर ही बाईक से नीचे गिरकर घायल हो गई, और मोटरसाइकिल चला रहे उसके पति को इस बात की भनक ही नहीं लगी कि, उसकी पत्नी गिर गई है। जब वह बड़े बाबा के पास पहुंचा तो उसकी बाइक भी अनियंत्रित हो गई जिससे वह रोड हादसे का शिकार हो गया।चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग दौड़े, सूचना 108 एम्बुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लाद कर घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर पति की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# विधायक सुरेश पासी के नेतृत्व में 8 सालों में जगदीशपुर विधानसभा ने लिखी विकास की नई परिभाषा

**● विकास की गौरव गाथा गाती क्षेत्र की चमाचम सड़कें**

**विद्युत,शिक्षा, चिकित्सा, सहित सभी क्षेत्रों में विकास के हुए अभूतपूर्व कार्य**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** अमेठी लोकसभा के 184 जगदीशपुर विधानसभा में विधायक सुरेश पासी के नेतृत्व में विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं ।जगदीशपुर विधानसभा विकास की नई परिभाषा लिख रही है 8 साल पहले क्षेत्र में खस्ता हाल सड़के थी राहगिरो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था 8 साल पहले एक दल के लोगों ने तो सड़क पर धान की रोपाई कर विरोध प्रदर्शन भी किया था। कुछ ऐसी बदहाल हालत क्षेत्र के इन्हौना रुदौली संपर्क मार्ग के थे,यही नहीं शुकुल बाजार से जगदीशपुर और शुकुल बाजार से रानीगंज मार्ग भी 8 साल पहले जर्जर थे लेकिन मौजूदा समय में इन्हौना से शुकुल बाजार होते हुए रुदौली जाने वाला मार्ग एकदम चकाचक हैं ।क्षेत्र के लोगों की माने तो बुजुर्ग लोगों द्वारा कहा जाता है कि इन्हौना और शुकुल बाजार के बीच कभी हमने ऐसी सड़क नहीं देखी जैसी सड़क विधायक सुरेश पासी के नेतृत्व में बनी है। यही नहीं शुकुल बाजार से जगदीशपुर, शुकुल बाजार से रानीगंज, शुकुल बाजार से इन्हौना सभी मार्ग चकाचक हैं। क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और फोर लाइन सड़कें विकास की गौरव गाथा को गाती हैं। यही नहीं शिक्षा, विद्युत और चिकित्सा के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, कई नए पावर हाउस क्षेत्र में स्थापित हुए हैं क्षेत्र के लोगों को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति मुहैया हो रही है। चाहे बात आईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज की हो, या फिर गोमती नदी पर बने पक्के पुल की विकास के मामले में अमेठी लोकसभा का जगदीशपुर विधानसभा एक अलग ही परिभाषा लिख रहा है। जगह-जगह पर लगे महापुरुषों के नाम से गेट और चौराहों पर लगी स्ट्रीट लाइटें विकास की शोभा को और बढ़ा रही हैं। जैसे ही आप जगदीशपुर विधानसभा में प्रवेश करेंगे चारों तरफ की सीमाओं पर महापुरुषों के नाम से लगे द्वार विधानसभा जगदीशपुर में आपका हार्दिक स्वागत करते हैं।भाजपा सरकार में विधायक सुरेश पासी के नेतृत्व में गांव और जनता खुशहाल है ऐसा क्षेत्रीय लोगों का कहना है, गांव का सर्वांगीण विकास हो रहा है गांव गरीब और किसान के चेहरे पर मुस्कान



है गरीबों को निशुल्क राशन मिल रहा है, तो किसानों को सम्मान निधि मिल रही है, बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को वृद्धा पेंशन तो, विधवा महिलाओं को विधवा पेंशन मिल रही है, गरीब कन्याओं का सरकारी खर्चे पर शादी ब्याह हो रहा है, महिलाओं को उज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस मुहैया हो रही है, तो पढ़े लिखे नौजवान लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड के जरिए प्रत्येक गरीब को प्रत्येक वर्ष 5 लख रुपए तक का इलाज मुहैया हो रहा है, जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए पैसा उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे में क्षेत्र की जनता को सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुरेश पासी पर भरोसा है ऐसा आम जनमानस का कहना है।

# विश्व हिन्दू परिषद शुकुलबाजार प्रखण्ड कार्य योजना बैठक सम्पन्न

**● देवेन्द्र प्रताप सिंह को शुकुलबाजार बजरंगदल के संयोजक जी जिम्मेदारी दी गई**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** विश्व हिन्दू परिषद शुकुलबाजार प्रखण्ड की कार्य योजना बैठक शुकुलबाजार स्थित उदासीन आश्रम प्राचीन हनुमान मन्दिर मे सम्पन्न हुई। बैठक मे जिलाध्यक्षा डा0 सरिता सिंह द्वारा नये दायित्व प्राप्त कार्यकर्ताओं का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया । आगामी कार्यक्रमों की योजना पर विस्तार से चर्चा हुई और आगामी हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम पर सामूहिक हनुमान चालिसा का पाठ करने की योजना खण्ड (न्यायपंचायत) स्तर तक बनी । बैठक मे अह्वान्ह किया कि जिहादियों द्वारा हमेशा से हिन्दू बहन बेटियो के खिलाफ षड़यंत्र रचकर अपना नाम टिंकू मिकू पिंकू रखकर लव जिहाद का शिकार बना लेते है। ऐसे लोगो से सतर्कता बनाने के लिये दुर्गा वाहिनी से बहनों को अधिक से अधिक संख्या मे जोड़ा जाना चाहिये जिससे संगठन अधिकतम लोगो तक अपना संदेश पहुँचा सके । हिन्दू नव वर्ष वि.सं0 2082 पर आयोजित बैठक के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष डा0 सरिता सिंह, विभाग सह मंत्री भूपेन्द्र नाथ, बजरंगदल विभाग सह संयोजक उत्तम सिंह जी, शुकुलबाजार अध्यक्ष गुड्डु सिंह, मंत्री चेतन स्वरूप, बजरंगदल संयोजक देवेन्द्र प्रताप,



सह संयोजक बृजेश पासी, सह संयोजक धनीराम प्रजापति, उपाध्यक्ष संजय सिंह, सह मंत्री संतराम शुक्ला, विजय, अंशू , डा0 आकाश दीप, अनूप पाण्डेय, अनिकेत की उपस्थिति रही।

# कोतवाली प्रभारी ने प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली** विगत माह की भांति इस माह भी 1 अप्रैल 2025 को लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर कोतवाली प्रभारी व पी?सी? इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड सतीश प्रताप सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि, प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, महीने के 1 तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज 1 अप्रैल को कोतवाली परिसर महराजगंज में होमगार्ड सतीश प्रताप सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



इस मौके पर एसआई दिनेश गोस्वामी, हेड मुहारिर रविकांत पाण्डेय ,दीवान अजय चौधरी, हिमांशु ,कुंदन, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, बी ओ राजेश कुमार राय ,पी.सी रमेश मौर्य, रमापति बाजपेयी ,राजेश कुमार सिंह , राम प्रताप यादव, जगदीश गुप्ता, रामदास यादव, राम प्रकाश, कमलाकान्त, सन्तोष द्विवेदी, शिवकरन यादव, मुकेश कुमार यादव, रामराज यादव ,लाल मोहम्मद , दिनेश कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह,रामकुमार सिंह, जगदेव मिश्रा ,राम भुवन सिंह, धर्मदास, सुरेश यादव, छेदीलाल ,रामकुमार यादव, रामयस मौर्य, ईशा मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# टीबी मुक्त जनपद बनाने के लिए महादानियों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** जनपद चित्रकूट को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें टीबी से प्रभावित मरीजों को गोद लेने वाले महादानियों को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ. तनुषा टी आर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम आकांक्षा समिति एवं इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेड क्रास सोसाइटी के सचिव केशव शिवहरे ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी और बताया कि जनपद चित्रकूट को टीबी मुक्त कराने के लिए आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. तनुषा टी आर (एम डी) के नेतृत्व में कई विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने टीबी मरीजों को गोद लिया है। साथ ही कुछ लोगों ने अंशदान के रूप में सहयोग राशि प्रदान की है। ऐसे सभी दानदाताओं को सम्मानित किया गया है।

आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. तनुषा टी आर ने इस मौके पर कहा कि टीबी मरीजों की मदद करना वास्तव में एक महान कार्य है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर टीबी रोगी गरीब परिवारों से होते हैं, जो उचित पोषण के अभाव में कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। इन मरीजों की मदद के लिए आकांक्षा समिति और रेड क्रास सोसाइटी द्वारा लगातार छह महीने तक पोषण किट दिए जाएंगे, ताकि मरीज शारीरिक रूप से स्वस्थ हो सकें। डॉ. तनुषा ने यह भी बताया कि दानदाता अब दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से भी अपनी मदद प्रदान कर सकते हैं।




इस अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने कहा कि इस पुनीत कार्य में जिन दानदाताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया है, वे सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने 7 लाभार्थियों को गोद लेकर इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त जनपद के अभियान में सहयोग देने के लिए सभी को प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जनपद में वर्तमान में 1758 टीबी रोगी उपचार ले रहे हैं, जो जल्द ही ठीक होंगे। उन्होंने टीबी हारेगा - चित्रकूट जीतेगा अभियान की सफलता की उम्मीद जताई और सभी से इसमें सहयोग देने की अपील की। इस अभियान के तहत आकांक्षा समिति और रेड क्रास सोसाइटी ने जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**समारोह में उपस्थित अधिकारी–** इस कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम जनपद के टीबी मुक्त अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, और इसके माध्यम से समाज में जागरूकता फैलेगी तथा लोग टीबी के खिलाफ इस मुहिम में सक्रिय भागीदार बनेंगे।

# हीट वेव से बचाव की कार्य योजना तैयार कर एक सप्ताह के अंदर कराएं सुनिश्चित

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने इस वर्ष लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत कार्य सुनिश्चित किए जाने हेतु तथा हीट वेब से होने वाले नुकसान व बचाव राहत कार्य को समय समय मॉनिटर किये जाने हेतु संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए विभागवार अपनी-अपनी एसओपी तैयार करते हुए हीट वेव से बचाव की कार्य योजना तैयार कर शासन को उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। जनपद स्तर, तहसील स्तर व ब्लाक स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाता है, अपर जिलाधिकारी नोडल अधिकारी जनपद स्तर से, समस्त उपजिलाधिकारी कर्वी ,मऊ, राजापुर, मानिकपुर नोडल अधिकारी तहसील स्तर, समस्त खण्ड विकास अधिकारी कर्वी, मऊ, पहाड़ी, रामनगर, मानिकपुर नोडल अधिकारी ब्लाक स्तर पर उक्त के दृष्टिगत जनपद चित्रकूट में लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत कार्य हेतु विभागवार निम्न कार्य आपेक्षित है।

जिसमें स्वास्थ्य विभाग, चित्रकूट जन जागरूकता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना एवं ग्रामीण स्तर के कार्यकर्ताओं को अलर्ट जारी करना हीट वेव के सम्बन्ध में, सन स्ट्रोक से बचाव के लिए जन सूचना जारी करने के साथ-साथ आपातकालीन स्थिति के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात करना है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध हों तथा स्वास्थ्य केंद्रों को हीट-वेव से किसी भी प्रकार की घटना होने पर 24 घंटे क्रियाशील रहने हेतु निर्देशित किया जाये। डीएम ने समस्त ऑगनवाडी केन्द्रों पर ओआरएस पैकेट की समुचित व्यवस्था कराए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिए। डीएम ने समस्त आंगनवाडी केन्द्रों का लू प्रकोप के अनुसार केन्द्र खोलने के समय में परिवर्तन किये जाने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को संबंधित विभागाध्यक्ष विभागवार अपनी-अपनी एसओपी तैयार करते हुये हीट वेव से बचाव की कार्य- योजना तैयार कर आपदा प्रबंधन विभाग को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज से स्कूल चलो अभियान 2025 का किया गया शुभारंभ

**● जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज से स्कूल चलो अभियान 2025 का शुभारंभ मा. जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। आज स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बरेली से स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व छात्र-छात्राओं ने आत्मसात किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत नव प्रवेशी बच्चों को जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने टीका लगाकर उनका माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उन्हें स्कूल बैग वितरित किया साथ ही पहले से अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तक व स्कूल बैग का वितरण किया। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को अपने मध्य प्रकार बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए सभी शिक्षक गणों से कहा कि आप लोग अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें बच्चों को मेहनत से पढ़ायें ताकि वह बच्चे जब स्कूल से निकले तो अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें कि मैं प्राइमरी स्कूल से पढ़कर आया हूं। शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनमानस के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं जिनके क्षेत्र में बेहतर कार्य हुए हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों व उपस्थित शिक्षक गणों से कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत आप लोग ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराएं, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार है आप सभी लोग गांव-गांव में इसका व्यापक प्रचार करें, लोगों को अपने बच्चों का नामांकन विद्यालयों में कराने के लिए प्रेरित करें सभी शिक्षक बच्चों को अच्छे ढंग से पढ़ायें, साथ ही वर्तमान में गर्मी के दृष्टिगत हीटवेव (लू) से बचाव के तरीके बताएं तथा संचारी रोगों के बारे में भी बच्चों को जागरूक करें एवं अपने-अपने विद्यालयों में पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं तथा स्कूलों में खाली स्थान पर पेड़ लगवाएं। स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी शिक्षकों को निर्देश दिए कि आप लोगों के स्कूल में जो बच्चे पढ़ते हैं उनका भविष्य आपके हाथ में है इसे सिर्फ नौकरी मानकर कार्य न करें बल्कि बच्चों को अच्छे से शिक्षा दें स्कूलों में क्रिएटिव एजुकेशन पर फोकस करें, विभिन्न कार्य करने वाले लोगों जैसे बढ़ाई, कुम्हार आदि लोगों को बुलाए तथा उनके माध्यम से बच्चों को स्किल के बारे में भी सीखने का प्रयास करें। स्कूल चलो अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन स्कूलों में कराएं। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में जनपद अमेठी के 1570 विद्यालयों में 148000 बच्चे पंजीकृत थे, आज 1 अप्रैल से नया सत्र प्रारंभ हुआ है जिसके तहत नए बच्चों का नामांकन प्रारंभ हो गया है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि अपने-अपने बच्चों का नामांकन स्कूलों में अनिवार्य रूप से कराएं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से विद्यालयों की तस्वीर बदल रही है समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका



विद्यालयों को उच्चीकृत किया गया है, नवीन डायट भवन एवं बीएसए कार्यालय का निर्माण तथा समस्त बीआरसी कार्यालय पर वृहद मरम्मत कार्य कराए गए हैं, 1570 विद्यालय 16 से 19 पैरामीटर पर संतृप्ति हो गए हैं, 19 विद्यालयों को पीएम श्री के रूप में चयनित किया गया है, 207 विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का निर्माण कराया गया है, 135 प्राथमिक विद्यालयों के जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण कराया गया है, 18 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण कराया गया है। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत 2431 शिक्षक/शिक्षिकाओं को टैबलेट प्रदान किए गए हैं, 186 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की गई है, 13 बीआरसी केंद्रों पर आईसीटी लैब की स्थापना की गई है, पूर्व प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत 899 विद्यालयों में लर्निंग कॉर्नर, 142 विद्यालयों में आउटडोर प्ले मैटेरियल, 732 विद्यालयों में वण्डर बॉक्स, 83 विद्यालयों में बाला फीचर्स एवं 148 विद्यालयों में शिशु डेस्क एवं इंटरलॉकिंग फोर्म मैट प्रदान की गई है, समस्त विद्यालयों में गणित किट, समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में गणित एवं विज्ञान किट तथा समस्त विद्यालयों में लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। सामुदायिक शिक्षा के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से अध्यनरत छात्र-छात्राओं को प्रत्येक वर्ष ?1200 की धनराशि प्रदान की जा रही है, अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य-पुस्तक एवं स्कूल बैग दिया जा रहा है। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में पंजीकृत कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया।

# रामगोपाल त्रिपाठी की सेवा निवृत्ति पर भावुक हुए शिक्षक व क्षेत्रवासी, दी भावभीनी विदाई

**●छात्रों के जीवन को दिशा देने वाले रामगोपाल त्रिपाठी हुएं सेवा निवृत्ति**



स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** शिक्षा के क्षेत्र में 35 वर्षों तक अपने योगदान से छात्रों के जीवन को दिशा देने वाले रामगोपाल त्रिपाठी की सेवा निवृत्ति पर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, छात्रों और ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इंटर कॉलेज अंबारा पश्चिम में अध्यापन करने वाले श्री त्रिपाठी न केवल एक कुशल शिक्षक रहे, बल्कि अपने सरल स्वभाव और अनुशासनप्रियता के कारण सभी के प्रिय भी बने रहे। उनकी विदाई के अवसर पर प्रबंध समिति के लोगों ने एक भव्य समारोह आयोजित किया। जहां सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों और पूर्व छात्रों ने उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय के पूर्व प्रबंधक छंगालाल बाजपेई की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में अध्यक्ष संकर सहाय बाजपेई व उप प्रबंधक श्रीकांत दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा रामगोपाल त्रिपाठी ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अतुलनीय है। उनका मार्गदर्शन और अनुशासन सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। वहीं, उनके सहकर्मी शिक्षक भी इस अवसर पर भावुक हो गए। रामगोपाल त्रिपाठी विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय कार्यकर्ता भी हैं, लेकिन उनकी प्राथमिकता हमेशा शिक्षण कार्य रही। उन्होंने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी सिखाने का कार्य किया। उनकी शिक्षण शैली और अनुशासनप्रियता के कारण उन्हें छात्रों और अभिभावकों से अपार स्नेह प्राप्त हुआ। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि त्रिपाठी जी ने शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। उनके मार्गदर्शन में पढ़े कई छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। समारोह के अंत में रामगोपाल त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि अध्यापन उनके लिए केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक अद्वितीय अनुभव रहा। मुझे गर्व है कि मैंने शिक्षा के माध्यम से समाज की सेवा की। उन्होंने अपने सहकर्मियों व पूर्व शिक्षकों के साथ बीते पलों को याद करते हुए उन्हें प्रणाम निवेदित किया और उनके सहयोग का आभार भी व्यक्त किया। उनकी विदाई से विद्यालय परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में एक भावनात्मक माहौल बन गया। विदाई समारोह का संयोजन सोशल एक्टिविस्ट दिलीप बाजपेई व मुरलीधर ने किया। कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष व शिक्षक नेता अजय बाबू पांडेय ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक शिवचंद तिवारी, प्रधानाचार्य राकेश दीक्षित, बृजेश बाजपेई, उमेश त्रिवेदी, रोहिणी तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी, धंनर तिवारी, दिलीप बाजपेई, गिरीश शुक्ला, अशोक तिवारी, दीपक बाजपेई, बालेन्द्र तिवारी, मीरा दीक्षित, अमन दीक्षित, ग्राम प्रधान राम सरोहन यादव, सरिता त्रिपाठी, सिखा त्रिपाठी, देवेंद्र बाजपेई, विशाल तिवारी, गिरीश त्रिपाठी, त्रयंबकेश्वर दीक्षित, शिवविशाल तिवारी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ईद हिन्दुस्तानी कौमी एकता के लिए मोहब्बत का बेमिसाल पैगाम-प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ईद उल फितर के त्यौहार पर सोमवार को ईदगाहों तथा जलसों में पहुंचकर लोगों को स्वयं तथा रामपुर खास विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मुबारकबाद सौंपी।सुबह से देर शाम तक रामपुरखास के विभिन्न गांवों व कस्बों में पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि ईद के त्यौहार में हम सभी एक साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर मुल्क की हिफाजत तथा तरक्की व खूबसूरती के लिए एकजुटता का शानदार नजारा पेश किया करते हैं। उन्होनें कहा कि ईद के दिन हिन्दुस्तानी तहजीब में सामूहिकता का जो रंग खिला करता है, उससे पूरी दुनिया में हमारी कौमी एकता को नई चमक मिला करती है।उन्होनें कहा कि खुशी और दुआ साझा करते हुए इस त्यौहार पर इंसानियत को मजबूती मिला करती है। उन्होनें कहा कि रामपुरखास में आपसी भाईचारा की मजबूती क्षेत्र को तरक्की के साथ खुशहाली की ओर लगातार आगे बढ़ाए हुए है। उन्होने कहा कि ईद का सच्चा पैगाम यह है कि हम सभी मिलकर जरूरतमंद की मदद करते हुए उनके हक और इंसाफ के लिए संघर्ष को भी मजबूत बनायें। उन्होने कहा कि ईद उल फितर सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकता के लिए देश के त्यौहारों में एक खास चमकीला रंग गाढ़ा किया करता है। खानापट्टी में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने हर साल की तरह इस बार भी ईद की खुशी में बच्चों को अपनी तरफ से आइसक्रीम भी खिलवाई। जश्न ए ईद पर ईदगाहों के समीप बने पाण्डालों व जलसों में मौलानाओं ने भी प्रमोद तिवारी



को गुलाब के फूल तथा इत्र व खजूर भेंट किया।वहीं इलाकाई गुलशन को सजा संवार कर बनाए रखने के लिए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को शाल भेंटकर सम्मानित भी किया गया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज टाउन एरिया के अझारा तथा खालसा सादात में भी लोगों को ईद पर गले लगाकर मुबारकबाद दी।

# ग्रामीण बैंक कार्मिकों के मसीहा दिलीप मुखर्जी की 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** बड़ौदा यूपी बैंक की मुख्य शाखा प्रतापगढ़ में सोमवार को बड़ौदा यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन, आफिसर्स एसोसिएशन एवं सेवानिवृत्त कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन (अरेबिया) के शीर्षतम नेता दिलीप कुमार मुखर्जी की तेरहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सेवानिवृत्त समिति के वरिष्ठ नेता महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि डीके मुखर्जी बैंक में दादा के नाम से जाने जाते थे। उन्होंने सड़क से लेकर संसद और न्यायालय तक लड़कर ग्रामीण बैंक कर्मियों को राष्ट्रीयकृत बैंकों के समान वेतन व अन्य सुविधाओं को दिलाने में सफलता हासिल की। कामरेड वीपी त्रिपाठी ने दादा मुखर्जी का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवा निवृत्त कार्मिक समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि दादा मुखर्जी में बहुत बड़ी दूरदृष्टि थी। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की जनपद स्तर के बैंक की संरचना को राज्य स्तरीय आसन्न पुनर्गठन के स्वरूप को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय ढांचे के रूप में भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक (एनआरबीआई) का गठन हो जाने पर ग्रामीण बैंक देश की सबसे बड़ी बैंक होगी। लगभग 50 साल के सेवा काल में ग्रामीण बैंक की आर्थिक स्थिति का इस मुकाम पर पहुंचना ऐतिहासिक उपलब्धि है। शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सदस्यों का संगठन में विश्वास रखने से प्रबन्धन कर्मचारियों के विरोध में कार्यवाही करने में हिचकता है।कार्यक्रम में सर्वश्री जीएस पाण्डेय, सेवा निवृत्त कार्मिक समिति के



महामंत्री एसएन मिश्र, डीपी सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह,आरपी सिंह, एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक सिंह, आनंद केशरी, राज कमल त्रिपाठी, एसबी सिंह,आकाश श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव व संदीप तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने किया और कहा कि सदस्यों का बैंक के कार्य के प्रति निष्ठा एवं संगठन के लिए लगाव बहुत जरूरी है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ सम्पन्न अलंकरण समारोह ।

**बरवर ।** चंदन लाल इंटर कॉलेज भीनापुर में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा नवीन सत्र 2025 की शुरुआत



संगीतमय सुंदरकांड पाठ से हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संदीप मेहरोत्रा चेयरमैन मोहम्मदी कार्यक्रम अध्यक्ष राजन दुबे गन्ना प्रबंधक जी रहे पूरे विद्यालय में व कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मंशासियन अतिथियों ने पुरस्कृत कर शुभाशीष दी आज इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य व समिति के पदाधिकारी, विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु तथा बच्चे उपस्थित रहे ।

## सूचना अधिकार अधिनियम से चयन संबंधी कुल पांच बिंदुओं पर मांगी गई सूचना

आंगनबाड़ी कार्यकर्ती चयन प्रक्रिया में बड़े स्तर पर की गई धाधली और भ्रष्टाचार के उठ रहे आरोपों के मद्दे नजर कुल पांच बिंदुओं पर आधारित सूचना चाही गई है मांगी गई सूचना में चयन के लिए प्रकाशित विज्ञप्ति चयन संबंधी जारी गाइडलाइन तथा कुल आवेदनों की सूची और उनकी बनाई गई ग्राम पंचायत एवं न्याय पंचायत स्तर पर तैयार की गई मेरिट सूची के सत्यापित छाया प्रतियाँ तथा चयनित अभ्यर्थियों की चयन सूची की सत्यापित छाया प्रतिया चाहि गई हैं अब तो सूचनाए मिलने के बाद एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा होना होगा तय और गड़बड़ी करने के दोषी पाए जाने वाले लोगों पर गिर सकती है गाज।

## नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार बड़ी तादात में पढ़ी गई नमाज

**बिसवां/सीतापुर** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल फितर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, क्षेत्र की सभी ईदगाहों पर ईद की नमाज अदा की गई जिसमें भारी संख्या में अकीदत मंदों ने भाग लिया और मुल्क की तरक्की एवं अमन व भाईचारे के लिए दुआ मांगी।

ईद के अवसर पर ईदगाह में भारी संख्या में लोग ईद की नमाज अदा करने के लिए पहुंचे जहां इमाम ईदगाह मौलाना जावेद इकबाल नदवी ने ईद की नमाज अदा कराई। उन्होंने इस मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ईद का त्योहार अच्छे काम करने बुराई से दूर रहने और दूसरों के साथ अच्छा सुलूक करने तथा जरूरत मंदों की मदद करने का पैगाम देता है। मौलाना जावेद इकबाल नदवी ने इस मौके पर लोगों से अपील की, कि रमजान के मुबारक महीने में जिस तरह से अल्लाह की इबादत की है ,आगे भी नमाज अदा करने, और दूसरों की मदद करने का काम करें। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा।

## कृषि महाविद्यालय में बने बेस्ट कंपोस्ट पिट का किया अवलोकन और की सराहना।

सीतापुर 31 मार्च 2025 इनफॉरमेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी एसआई पी से ऑपरेशन मैनेजर गिरीश मोहन जी द्वारा नगर पंचायत बक्शी का तालाब स्थित चन्द्र भानु कृषि महाविद्यालय मे जाकर पिट कंपोस्टर का अवलोकन किया और नगर पंचायत बीकेटी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न क्रियाकलापों एवं सहयोग की प्रशंसा की इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी इंद्रभान जी, नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश रावत जी, दिनेश रावत जी स्वच्छता ब्रांड अंबेसडर डॉ सत्येंद्र सिंह योगेंद्र शुक्ला जी स्वच्छता विकास सिंह, सफाई नायक इंद्रेश, रामकुमार निर्भय सिंह अजय रावत एवं सैनिक स्वच्छता समिति के अध्यक्ष शंकर नाथ दुबे कोषाध्यक्ष अविनाश वर्मा सदस्य अमरेंद्र पटेल तथा आईटीसी से सुबेन्दु दास, प्रकाश कुमार, लोकेश कुमार आदित्य हुसैन तथा सुभाष द्विवेदी आदि उपस्थित रहे द्य नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय हमारे नगर पंचायत का सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय है इसलिए यहां पर सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाई गई योजनाओं का लाभ महाविद्यालय को मिल रहा है इसमें छात्र-छात्राओं को सीखने का भी अवसर मिलता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए वर्मी कंपोस्ट और जैविक खाद पिट बनाए गए हैं जिस पर किसानों को भी समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है।

# महाकुंभ में वायरल मोनालिसा को फिल्म ऑफर करने वाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा गिरफ्तार!

## लगे रेप, मारपीट और गर्भपात कराने के आरोप

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** महाकुंभ में वायरल मोनालिसा को फिल्म ऑफर करने वाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा गिरफ्तार, कर लिए गए। उनके ऊपर रेप, मारपीट और गर्भपात कराने के आरोपी बनाए गए है। शिकायत के अनुसार, आरोपी पिछले चार वर्षों से उसके साथ मुंबई में लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था। उसने आरोप लगाया कि उसे तीन बार गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया गया। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म में काम करने का ऑफर देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उन पर बलात्कार के साथ मारपीट, गर्भपात कराने, धमकी देने का आरोप है. आरोप है कि सनोज मिश्रा ने एक छोटे कस्बे से आने वाली, लड़की के साथ ना केवल बलात्कार किया बल्कि तीन बार उसका गर्भपात भी कराया. सेंट्रल दिल्ली पुलिस के नबी करीम थाने की टीम ने निर्देशक सनोज मिश्रा को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है. 6 मार्च 2024 को 28 वर्षीय महिला की शिकायत के आधार पर बलात्कार, मारपीट, गर्भपात कराने, धमकी देने की धाराओं के तहत थाना नबी करीम में एफआईआर दर्ज की गई थी. पीड़िता की शिकायत के अनुसार, आरोपी पिछले चार वर्षों से उसके साथ मुंबई में लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था. उसने आरोप लगाया कि उसे तीन बार गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया गया. उसने एफआईआर में आरोप लगाया है कि 18 फरवरी 2025 को आरोपी, शिकायतकर्ता को नबी करीम के होटल शिवा में लाया और शारीरिक संबंध बनाए. बाद में वह उससे शादी करने के अपने वादे से मुकर गया. इसके बाद शिकायतकर्ता ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अपने बयान में भी आरोपों का समर्थन किया. जांच के दौरान मुजफ्फरनगर से गर्भपात से संबंधित मेडिकल पेपर एकत्र किए गए. दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है. इसके बाद 45 वर्षीय आरोपी सनोज मिश्रा को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया. जानकारी के अनुसार आरोपी शादीशुदा है और परिवार के साथ मुंबई में रहता है। आरोप है कि झांसे से आरोपी उसे एक रिसॉर्ट में ले गया और नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता ने एफआईआर में यह भी बताया कि आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए और धमकी दी कि अगर उसने विरोध किया, तो वह इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देगा. इसके बाद उसने शादी का झांसा देकर कई बार अलग-अलग जगहों पर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए. इसके साथ ही फिल्मों में काम दिलाने का लालच भी दिया. इस खबर को एनडीटीवी टीम ने संपादित नहीं किया है. यह सिंडीकेट फीड से सीधे प्रकाशित की गई है।)

# सागर हूं मैं। सागर हूं मैं सागर हूं मैं

गौर साहब का सपना हूं ,घरोंदा घर सा अपना हूं मैं,
रानगिर माता का आशीर्वाद हूं, गढ़ पहरा का इतिहास हूं मैं,
अजी हां मध्य प्रदेश की श्वास हूं मैं,
चंद्रा पार्क की शांति हूं, भापेल की क्रांति हूं मैं,
आपचन्द की गुफाओं का इतिहास हूं, एरन जैसा कुछ खास हूं,मैं
अजी हां मध्य प्रदेश की श्वास हूं, मैं।
शिव साहब की कविता हूं , बुंदेली संस्कृति की सविता हूं, मैं
राधा वल्लभ त्रिपाठी का ज्ञान हूं,
आशुतोष राणा का अभिमान हूं मैं,
अजी हां मध्य प्रदेश का शान हूं, मैं।
नंदू लाल की बगिया भी मैं, उदय प्रकाश की वसुधा हूं,
मैं मुकेश का मुम्बई भी,नवीन सागर की नगरी हूं,मैं
मैं हूं पद्माकर की गंगा -लहरी , गोविन्द की तरंग हूं, मैं ,
अजी हां बुंदेलखंड के संग हूं मैं।
कातिकुमार की मुक्तिबोध हूं,राजकुमार की रचनाएं भी ,
मैं हूं भगीरथ की भावना , नामवर का वाद विवाद संवाद भी,
मैं शिव शक्ति सा पावन हूं, वृंदावन सा मनभावन भी, मैं
मैं ओशो का ज्ञान हूं , गौर साहब का दान हूं ,मैं
अजी हां मध्य प्रदेश की शान हूं, मैं ।
राहतगढ़ की निर्मलता हूं, चकरा घाट में काशी हूं, मैं
मैं बंजारा का बलिदान हूं, बुंदेलखंड की जान हूं, मैं
अजी हां मध्य प्रदेश की शान हूं ,मैं ।
अटल पार्क का प्रेम हूं, लाखा बंजारा का डैम हूं मैं,
मैं हूं भूतेश्वर की शक्ति ,नागेश्वर जी की भक्ति भी, मैं
मैं नीलकंठ सा न्यारा हूं, मंगल गिरि सा प्यारा हूं मैं,
अजी हां बुंदेलखंड का दुलारा हूं, मैं ।।

कवि
अमन कुमार

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ती चयन प्रक्रिया चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी जनपद में संचालित बाल विकास एवं पुष्टाहार परियोजना में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे उक्त पदों के चयन में बड़े पैमाने पर रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है सूत्र बताते हैं कि उक्त भर्ती प्रक्रिया में किए गए व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार के चलते तलाकशुदा विधवा और विकलांग महिलाओं को अनदेखा करते हुए या यूं कहें वरीयता क्रम को ताक पर रखकर अपात्र एवं मेरिट में एक दो पायदान नीचे आने वाले लाभार्थियों का चयन करके अपनी-अपनी तिजोरिया भर ली गई हैं ऐसा कई आवेदिकाओ ने आरोप लगाया है उक्त भ्रष्टाचार और चयन में हुई भारी धांधली से आहत शिकायत करता ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र प्रेषित कर मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करवाए जाने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है बताते चलें कि विकासखंड बाकेगंज व विकासखंड मोहम्मदी की ग्राम पंचायत की निवासिनी महिलाओं में ग्राम मुर्तजा अली निवासी निर्मला देवी व अन्य ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित प्रमुख सचिव गृह तथा बाल विकास परियोजना निदेशक को प्रेषित अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह काफी गरीब विधवा व 70% विकलांग की श्रेणी में आने वाली महिला है तथा शैक्षिक योग्यता स्नातक के 37 वर्षीय असहाय विधवा महिला है शिकायत करती का आरोप है कि उसने निराश्रित विधवा विकलांग कोटे से आवेदन किया था उसने अपना आवेदन अपनी ग्राम पंचायत के ग्राम डाकिया जोगी से आवेदन किया था वहीं दूसरी अभ्यासिनी रेखा देवी पत्नी लेखराम है जिनके चयन में भी इसे कम नंबर पाने वाली अभ्यार्थीनी का चयन किए जाने के आरोप लगाए गए हैं उक्त आवेदिका का आरोप है कि उससे उक्त आंगनवाड़ी चयन व काउंसलिंग के समय बतौर रिश्वत मोटी रकम की मांग की गई उक्त राशि दे पाने में असहमति जताई जिसके चलते उसे काउंसलिंग किये बगैर ही भगा दिया गया कि आप जाओ आपकी काउंसलिंग नहीं होगी और चयन के समय उसके आवेदन को अनदेखा करते हुए कम मेरिट अंक पाने वाली अपात्र महिला का चयन कर दिया गया पीड़िता द्वारा उक्त मामले के उच्च स्तरीय जांच किए जाने की मांग की है

# करोड़ों के घोटाले पर शासन प्रशासन ने साधी चुप्पी

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी भले ही सुबे के मुखिया उत्तर प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की कवायद में लगे हैं और इसके लिए जीरो टालरेंस की नीति लागू करने की बड़ी-बड़ी बातें बड़ी-बड़ी मंचों से कर रहे हैं पर जनपद में उनकी भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश के कवायद व जीरो टोलरेंस नीति हकीकत की धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है भ्रष्टाचार के आकंठ मे डूबे जनपद के जिम्मेदार अफसर की नीति नीयत व आचरण की पोल खोलने को काफी है जिले में अरसे से एक ही जगह जमे जिम्मेदारों और अफसरों की अफसरशाही के चलते लोगों का विश्वास योगी सरकार से दिन-व दिन काम होते जा रहा है ताजा मामला जनपद खीरी की विकासखंड बिजुआ का है जहां जिम्मेदार अफसर और एक कंप्यूटर ऑपरेटर के बीच चल रही गहरी डील के चलते विकास को आए सरकारी धन की जमकर लूट किए जाने के आरोपों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है ताजा मामला इस प्रकार बताया जाता है कि विकासखंड बिजुआ में एक दशक से कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर तैनात रामदीप वर्मा कहने को तो ब्लॉक में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर तैनात हैं पर हकीकत में पूरा ब्लॉक यही चलाते हैं बगैर उनकी मर्जी के एक पत्ता तक नहीं हिल सकता है ऐसा लोगों का आरोप है शायद खंड विकास अधिकारी साहब महज हस्ताक्षर बनाने के लिए बैठ गए हो काम कहां कैसे होना है रामदीप वर्मा ही तय करेंगे ऐसा ब्लॉक के जानकार लोगों का आरोप है इसी गहरी पैठ के चलते ठेका कर्मचारी/कंप्यूटर ऑपरेटर ने काफी नामी बेनामी संपत्ति बना डाली लोगों का आरोप है कि उक्त वर्मा ने ब्लॉक बिजुआ में आने वाली अधिकांश ग्राम पंचायतों में इंटरलॉकिंग कार्य कराए गए हैं जिनमें जमकर मनरेगा रेशियों 60ः40 को ताक पर रखकर खुल्लम-खुल्ला मानक विपरीत गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराकर जमकर सरकारी धन की लूट की गई है इंटरलॉक के निर्माण कार्य के लिए नीचे रोडा डाले बगैर इंटरलॉक की ईंट बिछवाआयी गई है और बॉक्सिंग बनाने में पीला ईंट के साथ-साथ मात्र बालू से चुनाई किए जाने के गंभीर आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं यही कारण है कि कई जगह बॉक्सिंग उखड़ रही हैं ग्रामीणों के साथ कई प्रधानों एवं विभागीय जिम्मेदार ने नाम न खोलने की शर्त पर बताया कि प्रत्येक मनरेगा काम पर 30 से 40% का कमीशन ब्लॉक पर देना पड़ता है बाबू कंप्यूटर बाबू आदि को अलग से चढ़वा चढ़ाना पड़ता है सूत्रों के द्वारा लगाया जा रहे आरोपों में उक्त कंप्यूटर ऑपरेटर ने आवास आवंटन में भी प्रति आवास अवैध वसूली का खेल किया ही है गया है साथ ही साथ ग्राम पंचायत में आए शौचालयों का पूरा पैसा डकार लिए जाने के आरोप लगाया जा रहे हैं उक्त ऑपरेटर की यदि आय से अधिक संपत्ति की कराई जाए जांच तो भ्रष्टाचार स्वयं ही खुलकर आएगा सामने और खंड विकास अधिकारी सहित जे ई, ए. पी. ओ मनरेगा पर भी गिरेगी कार्रवाई की गाज अन्य कंप्यूटर ऑपरेटर साहब के द्वारा किए गए उपरोक्त घोटालों की लिखित शिकायत एवं निरंतर खबर चलाई जाने से अपनी गर्दन फसते देख पत्रकार दीपक पंडित पर फर्जी मुकदमा लिखवा कर लक्ष्मी जी के चढ़ा वे के बलबूते जेल भिजवा दिया गया जिससे कि वह जेल के अंदर रहे और उनकी गर्दन सुरक्षित रह सके यदि जिम्मेदारों द्वारा लिया गया मामले का संज्ञान और की गई निष्पक्ष जांच तो कंप्यूटर ऑपरेटर सहित एपीओ मनरेगा व टी ए और जे ई समेत खंड विकास अधिकारी बिजुआ पर भी आएगी कार्रवाई की आंच! इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी बिजुआ से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो साहब का किसी कारण बस फोन ही नहीं उठ सका जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी!

# 186.65 लाख कु गन्ना पेरकर अजबापुर मिल हुई बन्द

स्वतंत्र प्रभात



बरवर। डीसीएम समूह की क्षेत्रीय चीनी मिल अजबापुर के मौजूदा पेराई सत्र का रविवार की रात को समापन कर दिया गया।समापन के दौरान अंतिम ट्राली लाने वाले औरंगाबाद जोन के तिरकोलिया गॉव निवासी किसान गंगा सिंह जिन्होंने इस सत्र में 3700 कु गन्ने की एकल सट्टे पर आपूर्ति की है को साफ स्वच्छ गन्ना आपूर्ति करने के लिये उत्कृष्ट कृषक पुरस्कार दिया गया इस दौरान इकाई प्रमुख ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया व भविष्य के लिये हौसला बढ़ाया।156 दिन चले मौजूदा पेराई सत्र के दौरान मिल ने करीब 186.65 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की और अब तक 692.95 करोड़ रूपये का भुगतान आपूर्ति करने वाले 75,313 किसानों को कर दिया गया है शेष भुगतान भी जल्द से जल्द कर दिया जायेगा इकाई प्रमुख ने किसानों से अनुरोध किया की आगामी वर्ष गन्ने का स्वर्णिम वर्ष होने वाला है इसलिये किसान भाई अधिक से अधिक रकबे में गन्ने की बुवाई करें व लाभ उठायें।25 अक्टूबर 2024 को जिले में सबसे पहले अपना पेराई सत्र प्रारम्भ करने वाली डीसीएम श्रीराम समूह की क्षेत्रीय चीनी मिल अजबापुर ने अपने 28 वें पेराई सत्र के दौरान क्षेत्र का गन्ना समय से आपूर्ति हो इसके लिये करीब 25 लाख कु गन्ना अपनी सहयोगी चीनी मिलों लोनी व रूपापुर को भी आपूर्ति किया। इकाई प्रमुख प्रभात कुमार सिंह व गन्ना विभाग प्रमुख डॉ हरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि चीनी मिल प्रबन्धन अब अपना पूरा जोर गन्ने का उत्पादन बढ़ाने के लिये पेड़ी प्रबंधन, रोग नियंत्रण के लिये कीट नाशक छिड़काव तथा उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों 0118,13235, 15023 व 14201 की बुवाई करवाने पर लगाएगा। पेराई सत्र के समापन अवसर पर इकाई प्रमुख प्रभात कुमार सिंह, प्रोसेस हेड ओएस शुक्ला, डिस्टलरी हेड अजय कपूर, गन्ना विभाग प्रमुख डॉ एच के त्रिपाठी, रीजनल हेड रमेश चौधरी,अतिउल्ला सिद्दीकी, गेट इंचार्ज सूर्य प्रकाश मिश्र, सभी विभागों के विभाग प्रमुख, संजीव श्रीवास्तव योगेश पाण्डेय, अरविन्द सिंह, पंकज सिंह,ब्रजेश मिश्र तथा अन्य तमाम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ईदुल फितर की नमाज के बाद बरोठा में हिन्दू मुस्लिम एकता की दिखी मिसाल

स्वतंत्र प्रभात



**निघासन खीरी।** निघासन ब्लाक के ग्राम पंचायत बरोठा में ईद की नमाज अदा करने के बाद हिन्दू भाई मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गंगा जमुनी तहजीब की मिली एक अलग मिसाल हजरत मौलाना अजीम साहब ने मुल्क में अमन शान्ति आपसी भाईचारे मुल्क की कामयाबी के लिए दुआ मांगी और अपने तकरीर संबोधन में मुसलमान भाइयों को राष्ट्र प्रेम की भावना से प्रेरित किया उन्होंने कहा हमारा वतन हमारी आन बान शान है देश की उन्नति में हम सब की उन्नति है इस मौके पर समाजसेवी अमर प्रकाश शुक्ला प्रधानपति चंद्रहास उर्फ पिंटू , सरस्वती देवी कन्हैया लाल स्कूल के प्रबंधक श्री कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, समाजसेवी राहुल राज ,व पैकरमा , भरोसे राज ,मनोज कुमार, अंजनी कुमार, व अन्य गांव के सम्मानित हिन्दू भाई लोग ईदगाह पर मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद देने पहुंचे

**क्या कहते हे लोग**

1 अमर प्रकाश शुक्ला का कहना हे हमारी संस्कृतिक विरासत एक हे हम सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हे एक दूसरे के त्योहारों को एक साथ हंसी खुशी से मनाते हे ओर एक दूसरे के त्योहारों को बधाई मुबारक बाद पेश करते हे 2- प्रबंधक कृष्ण कुमार विश्वकर्मा का कहना हे हमने मस्जिदों की दीवारों से इबादत की रह सीखी हे शिक्षा का ग्रहण करना मानवता की मंजिल हे हम लोग एक दूसरे के त्योहारों को आपसी सौहार्द से मनाते हे 3- प्रधान प्रतिनिधि चंद्रहास का कहना हे हम सब लोग एक हे हमारी संस्कृति आपसी भाईचारा सिखाती हे जिस पर हमें गर्व हे 4- राहुल राज का कहना हे हमें एक दूसरे के त्योहारों को सादगी से मनना चाहिए जिससे हमारा भाईचारा और मजबूत बना रहे हम लोग एक दूसरे के त्योहारों में शिरकत करके सौहार्द पूर्ण त्योहार मनाते हे!

# बीडीएनडी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह हुआ संपन्न



स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर सीतापुर...** नगर की आवासीय शैक्षणिक संस्था बीडीएनडी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सिवान के असिस्टेंट प्रोफेसर सिद्धार्थ सिंह रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की संस्थापिका मधु सिंह ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है वह अपने परिश्रम के बलबूते अपनी खुद की पहचान बना लेती है विद्यालय की प्रधानाचार्या कंचन सिंह ने कहा प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के जीवन की नींव होती है और यह जितनी मजबूत होगी उतना ही बच्चे का भविष्य बेहतर बनेगा कार्यक्रम के विद्यालय के सर्वाधिक उपस्थिति सर्वश्रेष्ठ यूनिफॉर्म के साथ-साथ विद्यालय में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर अपने बेहतर प्रदर्शन के लिए आलोक वर्मा,अमन वर्मा, कौशल किशोर, अशरफ खान, आलोक यादव, विशाल वर्मा, हिमांशु मौर्य, सत्यम, अंश, तेज प्रकाश राजपूत, अंशिका, अनामिका, अनु पोरवाल, रामजी, आफरीन, तनवी, हरगोविंद, शिवम्, अर्पित, अनुज, अनुराग, अंचल, शिव, दिव्यांशी, अस्मित आदि को अपनी कक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्यरूप से अभय सिंह, दिवाकर अवस्थी, ओमप्रकाश पांडे, जयप्रकाश मौर्य ,संतोष कुमार, प्रीती अवस्थी,राधा शुक्ला, पलक मिश्रा, शालिनी शुक्ला, अनुष्का सहित छात्र व अभिभावक उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक अरुण सिंह आचार्य ने सभी बच्चों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# कोतवाली सदर पुलिस ने लूट की घटना का मात्र 03 घण्टे में किया सफल अनावरण

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 31.03.2025 को थाना कोतवाली सदर पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला शिवनगर शिवालापुरवा में घर में घुस कर हुई लूट की घटना का मात्र 03 घण्टे में सफल अनावरण कर, घटना कारित करने वाले 04 नफर अन्तर जनपदीय गैंग के अभियुक्तों (03 अभियुक्ता व 01 अभियुक्त) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

दिनांक 30.03.2025 को दिन में करीब 12.00 बजे वादिनी श्रीमती वन्दना पाण्डेय पत्नी श्री रामकिशोर पाण्डेय निवासी शिवनगर शिवालापुरवा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी अपने घर में अपने 05 वर्ष के बच्चे के साथ मौजूद थी कि एक आटो नं0 UP27CT5726 उनके घर के सामने आकर रुका जिसमें से एक पुरुष व तीन महिलाएं उतरकर उनके घर में गेट खोलकर घुस गये एक महिला ने वन्दना के गले में चाकू रख दिया व अन्य ने पहने हुये सभी गहना जेवर लूट लिया तथा कमरे में रखा 10,000 रुपया भी लूट लिया इस दौरान इन लोगो द्वारा वादिनी से मार-पीट भी की गयी थी जिसके सम्बन्ध में वादिनी के तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0-282/2025 धारा-309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया। लूट हुये समस्त गहना व जेवर व पैसा लेकर उसी आटो पर बैठकर भाग रहे थे कि सेठघाट चौकी प्रभारी उ0नि0 सुनील कुमार तिवारी व उनकी टीम द्वारा तुरन्त ही पूरे शहर में व आस-पास की सीमाओं पर तलाश करते हुए नाकाबंदी व घेराबंद करायी गयी थी और करीब 03 घण्टे के अन्दर ही इस आटो व इसमें बैठी हुयी 03 महिलाए व चालक पुरुष को लखीमपुर खीरी गोला रोड पर मनिकापुर पुलिस पिकेट के पास पकड लिया गया तथा जामा तलाशी से लूटे गये समस्त जेवरात व नगद पैसे बरामद हुये ।

**नाम व पता वांछित अभियुक्तगण-**

1. रेनू पत्नी अशोक निवासी मो0 खटिकाना थाना कोतवाली नगर जनपद शाहजहांपुर 2. लक्ष्मी पत्नी अजय निवासी मोहनपुर नकटिया थाना कैन्ट जनपद बरेली 3. मुण्डा उर्फ ओमवती पत्नी राजेश निवासी खटिकाना थाना कोतवाली नगर जनपद शाहजहांपुर 4. मोनू पुत्र रमेश चन्द्र निवासी मामनपुर ताजपुर थाना पसगवां जिला लखीमपुर खीरी

**पंजीकृत अभियोग का विवरण**

मु0अ0सं0 282/2025 धारा 309(6)/317(2)/ बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी **बरामदगी** अभियुक्तगण के पास से कुल 9440 रुपये नगद अलग अलग अभियुक्तवार, जेवरात एक जोडी कान का सुई धागा पीली धातु का, एक जोडी पायल की बाली पीली धातु की, एक जोडी पायल सफेद धातु का, एक अदद चाकू अवैध , दो अदद मोबाइल फोन जामा तलाशी से व एक अदद ओटो रिक्शा जामा तलाशी से बरामद होना।